आश्विन शुक्ल पक्ष सप्तमी 12:32 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 51, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



5 अरब वर्ष बाद भी जीवित रहेगी हमारी पृथ्वी 16

250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1 15

## भाजपा विधायक को जड़ा थप्पड़

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **योगेश वर्मा को बार संघ अध्यक्ष और समर्थकों ने पुलिस के सामने पीटा, कुर्ता भी फाड़ डाला**

**अमृत विचार :** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति चुनाव के लिए नामांकन के दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा और बैंक की निवर्तमान अध्यक्ष के पति बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह में जमकर कहासुनी हुई।

गुस्साए अवधेश सिंह ने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद उनके समर्थकों ने विधायक को लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान विधायक का कुर्ता भी फट गया। जिलाधिकारी ने चुनाव स्थगित कर दिया है। शाम को आईजी लखीमपुर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मामले में ट्वीट कर चुटकी ली है। बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक की प्रबंध समिति के चुनाव के लिए नामांकन हो रहे थे। निवर्तमान चेयरमैन पुष्पा सिंह और पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का खेमा मैदान में है। दोनों अपने-अपने डेलिगेट्स के साथ बैंक पहुंचे। थोड़ी देर बाद सदर विधायक योगेश वर्मा भी पहुंच गए। उन्होंने नामांकन पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो रही है। इसी पर पुष्पा सिंह के पति बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह भड़क गए, गुस्से से तमतमाए वे तेजी से विधायक के पास पहुंचे और थप्पड़ जड़ दिया। पीछे से उनके समर्थक भी आ गए और विधायक को पीटने लगे। मारपीट में उनका कुर्ता भी फट गया। इंस्पेक्टर सदर और पुलिसकर्मी रोकते रहे लेकिन स्थिति काफी खराब हो गई। एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत किया। देर शाम आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार लखीमपुर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इधर विधायक के समर्थकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

> विधायक से मारपीट मामले में जांच की जा रही है, जो भी तथ्य पाए जाएंगे, उसके आधार पर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> **-प्रशांत कुमार**, आईजी लखनऊ परिक्षेत्र

## आरबीआई ने यथावत रखा रेपो दर नीतिगत दर में कटौती के संकेत

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10वीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अपेक्षाकृत आक्रामक रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया।



रुख में बदलाव का मतलब है कि आरबीआई मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर नजर रखते हुए जरूरत के हिसाब नीतिगत दर को बढ़ा या घटा सकता है। यह एक संकेत है कि मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक में नीतिगत दर में कटौती को लेकर संभवतः कदम उठाया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने पुनर्गठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार को शुरू हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है। समिति के छह सदस्यों में से पांच ने नीतिगत दर को यथावत रखने के पक्ष में मतदान किया। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं।

## दंगे के 32 आरोपियों का मुकदमा खत्म होगा

### विशेष सचिव ने जिला मजिस्ट्रेट न्याय अनुभाग 5 को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **प्रभारी मंत्री सीसामऊ सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री से की थी मांग**
- **दर्शनपुरवा में 2015 को मोहर्रम जुलूस के दौरान हुई थी हिंसा**

**अमृत विचार :** फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शनपुरवा इलाके में 24 अक्टूबर 2015 को मोहर्रम जुलूस के दौरान धार्मिक पोस्टर फाड़ने के बाद भड़के दंगे के 32 आरोपियों पर से मुकदमा वापस लेने का आदेश शासन ने जारी किया है।

यह क्षेत्र सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां उप चुनाव की घोषणा के बाद प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर 32 लोगों पर लगे मुकदमे को खत्म करने की मांग की थी। आरोप था कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी ने इन लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भिजवा दिया था।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय व भाजपा नेता अनुराग शर्मा ने बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में वर्ष 2015 में मोहर्रम जुलूस में एक धर्म से जुड़े पोस्टर फाड़ने पर सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। पुलिस ने 32 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी के इशारे पर 32 लोगों को झूठे मुकदमे में जेल भिजवा दिया गया था। इस मुद्दे को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री के सामने रखा था। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव मुकेश कुमार सिंह ने जिला मजिस्ट्रेट न्याय अनुभाग 5 (फौजदारी) को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि फजलगंज में हुए दंगे में 32 आरोपियों पर दर्ज अभियोग की वापसी की जाए। भाजपा नेताओं ने बताया कि गुरुवार को मंत्री सुरेश खन्ना कानपुर पहुंचेंगे और मुकदमे के पीड़ित परिवारों से मिलेंगे।

## एक नजर

### झारखंड में वज्रपात से चार लोगों की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार को वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 180 किलोमीटर दूर महुआडांर थाना क्षेत्र के ओरसापाठ गांव में दोपहर में हुई। करीब 13 लोग गांव में एक बगीचे की बाड़ लगा रहे थे और जब बारिश शुरू हुई तो वे एक पुलिया के नीचे शरण ले रहे थे, तभी पास में ही वज्रपात हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रवि भगत ने बताया कि घायलों को महुआडांर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

### असम में 24 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में करीब 24 करोड़ रुपये मूल्य की याबा गोलियां जब्त की गयीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी खेप में से एक है। त्रिपुरा के रहने वाले दो मादक पदार्थ तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। करीमगंज के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने त्रिपुरा सीमा पर स्थित चुरईबारी जांच चौकी पर एक ट्रक को रोका। वाहन की गहन तलाशी लेने पर पुलिस ने 80,000 याबा गोलियां बरामद कीं। दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

# गरीबों को दिसंबर 2028 तक मिलेगा मुफ्त पौष्टिक चावल

### कैबिनेट बैठक : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिया कल्याणकारी योजना को जारी रखने का निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

- **योजना पर व्यय होगी 17,082 करोड़ रुपये की धनराशि**



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पौष्टिक तत्वों से भरपूर चावल की मुफ्त आपूर्ति खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत 17,082 करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2028 तक जारी रखने का बुधवार को फैसला किया। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यानी फोर्टिफाइड चावल लोगों में खून की कमी (एनीमिया) के समाधान और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए अहम माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की प्रक्रिया में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों (लौह, फोलिक एसिड, विटामिन बी12) से भरपूर 'फोर्टिफाइड' चावल कर्नेल (एफआरके) को नियमित चावल (कस्टम मिल्ड चावल) में मिलाया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक फोर्टिफाइड चावल की मुफ्त आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति के लिए कुल वित्तीय योजना 17,082 करोड़ रुपये की होगी। इस व्यय का पूरा वित्तपोषण केंद्र सरकार करेगी। बयान के अनुसार, चावल को पोषक तत्वों से भरपूर बनाने की पहल केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी। इसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा, जिससे कार्यान्वयन के लिए एक एकीकृत संस्थागत तंत्र उपलब्ध होगा।

### 2022 से 2024 तक लागू की गई थी योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में पोषण सुरक्षा की जरूरत बताई थी। सरकार ने कहा है कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस), अन्य कल्याणकारी योजनाओं, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), पीएम पोषण (पूर्ववर्ती एमडीएम) के माध्यम से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति की पहल की गई है। अप्रैल, 2022 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मार्च, 2024 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में चावल पौष्टीकरण पहल को लागू करने का निर्णय लिया था। तीनों चरण सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं और मार्च, 2024 तक सभी सरकारी योजनाओं में पोषक तत्वों से भरपूर चावल देने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

### लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के विकास को मंजूरी

सरकार ने बुधवार को गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एनएमएचसी परियोजना के विकास में लगभग 22,000 नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इसमें 15,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। एनएमएचसी से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण और संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी।

## सीओ जियाउल हक हत्याकांड के सभी 10 दोषियों को उम्रकैद

### जुर्माना भी लगाया गया, सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला

- **जुर्माने की आधी धनराशि डिप्टी एसपी की पत्नी को मिलेगी**



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रतापगढ़ जिले की कुंडा सर्किल के तत्कालीन डिप्टी एसपी (सीओ) जिलाउल हक हत्याकांड में 11 साल बाद फूलचंद यादव समेत दोषी सभी 10 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश धीरेंद्र कुमार ने साथ ही प्रत्येक पर 19,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई कोर्ट ने फैसले में कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि मृतक डिप्टी एसपी जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद को दी जाएगी।

कोर्ट ने बीते 5 अक्टूबर को आरोपी फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटे लाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया था। सभी दोष सिद्ध आरोपियों को बुधवार को सीबीआई कोर्ट ने सजा के प्रश्न पर सुनने के लिए जेल से तलब किया था। सुनवाई के बाद अदालत ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ जुर्माने से उन्हें दंडित किया। अदालत ने एक अन्य आरोपी सुधीर यादव को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

### 2 मार्च 2013 को प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में हुई थी घटना

सीबीआई के विशेष अधिवक्ता केपी सिंह के अनुसार, 2 मार्च 2013 की शाम करीब 7:30 बजे एक जमीन विवाद के चलते प्रतापगढ़ के कुंडा स्थित बलीपुर गांव के प्रधान नन्हे यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद काफी संख्या में ग्राम प्रधान नन्हे यादव के समर्थक हथियारों से लैस होकर बलीपुर गांव पहुंच गए। भीड़ ने बलीपुर निवासी कामता पाल के घर को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर तत्कालीन सीओ कुंडा जियाउल हक, हथिगवां थाना प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला एवं कुंडा थानाप्रभारी सर्वेश मिश्र समेत पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां भीड़ ने पुलिस को घेर लिया। मौके की स्थिति और तनाव को देखते हुए सीओ के साथी पुलिसकर्मी भाग निकले। सीओ जियाउल हक अकेले ही भीड़ को समझा रहे थे। इस दौरान भीड़ ने सीओ जियाउल हक को दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि जमीन पर गिरे हुए जियाउल हक को सुरेश यादव ने बंदूक की बट से मारना शुरू कर दिया। अदालत में गवाहों के द्वारा बताया गया कि सीओ जियाउल हक को बंदूक की बट से मारने के दौरान सुरेश यादव की उनकी ही बंदूक से गोली चल जाने कारण मौत हो गई थी। जिस पर गुस्साए लोगों में से मृतक आरोपी योगेंद्र यादव उर्फ बबलू द्वारा राइफल से गोली चलाकर जियाउल हक की मौके पर ही हत्या कर दी गई थी। इस घटना में चार मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें से एक जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद ने भी पति की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस जांच के दौरान ही शासन ने विवेचना सीबीआई को सौंप दी थी।

## विधानसभा उप चुनाव के लिए सपा ने की छह प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कांग्रेस से समझौते के पहले ही जारी की नामों की सूची**
- **6 में से 5 सीटों पर नेताओं के बेटे-बेटी, पत्नी व रिश्तेदार**

**अमृत विचार :** हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम आने के 24 घंटे के भीतर ही समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उप्र. में 10 सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए 6 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। कांग्रेस से सीट बंटवारे पर समझौता किए बगैर अखिलेश यादव ने पहल करते हुए टिकट वितरण में परिवार पर भरोसा जताया है। हालांकि, सपा ने बुधवार को जो सूची जारी की है, उसमें ऊपर लिखा है- होगा पीडीए के नाम-एकजुट मतदान।

सपा की सूची में अखिलेश यादव के भतीजे, पूर्व सांसद की बेटी, पूर्व विधायक की पत्नी, वर्तमान सांसद की पत्नी, वर्तमान सांसद के पुत्र को प्रत्याशी बनाया गया है। सबसे ज्यादा चर्चित अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर अजित प्रसाद को उतारा गया है। अजीत प्रसाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं। अखिलेश ने अपनी सीट करहल से चचेरे भाई तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। तेज प्रताप बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं। कानपुर की सीसामऊ सीट से नसीम सोलंकी को उतारा गया है। नसीम यहीं से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी हैं। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा को टिकट दिया गया है। शोभावती वर्मा अम्बेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा की पत्नी हैं। मिर्जापुर की मझवां से ज्योति बिंद को उतारा गया है। ज्योति बिंद पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी हैं। केवल प्रयागराज की फुलपुर सीट पर अलग हटकर पूर्व विधायक मुज्जतफा सिद्दीकी को टिकट दिया गया है।

## सड़क हादसे में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद घायल

**सलोन (रायबरेली)।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए। मंत्री की कार उनके एस्कॉर्ट से टकरा गई। उनके घुटने में चोट आई हैं। काफिले की कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। निषाद को प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सुबह संजय निषाद लखनऊ से प्रतापगढ़ के विकास भवन समीक्षा बैठक के लिए जा रहे थे। जहां उन्हें जिला पंचायत सभागार में मत्स्य पालकों की कार्यशाला को संबोधित करना था। लगभग 10 बजे वह रायबरेली के सलोन थाना क्षेत्र के करहिया बाजार के पास पहुंचे थे। तभी एस्कॉर्ट के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे मंत्री की कार एस्कार्ट से टकरा गई।



## जम्मू-कश्मीर में गोलियों से छलनी मिला जवान का शव

श्रीनगर, एजेंसी

- **अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ अभियान में हुआ था लापता**

सेना के मंगलवार से लापता जवान का गोलियों से छलनी शव बुधवार सुबह अनंतनाग जिले में बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्रादेशिक सेना (टीए) की 162 यूनिट का एक जवान मंगलवार को होरनाग शंगुस वन क्षेत्र में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान लापता हो गया था। आतंकियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह सैनिक का गोलियों से छलनी शव बरामद हुआ।

दिन में सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा था कि एक खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सैनिक लापता हो गया था। चिनार कोर ने एक्स पर कहा था कि सेना ने 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के समन्वय से काज़वान वन, कोकेरनाग में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। इस दौरान प्रादेशिक सेना के दो जवान कुछ जानकारी की पुष्टि के लिए वन क्षेत्र में गए थे जहां उनका आतंकवादियों से आमना-सामना हुआ। दो टीए सैनिकों में से एक भागने में सफल रहा और पहाड़ी से नीचे गिरकर घायल हो गया।

## इस बार तीन वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल

- **प्रोटीन संरचना पर काम करने के लिए मिला सम्मान**

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार इस साल डेविड बेकर, डेमिस हस्साबिस और जॉन जंपर को प्रोटीन की संरचना का पूर्वानुमान लगाने और डिजाइन करने संबंधी कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा की। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष हीनर लिन्के ने कहा कि इस पुरस्कार से उस अनुसंधान को सम्मानित किया जाएगा जिसने अमीनो एसिड की श्रृंखला और प्रोटीन संरचना के बीच कड़ी जोड़ी है। उन्होंने कहा कि रसायन विज्ञान में इसे दरअसल एक बड़ी चुनौती कहा जा रहा था और खासतौर पर जैव रसायन में दशकों से यह चुनौती बना हुआ था। इसलिए इस उपलब्धि को सम्मान के लिए चुना गया है। बेकर सिएटल में यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में जबकि हस्साबिस और जंपर लंदन में गूगल डीपमाइंड संस्थान में काम करते हैं।

## विजयादशमी पर योगियों की अदालत में दंडाधिकारी होंगे आदित्यनाथ

### गोरक्षपीठ में नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद विवादों पर देंगे निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** गोरक्षपीठ में विजयादशमी का दिन एक और मायने में भी विशेष होता है। इस दिन यहां नाथपंथ की अवधूत भेष 12 पंथ योगियों की पात्र पूजा के बाद लगने वाली अदालत में गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संत योगियों के विवादों पर सुनवाई करेंगे और दोषियों को दंड देंगे।

नाथपंथ की परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष 12 पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इस पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर संतों के आपसी विवाद सुलझाते हैं।

विवादों के निस्तारण से पूर्व संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है। पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन के लिए भी जाना जाता है। यदि किसी संत के विरुद्ध कोई शिकायत सही पाई जाती है या नाथ परंपरा के विरुद्ध किसी गतिविधि में संलिप्त मिलता है तो गोरक्षपीठाधीश्वर संबंधित संत पर कार्रवाई का निर्णय लेते हैं। सजा व माफी दोनों का अधिकार पात्र देवता को होता है। पात्र पूजा के दौरान संतों की अदालत करीब तीन घंटे लगती है। इस दौरान किसी को भी पूजा परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होती। पूजा में केवल वही संत व पुजारी हिस्सा लेते हैं, जिन्होंने नाथ पंथ के किसी योगी से दीक्षा ग्रहण की है। पूजा के दौरान सभी को अपने गुरु का नाम बताना पड़ता है।

### आज से तीन दिन विशिष्ट आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री योगी

शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ गोरखपुर में शारदीय नवरात्र में गुरुवार से गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनवरत तीन दिन अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे। अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे। जबकि शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन करेंगे। शनिवार को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयादशमी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से होंगे राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में होंगे। 25 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित भारतीय ओलंपिक संघ की आमसभा की बैठक में इसका पूरा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के साथ ही विंटर नेशनल गेम का आयोजन भी उत्तराखंड होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की जिम्मेदारी मिली है।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री का आवास किया गया सील

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भाजपा के इशारे पर आवास जबरन खाली कराने का आरोप**

दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में आरोप लगाया कि सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर जबरन खाली कराया गया, क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना इसे भाजपा के एक नेता को आवंटित करना चाहते हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बयान में कहा गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का सामान भी आवास से हटा दिया गया है। आतिशी से पहले इस आवास में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। बयान में दावा किया गया है कि बंगला किसी महत्वपूर्ण भाजपा नेता को आवंटित करने की योजना है। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा था कि अधिकारी मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित नहीं कर रहे हैं और वहां उनका कैंप कार्यालय भी खाली करा दिया गया है।

# साढ़े 8 करोड़ से बनेगा पालिका का नया भवन

## शासन को भेजा गया प्रस्ताव, मंजूरी मिलते ही शुरू होगा काम, सदर कोतवाली के सामने की 1150 वर्ग मीटर भूमि चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जल्द ही नगर को पालिका का नया भवन देने की तैयारी शुरू हो गई है। इस क्रम में शासन को साढ़े आठ करोड़ की डीपीआर बनाकर प्रेषित की गई है। मंजूरी मिलते ही काम भी शुरू करा दिया जाएगा। नए भवन के लिए जमीन भी चिन्हित कर ली गई है।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत शासन से प्रस्ताव मांगा गया था। इस क्रम में करीब साढ़े आठ करोड़ की डीपीआर बनाकर भेजी गई है। जानकारी दी कि नए भवन के लिए कोतवाली सदर के सामने की भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। करीब 1150 वर्गमीटर क्षेत्रफल की इस जमीन में ही निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान भवन काफी पुराना हो चुका है और यहां सभी अधिकारियों के बैठने की पर्याप्त कमरे नहीं हैं। समय के साथ नगर की आबादी और पालिका क्षेत्र बढ़ गया है। काम भी बढ़ा है लेकिन


जानकारी देते नगर पालिका के ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी। अमृत विचार

पर्याप्त कक्ष नहीं होने से कामकाज में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि बैठक के लिए भी सभागार की कमी है। पार्किंग की भी समस्या है, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही आने वाले लोगों के वाहन भी सही तरीके से खड़े नहीं हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में यह दफ्तर है, इसके सामने का मार्ग कई बार ट्रैफिक के कारण जाम का भी शिकार हो जाता है। ऐसे में लंबे समय से पालिका के लिए नए व सभी सुविधा से युक्त भवन की जरूरत महसूस की जा रही थी। शासन से मांगे जाने पर इसका प्रस्ताव भेज दिया गया है। कार्य कौन करेगा और कब तक पूरा होगा, यह सभी बातें इसे मंजूरी मिलने के बाद ही तय हो सकेंगी।


शहर में होर्डिंग्स हटाती नगर पालिका की टीम। अमृत विचार

### अवैध तरीके से होर्डिंग लगाई तो होगी एफआईआर

**कन्नौज।** नगर पालिका ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने कड़ी चेतावनी जारी की है कि अवैध तरीके से किसी ने भी होर्डिंग लगाकर व्यवसाय का प्रचार प्रसार किया तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी। कहा कि कई बार इस तरह की होर्डिंग हटवाई गईं और बिना अनुमति व शुल्क जमा किए न लगाने की चेतावनी दी गई। बावजूद इसके रोज ही इस तरह की छोटी-बड़ी होर्डिंग लगाकर पालिका के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जाता है। लगातार अभियान चलाकर इस तरह की होर्डिंग को हटाया जा रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इसके लिए टीम बना दी गई है। कहा कि जिस किसी को व्यवसायिक होर्डिंग आदि लगाना है वह बकायदा नगर पालिका से अनुमति व शुल्क जमा करके लगा सकता है। अन्यथा की स्थिति में होर्डिंग हटवाने के साथ ही दोबारा लगाने पर संबंधित पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। बुधवार को शहर भर में पालिका की टीम ने छोटे-बड़े होर्डिंग उतार दिए।

# जल्द ही दूधिया रोशनी से जगमग होगा बोर्डिंग मैदान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जल्द ही रात में बोर्डिंग मैदान दूधिया रोशनी से जगमग होगा। अभी एक लाइट नगर पालिका की लगी है। चार लाइटें कालेज प्रबंधन की ओर से लगवाई जा रहीं हैं।

शहर का एकमात्र पर्याप्त जगह वाला बोर्डिंग ग्राउंड अब रात में स्ट्रीट लाइटों की दूधिया रोशनी से जगमग होगा। यहां रात के समय अंधेरा रहता था। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने मैदान के गेट के निकट एक लाइट बीते माह लगवा दी थी। इससे मैदान के कुछ भाग में रोशनी रहती थी जबकि शेष मैदान अंधेरे में डूबा रहता था। इससे रात के समय कौन लोग खड़े हैं यह जानकारी नहीं हो पा रही थी।

अब मैदान की सूरत बदली जा रही है। मैदान के चारों छोर पर एक-एक स्ट्रीट लाइट लगाई जायेगी। इन लाइटों के लग जाने से


कालेज प्रबंधन की ओर से लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटें। अमृत विचार

पूरे मैदान में रात के समय रोशनी होगी। यही नहीं रात के समय भी युवा इस मैदान में खेल सकेंगे। खास बात तो यह रहेगी कि अब कालेज प्रबंध तंत्र इस मैदान को और सुसज्जित करने के लिये पहल कर रहा है।

## सार-संक्षेप


सन्मार्ग के पंडाल में रक्तदान करते कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

### सन्मार्ग के पूजा पंडाल में उमड़े रक्तदाता

**कन्नौज।** नवदुर्गा महोत्सव के दौरान सन्मार्ग संस्था की ओर से पंडाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों ने रक्तदान किया। सन्मार्ग संस्था की ओर से शहर व शहर के बाहर कई आयोजन किये जाते हैं। इसी में नवदुर्गा महोत्सव है। शहर के एसबीएस इंटर कालेज खेल में मैदान में चल रहे उत्सव के पंडाल में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम वैन के साथ पहुंची। सुबह 10 बजे प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव ने फीता काट कर शिविर का उद्घाटन किया। एक-एक कर पहले पदाधिकारियों व फिर संस्था के सदस्यों ने रक्तदान किया। इस मौके पर जिला अस्पताल ब्लड बैंक की टीम के डॉ. विभांशु चतुर्वेदी, लेब टेक्नीशियन गोविंद मिश्रा, प्रमेश पाण्डेय, जैकी, काउंसलर मिथलेश, कर्मचारी संदीप मौजूद रहे। शिविर में 44 सन्मार्ग सस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने प्रतिभाग कर रक्तदान किया। पदाधिकारियों ने बताया कि ब्लड बैंक की ओर से एक डोनर कार्ड भी रक्तदान करने पर मिलता है।


श्रीमती आशा देवी बालिका इंटर कॉलेज खोखो प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

### खेलकूद के साथ महिला सशक्तीकरण का दिया संदेश

**कन्नौज/सौरिख।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिले में महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करने व सशक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। सौरिख के आशा देवी बालिका इंटर कालेज में खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गईं। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत बुधवार को बालिकाओं के लिए खो-खो, दौड़, और अन्य खेल प्रतियोगिताएं कराई गईं। छात्राओं और महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। नारी सुरक्षा और नारी सम्मान पर विशेष जोर दिया गया। महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। आपातकालीन टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। एसपी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं के मन में आत्मविश्वास जागृत करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। सौरिख संवाददाता के अनुसार नगरिया तालपार में स्थित श्रीमती आशा देवी बालिका इंटर कॉलेज में महिला कांस्टेबल अर्चना एवं रितु की देखरेख में कबड्डी, खो खो प्रतियोगिता, रस्साकशी, लेमन स्पून, रेस, म्यूजिकल चेयर, का आयोजन कराया गया। कबड्डी में कक्षा सात, खो-खो में कक्षा 12 एवं रस्साकसी में कक्षा 10 की छात्राओं ने जीत हासिल की। इस दौरान निदेशक दिनेश गुप्ता, प्रदीप दुवे, शिवकुमार समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


बच्चों को श्रम मुक्त करवाते श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं पुलिस।

### अभियान चलाकर बच्चे को श्रम मुक्त कराया

**छिबरामऊ।** बाल श्रम रोकथाम के लिए नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिससे नगर के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम ने एक बच्चे को श्रम मुक्त कराकर लोगों को श्रम विभाग से सम्बन्धित जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय हमराह कांस्टेबल हिमेश रावत तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद नेगी के साथ श्रम विभाग की टीम ने नगर के बस स्टैण्ड, पश्चिम बाईपास मार्केट, होटल, ढाबो, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, मैडिकल स्टोर व मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम भिक्षावृत एवं नशा मुक्त हेतु जागरुकता अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताते हुए सघन चैकिंग अभियान चलाकर एक बच्चे को श्रम मुक्त कराया गया। टीम के सदस्यों ने व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नाबालिग बच्चों से काम न कराएं। क्योंकि कम उम्र के बच्चों से काम कराने से उनके भविष्य का विकास रुक जाता है और शिक्षा बाधित हो जाती है। इसके अलावा मेडिकल स्टोर संचालकों को जानकारी देते हुए बच्चों को नशीली दवाइयां न देने की बात कही।


पूर्व राज्यपाल को चित्र भेंट करते भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव।

# भाजपाइयों को एकता का संदेश

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** शास्त्री नगर में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव के आवास पहुंचे असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले। फर्रुखाबाद जाते समय कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

उन्होंने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर टिप्स दिए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। आपसी मनमुटाव छोड़कर एकजुटता का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि उनके पास 10 जनपदों की जिम्मेदारी है। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, शंभू दयाल गुप्ता, अमरदीप मिश्रा, सचिन गुप्ता, राजीव वर्मा, आंचल गुप्ता, शिवा गुप्ता, शिवम गुप्ता, अजीत वर्मा, विजय कुमार, अमन वर्मा ने माला पहनाई और चित्र भेंट किया।

# स्कूल-कॉलेजों में चला जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- यातायात प्रभारी ने दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत यातायात पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चला रही है। इसी के तहत बुधवार को स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत दुलारे लाल शिक्षा निकेतन स्कूल बहेरिन में स्कूल प्रबंधक अनूप सिंह पाल के सहयोग से जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बताया कि पैदल चलने वालों को सड़क पर कहां चलना चाहिए। सड़क को किस तरह क्रॉस करना चाहिए। लेन ड्राइविंग क्या होती है, ग्रीन क्रॉस कोड किसे कहते हैं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठने पर चालान क्यों हो जाता है, डोरिंग एक्सीडेंट किसे कहते हैं, इससे बचने का तरीका क्या है, ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में प्रभारी ने छात्र एवं छात्राओं को विस्तार से समझाया।


स्कूल में जानकारी देते यातायात प्रभारी आफाक खां और मौजूद बच्चे। अमृत विचार

बताया कि देश में अधिक सड़क दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग के कारण होती हैं। जितनी अधिक स्पीड होती है, उतना ही खतरनाक एक्सीडेंट होता है। ज्यादा स्पीड की वजह से वाहन चालक को टनल विजन (संकीर्ण दृष्टि) की समस्या उत्पन्न होती है। जिससे वाहन चालक की आंखें पूरी सड़क को समय से स्कैन नहीं कर पाती हैं और जब अचानक कोई चीज दाएं या बाएं या सामने आ जाती है तो उस समय निर्णय लेने का समय भी नहीं होता है। इससे दुर्घटना हो जाती है। इसलिए ओवर स्पीडिंग से वाहन कभी नहीं चलाना चाहिए।

दो पहिया वाहन को मंच पर खड़ा कर बताया कि किस तरह से दो ही लोगों के लिए सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं। प्रभारी ने छात्र-छात्राओं से हेलमेट और सीट बेल्ट से संबंधित सवाल पूछे, जिस पर छात्र तालिब अली और आर्यन ने सही जवाब दिए गए। उनको यातायात प्रभारी ने पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया।


गणेश जी की आरती करते तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, चेयरमैन राहुल गुप्ता।


बारात में शामिल राम और लक्ष्मण की झांकी। अमृत विचार

# 101 मनोहारी झांकियों ने मोह लिया मन

संवाददाता, सौरिख

- भाजपा विधायक ने आरती उतारकर किया शुभारंभ

**अमृत विचार।** श्री रामलीला नाटक कमेटी सनातन के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। सकरावा रोड से शुरू हुई राम बारात शहर का भ्रमण करते हुए मंगलवार देर रात सौरिख कोल्ड स्टोरेज पहुंचकर समाप्त हुई। रामलीला स्थल पहुंचकर राम सिया का विवाह संपन्न कराया गया।

श्री रामलीला कमेटी सनातन के तत्वाधान में मंगलवार को 101 झांकियों के साथ कस्बा के सकरावा रोड पर स्थित सौरिख कोल्ड स्टोरेज से शुभारंभ हुआ। शुभारंभ तिर्वा भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, चेयरमैन राहुल गुप्ता एवं कमेटी अध्यक्ष शिवेंद्र प्रजापति भूरे ने भगवान गणेश की आरती एवं फीता काट कर किया।

बारात ऋषि भूमि चौराहा, संजय नगर, सुभाष नगर, लोहिया नगर, सदर बाजार, गांधीनगर, नादेमऊ चौराहा, होते हुए देर रात सकरावा रोड पर स्थित कोल्ड स्टोरेज पहुंचकर ही समाप्त हुई। बारात में श्री राम लक्ष्मण के अलावा भोले बाबा, बाबा खाटू श्याम, माता रानी बजरंगबली समेत 101 झांकियां शामिल थीं।

डीजे की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। लोग झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह राम बारात का कस्बा वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्री रामलीला पुरातन कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र बिहारी जीतू, ओमी चतुर्वेदी विजय राजपूत लालू, समेत कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राम बारात में मुस्तैद होंगे पुलिस व पीएसी जवान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीओ सदर की निगरानी में निकाली जाएगी बारात

**अमृत विचार।** शहर के दो स्थानों पर चल रही रामलीला के दौरान निकलने वाली राम बारात की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिये करीब 400 पुलिस व पीएसी के जवान लगाये जायेंगे।

शहर के ग्वाल मैदान व एसबीएस इंटर कालेज खेल मैदान में राम लीला का आयोजन किया जाता है। कल और परसों इन दोनों रामलीला की तरफ से राम बारात निकाली जायेगी। बारात में आसपास गांव से हजारों दर्शक शहर पहुंचते हैं। इससे शहर में जाम के हालात बन जाते हैं। शहर की गलियां सकरी होने से लोगों को आने व जाने में दिक्कत होती है। बारात के दौरान सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक न हो जाये इस को लेकर एसपी अमित कुमार आनन्द ने खास इंतजाम किये हैं। सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि राम बारात के दौरान उनकी अगुवाईमें करीव चार सौ पुलिस व पीएसी के जवान लगाये जायेंगे। ये बारात के दौरान चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे। राम बारात के दौरान हर 10 मीटर की दूरी पर पुलिस व पीएसी के जवान चलते रहेंगे। अराजकता करने वालों पर नजर रखी जायेगी। बारात के दौरान भद्दे डांस की इजाजत नहीं दी जायेगी। इसके लिये कमेटी से बात कर ली गई है। हुडदंग करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी।


जानकारी देते सीओ सदर कमलेश कुमार।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आलोक पुत्र गौरी शंकर यादव, नि0- ग्राम बीकापुर वार्ड सं0-। नगर पंचायत बीकापुर, जनपद- अयोध्या मेरे बैंक खाता जिसका नं0-16388100010279 है जिसमें मेरा नाम आलोक यादव अंकित है जो कि गलत है जब कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व टी0सी0 में मेरा नाम आलोक अंकित है जो की सही है। अतः मेरे बैंक खाते में मेरा नाम आलोक यादव के स्थान पर सही नाम आलोक अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं अपनी पुत्री हर्षिता उम्र 20 वर्ष की चाल चलन से परेशान हूं। उसके गलत कृत्यों से तंग आकर उसे समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **रामस्वरूप पुत्र स्व राजाराम ग्राम पूरे खिलकटियन का पुरवा मजरे पूरनमऊ पोस्ट भीलमपुर थाना व तहसील ऊंचाहार जिला रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल का अंकपत्र व प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक नं0- 1310524 वर्ष 2001 एवं इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक नं0- 590426 वर्ष 2004 है। वास्तव में खो गया है। **सुभाष कुमार पुत्र राम बलजोर निवासी- ग्राम व पोस्ट धरसौली जय सिंह सुलतानपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने आपने नाम PREM CHAND SINGH से बदलकर PREM CHANaDRA SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे PREM CHANDRA SINGH **पुत्र रामभजन सिंह निवासी 633/237, कृष्णविहार कालोनी फैज़ाबाद रोड, लखनऊ** से जाना पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में गुनगुन (GUNGUN) व जन्मतिथि 03/02/2015 अंकित है, जो गलत है। उसका सही नाम आराध्या (ARADHYA) और जन्मतिथि 02/03/2016 है। अतः उसका सही नाम आराध्या और जन्मतिथि 02/03/2016 अंकित की जाए। **सतीश कुमार तिवारी पुत्र चंद्र शेखर तिवारी निवासी गांव - वाजिदपुर, परगना - मानिकपुर तहसील - कुंडा जिला - प्रतापगढ़**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट गाटा संख्या 462/2 का प्लाट क्षेत्रफल 1716 वर्ग फीट मकान नंबर 2823, नो. कटरा (आनंद नगर), सेंट बेसिल कॉन्वेंट स्कूल, वार्ड नंबर 08, परगना, तहसील व जिला- बस्ती (उ.प्र.) में स्थित, जोकि श्रीमती कमला सिंह पत्नी श्री पाटन सिंह के नाम पर है। निवासी, टुड़ुरा कुवर, टप्पा-पुरैना, परगना-अमोढ़ा, तहसील- हरैया, जिला-बस्ती, उ.प्र. दिनांक 03.05.1978 को उप पंजीयक बस्ती जिला बस्ती (उ.प्र.) के कार्यालय में बुक नं. 1, जिल्द नं. 1123, पृष्ठ 294-298 क्रमांक नं. 1506 में पंजीकृत है उपरोक्त दस्तावेज कहीं गुम हो गया है, यदि के पास उपरोक्त दस्तावेज मिला हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर वजीरगंज, शाखा कार्यालय को सूचित करें अन्यथा बाद में स्वीकार नहीं किया जायेगा।


**जलालाबाद में धूम** | श्री रामलीला महोत्सव समिति की ओर से जलालाबाद में निकली बारात, लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उत्साह से किया स्वागत

# 27 झांकियों के साथ धूमधाम से निकाली गई प्रभु राम की बारात

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार।** श्री रामलीला महोत्सव समिति के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात पर जगह-जगह पुष्प वर्षा हुई और मिठाई बंटी।

मंगलवार की देर रात जलालाबाद में राष्ट्रीय परिषद सदस्य स्वदेशी जागरण मंच प्रदीप मिश्रा, संघ की जूली शुक्ला व जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा गीता पाठक ने श्रीराम की आरती कर गणेश पूजन किया और श्री राम बारात का फीता काटकर शुभारंभ किया। 27 झांकियों के साथ बारात गांव के मुख्य मार्गो से निकाली गई।


फीता काटकर राम बारात की शुरुआत करते प्रदीप मिश्रा, जूली शुक्ला, गीता पाठक।


राम, लक्ष्मण व गुरु विश्वामित्र की आरती करते नीकेत सक्सेना व जीतू सक्सेना।

श्री गणेश, ब्रह्मा, चंद्रदेव, मां सरस्वती, इंद्रदेव, सूर्य देव, शंकर, राधा कृष्ण, दुर्गा, परशुराम, काली मां, खाटू श्याम, जनक सीता, हनुमान, दशरथ, गुरू वशिष्ठ, भरत, शत्रुघ्न, श्री राम, लक्ष्मण व गुरू विश्वामित्र आदि झांकियां शामिल थी। बारात मोहल्ला पठकाना के विजय नगर से चलकर अखिल नगर, सदर बाजार, जीटी रोड, टिकुरियन मोहल्ला से बसंती कोल्ड स्टोरेज से वापस विजय नगर पहुंची। बारात में शामिल लोगों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। बैंड बाजों की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। शिव तांडव, राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, बाबा खाटू श्याम की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान अध्यक्ष रानू पाठक प्रवण अध्यक्ष सचिन पाठक कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पाठक, ब्रहमशंकर पाठक, अनुज शर्मा, रिंकू पाठक, निकेश सक्सेना, सोनम तिवारी, रोहित पाठक, गौतम दुबे मौजूद रहे। जबकि सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सिटी कमलेश कुमार व कोतवाली प्रभारी आलोक दुबे, जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार चौधरी पुलिस व पीएसी बल के साथ भ्रमण करते रहे।

**आज का मौसम**

गुरुवार को धूप खिली रहने के साथ ही उमसभरी गर्मी पड़ने की संभावना है।

| 33.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06:04 | सूर्यास्त 05:54 |

**अष्टम महागौरी**



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य - दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र- श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

# हास्टल में लटकता मिला इंजीनियरिंग छात्र का शव

## राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस का छात्र था

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

- पड़ोसी हरदोई जनपद का रहने वाला था छात्र
- तिर्वा पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

**अमृत विचार।** इंजीनियरिंग कॉलेज के हास्टल में रह रहे छात्र का फंदे पर शव लटका मिला। शव लटका देखकर साथियों के साथ कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। कॉलेज प्रशासन उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कालेज प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव के पास स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पड़ोसी जनपद हरदोई के मल्लावां थाना क्षेत्र के भरवाराखेड़ा गांव के रहने वाले लालबहादुर का पुत्र अश्वनी (25) कंप्यूटर साइंस का फाइनल इयर का छात्र था। वह हास्टल में रह रहा था। बुधवार को दोपहर ढाई बजे से उसकी क्लास थी। करीब डेढ़ बजे उसके साथी उसे बुलाने के लिए कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से झांककर देखा तो उसका शव अंगौछे के फंदे पर लटक रहा था।

साथी छात्रों की सूचना पर पहुंचे शिक्षकों ने किसी तरह दरवाजे को खुलवाया और अश्वनी को फंदे से उतारकर मेडिकल कालेज ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कालेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने हास्टल में उसके कमरे की जांच की। सूचना पर पहुंचे परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### होनहार छात्र था अश्वनी, कभी कोई शिकायत नहीं मिली

- इंजीनियरिंग कॉलेज की डायरेक्टर रचना अस्थाना ने कहा कि छात्र अश्वनी बहुत ही होशियार और होनहार था। उसकी कभी भी कोई शिकायत नहीं मिलती थी। अचानक पता नहीं क्या हुआ कि उसने यह कदम उठा लिया।

### दो दिन पहले सॉफ्टवेयर कंपनी में मिला था प्लेसमेंट

- डायरेक्टर रचना अस्थाना ने बताया कि अश्वनी फाइनल इयर का छात्र था और नौकरी के लिए फॉर्म भरता रहता था। दो दिन पहले एक सॉफ्टवेयर कंपनी में एचआर पद पर काम करने के लिए करीब नौ लाख रुपये का पैकेज भी मिला था। उसे पढ़ाई के साथ ही नौकरी मिल गई थी, जिससे वह काफी खुश था।

## झगड़े की सूचना पर पहुंचे पीआरवी सिपाही को पीटा

**तिर्वा।** झगड़े की सूचना मिलने पर पहुंचे पीआरवी सिपाही के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। इससे उसकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। सिपाही ने आरोपी के खिलाफ तिर्वा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली तिर्वा में पीआरवी में तैनात सिपाही अशोक कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 6 अक्टूबर की शाम को यूपी 112 पर फोन आया जितेंद्र कुमार के साथ उसका भाई झगड़ा कर रहा है। मौके पर कांस्टेबल किरन, अंकिता व हेड कांस्टेबल धारा सिंह के साथ पहुंचा तो जितेंद्र शराब के नशे में अपने भाई से झगड़ रहा था। सभी ने झगड़ रहे लोगों को शांत कराने का प्रयास किया तो विपक्षी घनश्याम पुत्र सुरेश चंद्र निवासी नुनारी भाग गया। इस पर उसके भाई जितेंद्र ने अभद्र भाषा का प्रयोग करके कार्य सरकार में बाधा डाली। विरोध करने पर आरोपी डंडे से पीटने लगा जिससे उसकी एक उंगली फ्रैक्चर हो गई। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# फंदा लगाकर महिला ने दे दी जान, दहेज हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कपूरापुर गांव में विवाहिता ने फंदा लगा लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाये जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने अतिरिक्त दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। विवाहिता की मौत के बाद परिजन घर छोड़ कर फरार हो गये।

सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव कपूरापुर निवासी सोनू की 23 वर्षीय पत्नी कल्पना का परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने मंगलवार की शाम छह बजे के करीब मकान के अंदर कमरे में फांसी लगा ली। इसकी जानकारी होने पर फंदे से उसे उतार कर मृतका का देवर रवि कुमार जिला अस्पताल लाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल से कोतवाली मेमो भेजा गया। इसी के आधार पर पहुंची मानीमऊ चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मायके पक्ष के लोग जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने दहेज में एक लाख रुपये नकद व बाइक की मांग के आरोप लगाए। कहा कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सोनू व ससुर राम औतार व अन्य परिजनों ने पुत्री की हत्या कर दी। मामले की अभी तक कोतवाली पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। सीओ सदर कमलेश कुमार का कहना है कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### मायके आई महिला की मौत, ससुरालियों पर आरोप

**तिर्वा।** ससुराली विवाहिता के साथ मारपीट कर उसके गांव के बाहर छोड़ आए। घायलवस्था में घर पहुंची महिला को परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुरालियों की मारपीट से मौत हो जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी मुकेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो वर्ष पहले बहन प्रियंका की मैनपुरी जनपद के भौगांव निवासी एक युवक से दूसरी शादी की थी। शादी के बाद ससुरालीजन आए दिन प्रताड़ित करते थे। आठ दिन पहले पति समेत अन्य ससुरालियों ने बहन के साथ मारपीट कर गांव के बाहर छोड़ दिया। मारपीट से गंभीर रूप से घायल बहन को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जंहा बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक लाख न मिलने पर विवाहिता को पीटा

**तिर्वा।** दहेज की मांग पर रुपया न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के बरकागांव राजा निवासी आरती पत्नी दीपू पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पति दीपू, सास रामदर्शनी, जेठ छुन्ना, राजू, जेठानी आरती, ननद कुंती, ननदोई मोहित, ननद रानी अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये की मांग करते हैं। इसके लिए उसके साथ मारपीट करते है। 7 अक्टूबर को पति दीपू, समेत अन्य लोग आए उसे कमरे में बंधक बनाकर जान से मारने की नीयत से मारपीट कर अधमरा कर दिया। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एक नजर

### कब्जा मुक्त कराई गई पंचायत की जमीन

**छिबरामऊ।** कस्बे से सटी आबादी के बीच नगर पंचायत की जमीन पर दबंग किस्म के लोग कब्जा जमाये बैठे है। इसे कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ईओ की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश के बाद नगर पंचायत की जमीन का सीमांकन किया है। नगर पंचायत सिकन्दरपुर के राजस्व ग्राम चितरपुर की गाटा संख्या 123, खेड़ा जगदीशपुर की गाटा संख्या 81, 82 पर कब्जा होने की शिकायत की गई थी। इसी के चलते बुधवार को अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल गौरव भदौरिया व पुलिस बल के साथ पैमाइश कराई। इसके साथ ही नगर पंचायत के कर्मचारियों ने बंजर, नवीन परती की भूमि को चिन्हित कर मेड़बन्दी कराई। अधिशासी अधिकारी ने कहा है कि जो लोग सरकारी जमीन पर कब्जा किये हैं, वे अतिशीघ्र खाली कर दें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### लापता बालकों की गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज।** घर के बाहर खेलते समय दो बालक अचानक लापता हो गए। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई। लेकिन कोई सुराग न लगने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। क्षेत्र के ग्राम धुखरी निवासी सरोजनी पत्नी नारायण शंकर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में कहा गया है कि मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे उसका 10 वर्षीय नाती अमन व 12 वर्षीय रुद्र घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गए। जब वह काफी समय तक घर वापस नहीं आए। तब पास पड़ोस सहित रिश्तेदारियों में खोजबीन की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बालकों की खोजबीन शुरू कर दी है।

### कलेक्ट्रेट में शुरू हुआ चकबंदी न्यायालय

**कन्नौज।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चकबन्दी न्यायालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने कहा कि चेम्बर नं. 49 एवं 50 के मध्य की दीवार को हटाकर यह न्यायालय बनाया गया है। इससे पूर्व अधिवक्ता राजेश कुमार श्रीवास्तव चेम्बर नं. 50 में कार्य करते थे। इस चकबन्दी न्यायालय को अच्छे वातावरण के साथ संचालन किया जाये और अपना-अपना न्यायालय विधिवत चलायें। कहा कि अधिकारी और अधिवक्ता समन्वय स्थापित कर समय से वादो का निस्तारण करायें।

# बिजली एक्सईएन दफ्तर में अब रात को भी बजेगा घंटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- रात ड्यूटी करने वाले पीआरडी जवानों को दी गई जिम्मेदारी
- एक या दो दिन के बाद शुरू हो जाएगी यह नई व्यवस्था

**अमृत विचार।** एक्सईएन विद्युत कार्यालय में रात के समय नियमित घंटा बजाया जायेगा। एक्सईएन ने यह जिम्मेदारी रात में ड्यूटी करने वाले पीआरडी जवानों को सौंप दी है। इससे रात के समय वह जाग कर ड्यूटी करेंगे।

एक्सईएन विद्युत कार्यालय में डे व नाइट की ड्यूटी करने के लिये छह पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगती है। उनको शिकायत मिली की रात में यह पीआरडी के जवान अपने कमरे को बंद कर सो जाते हैं। इससे रात में ड्यूटी लगने का कोई मतलब नहीं रहता है। इसी को देखते हुए एक्सईएन विद्युत मगन सिंह ने इस नई व्यवस्था की शुरुआत करने के लिये पीआरडी जवानों को बुलाया। कहा कि रात में जिन पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगेगी वह रात में बैठ कर ड्यूटी करेंगे। कार्यालय परिसर के मुख्य गेट में ताला लगाने के बाद वह कुर्सी डाल कर बैठेंगे। इसके बाद हर घंटे पर वह कार्यालय परिसर में लगे घंटे को बजा कर लोगों को जगाने का काम करेंगे। इससे बिजली कालोनी या आसपास रहने वालों को रात में भी समय की जानकारी होती रहेगी।

कार्यालय परिसर में घंटा टांगा जायेगा। रात नौ बजे के बाद इसे हर घंटे पर बजाया जायेगा। इससे कार्यालय की सुरक्षा के साथ ही मोहल्ले के लोग भी गहरी नीद में नहीं सोयेंगे। मालुम हो कि बिजली ट्रांसमिशन में पूर्व सैनिकों की ड्यूटी लगी है। वहां पर यह नियमित रात के समय घंटा बजाते हैं। इसी तरह की व्यवस्था अब एक्सईएन कार्यालय में भी रहेगी। इस व्यवस्था से बिजली कालोनी में रह रहे कर्मचारियों के आवासों में चोरी होने का खतरा भी नहीं रहेगा।

# अभियान में छह नमूने भरे गए

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** वर्तमान में शारदीय नवरात्र का पर्व चल रहा है और आगामी दिनों में भी विभिन्न त्योहार हैं। इसको लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग चौकन्ना हो गया है। बुधवार को जिले के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर किशमिश व साबूदाना के नमूने भरे जिनको जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। कोई गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह के निर्देश पर उमेश प्रताप, सहायक आयुक्त खाद्य की तरफ से चेकिंग के लिए टीम का गठन किया गया है। नवरात्र पर्व के अवसर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान में बुधवार को सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में सर्वेश कुमार, अनिल कुमार राठौर एवं अरविन्द कुमार साहू, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने छापा मारकर निकट अन्नपूर्णा मंदिर, तिर्वा स्थित अन्नपूर्णा किराना स्टोर से किशमिश एवं साबुनदाना के दो नमूने, तिर्वा रोड बनियन पुरवा, तिर्वा स्थित शिवम कुमार के प्रतिष्ठान से साबूदाना का एक नमूना, ग्राम पट्टी, ठठिया रोड, तिर्वा स्थित कान्हा किराना स्टोर से किशमिश,साबूदाना के दो नमूने एवं अवधेश किराना स्टोर, रागिनीपुरवा रोड, कन्नौज से सूजी का एक नमूना संग्रहित किया। कुल 06 विधिक नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार अग्रिम कठोर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव चारों बाजारों में आम जनमानस सहित खाद्य कारोबारकर्ताओं को मिलावटी एवं रंगीन खाद्य पदार्थ से होने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धी नुकसान के बारे जानकारी दी । साथ ही मिलावट न करने को लेकर चेतावनी दी।



चेकिंग के दौरान नमूना लेते टीम में शामिल अधिकारी। अमृत विचार

- टीम ने छापेमारी करते हुए मिलावट के प्रति चेतावनी भी दी

## सार-संक्षेप

### करंट लगने से वृद्धा की मौत

**कन्नौज।** मकान की छत पर कपड़े सुखाने गई वृद्धा एचटी करंट की चपेट में आ गई। इसे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। सौरिख थाना क्षेत्र के गांव नगला तेज निवासी वृद्धा विटोली देवी (65) कुछ दिन से अपने मायके सदर कोतवाली के गांव करीमपुर में रह रही थी। बुधवार को वह सुबह के समय स्नान करने के बाद कपड़े सुखाने के लिये मकान की छत पर डालने गई थी। इसी दौरान छत से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गई। इससे चिपक कर उसकी मौत हो गई। परिजनों को इस की जानकारी नहीं हो सकी। जब परिजन मकान की छत पर पहुंचे तो उसे किसी तरह से तार से अलग किया। जानकारी पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### एक इंस्पेक्टर व तीन दरोगा के कार्य क्षेत्र बदले

**कन्नौज।** कानून व्यवस्था को वेहतर करने के लिये एसपी ने एक इंसपेक्टर व तीन दरोगा के कार्य क्षेत्र बदल दिये हैं। मंगलवार देर रात एसपी अमित कुमार आनन्द ने प्रभारी मानवाधिकार प्रकोष्ठ एवं वीआईपी सेल से इंसपेक्टर त्रदीप सिंह को स्थानांतरित कर प्रभारी सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी सौपी है। दरोगा अनन्द कुमार मिश्रा को प्रभारी जिला प्रशिक्षण इकाई से हटा कर प्रभारी वीआईपी सेल के अलावा प्रभारी मानवाधिकार प्रकोष्ट का अतिरिक्त चार्ज दिया है। पुलिस लाइन में रहे दरोगा मोहन लाल को चौकी प्रभारी अनौगी गुरसहायगंज तो प्रभारी सर्विलांस सेल पंकज कुमार को चौकी प्रभारी कस्बा थाना तिर्वा बनाया है।

### रामलीला कमेटी के फिर अध्यक्ष बने सिंटू दुबे

**छिबरामऊ।** रामलीला कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष ने इस बार आयोजन में कराने में असमर्थता जाहिर की। इस पर कमेटी ने पूर्व में अध्यक्ष रहे चुके सिंटू दुबे को एक बार अध्यक्ष देकर आयोजन कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। सिकन्दरपुर में आयोजित होने वाली रामलीला को लेकर बुधवार को कमेटी की बैठक हुई। यहां कमेटी के अध्यक्ष अनुभव ळुक्ला ने पिछले साल आयोजन में आय - व्यय का ब्यौरा सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने निजी कार्यो की व्यस्तता का हवाला देते हुए कार्यक्रम कराने से इंकार कर दिया। कमेटी की खुली बैठक में .प्रमोद दुबे और ओमकार नाथ शुक्ला ने सिंटू दुबे को अध्यक्ष के लिए नाम का प्रस्ताव किया। कमेटी ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिंटू दुबे का समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। गौरतलब है कि सिंटू दुबे इससे पहले भी लगातार 6 वर्षों तक अध्यक्ष पद पर रहते हुए रामलीला का भव्य आयोजन करा चुके हैं। इस वर्ष रामलीला का आयोजन दीपावली के बाद 6 नवंबर से शुरु होगा। रामलीला समिति सरंक्षक के लिए रजनीकांत दुबे को मनोनीत किया गया। इस मौके पर राजेश मिश्रा, ददुआ शुक्ला, विवेक चौबे, बृजनंदन शाक्य, अभय, सोनी सविता आदि मौजूद रहे।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई वृद्धा की मौत

**गुरसहायगंज।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के निकट स्थित सीमांत नगर की घनी बस्ती के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। बुधवार की शाम लगभग 5 .30 बजे वृद्धा सितारा बेगम (60) पत्नी स्वर्गीय अब्दुल वहीद छत पर गई थी। तभी अचानक छत से गुजरी एचटी लाइन की चपेट में आ गई और मौके पर झुलस कर उनकी मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जबकि स्थानीय लोगों में वृद्धा की मौत बीमारी के कारण होने की आशंका जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि वृद्धा बीमार रहती थी और दवा खाकर छत पर लेटी रहती थी। मृतका के पुत्र असलम, सलीम, गफ्फार व पुत्री जैनब है। मृतका के पुत्र ने बताया कि उनकी मां छत पर गई थी करंट लगने से झुलस कर मौत हो गई।



सितारा बेगम।

### बाइक से ट्रक छुआ तो महिला ने चालक को पीटा

**कन्नौज।** बाइक से ट्रक टच हो गया तो सवार महिला ने उसे रोक लिया। इसके बाद गुस्साई महिला ने ट्रक चालक को नीचे खींचकर उसके साथ हाथापाई कर दी। इस दौरान पहुंची पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। तिर्वा क्षेत्र के इस मामले को लेकर कोतवाली में शिकायत नहीं की गई है। घटना का किसी ने वीडियो वायरल कर दिया जो चर्चा का विषय बना है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के तहत मेडिकल कालेज के पास हुई घटना में बाइक सवार युवक एक महिला को बाइक पर बैठाकर कन्नौज की तरफ जा रहा था। इसी दौरान एक ट्रक की हल्की सी टक्कर बाइक में लग गई जिससे दोनों सवार गिरते गिरते बचे। इस हादसे गुस्साई महिला ने ट्रक को रुकवा लिया और फिर खिड़की पर चढ़कर चालक को खींच लिया। थप्पड़ जड़ने के साथ ही हंगामा शुरू कर दिया। इस पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराया और फिर बाइकसवार चले गए। मामले में कोतवाली में कोई तहरीर तो नहीं दी गई लेकिन किसी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया जिसको लेकर चर्चा हो रही है।



ट्रक की खिड़की पर लटकी महिला।

### कोतवाली के निकट बने गेट का होगा जीर्णोद्धार

**कन्नौज।** शहर में ऐतिहासिक विरासत के रूप में स्व. बेनीराम मूलचंद नाम से दो गेट हैं। इनमें एक गेट जर्जर है। जिलाधिकारी ने बैठक में जीर्णोद्धार कराने के साथ ही गेट के ऊपर से निकली एचटी लाइन को शिफ्ट कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभागार में कोतवाली के पास गेट के जीर्णोद्धार के संबंध में कहा कि गेट के सुंदरीकरण के लिए सुयोग्य आर्किटेक्ट से प्लानिंग तैयार कराई जाये। गेट सुसज्जित लगे इस हेतु थोड़ा रचनात्मक ढंग से कार्य करना होगा। इसमें सुंदर लाइटिंग आदि को भी जोड़ा जाये। निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हो इसकी रणनीति पहले से तैयार कर ली जाये। प्राचीन धरोहर को संजोकर रखने के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। कहा कि पूर्व चेयरमैन सुनील उर्फ़ मुन्ना भईया के साथ लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका कन्नौज आदि के सहयोग से गेट का जीर्णोद्धार करवाया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कन्नौज आदि उपस्थित रहे।

# युवा पर्यटन क्लब के बच्चे टूर पर गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा पर्यटन क्लब कन्नौज का गठन किया गया है। इसमें शामिल विद्यालयों के करीब 100 छात्र-छात्राओं को लखनऊ दर्शन के लिए दो स्लीपर बसों से रवाना किया गया। जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन को गति देने एवं प्रदेश के प्राकृतिक, आध्यात्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक आदि के महत्व से संबंधित पर्यटन स्थलों के विषय में जनमानस व पर्यटकों को जानकारी देने के लिए छात्र-छात्राओं को लखनऊ भेजा जा रहा है। वे काकोरी स्मारक, छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, इंदिरा गांधी तारामंडल, रेजिडेंसी, गोमती रिवरफ्रंट आदि स्थलों का भ्रमण करेंगे।

पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ. एम. मकबूल ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 7 से कक्षा 12 के मध्य पर्यटन विषयन में जागरूकता रखने वाले 25-25 छात्र-छात्राओं को मिलकर युवा पर्यटन क्लब का गठन किया गया है। क्लब में कंपोजिट विद्यालय बेहरीन, विकासखंड कन्नौज, उच्च प्राथमिक विद्यालय हैबतपुर कटरा, विकासखंड कन्नौज, राजकीय इंटर कॉलेज समधन, कन्नौज एवं राजकीय अभिनव विद्यालय गंगधरापुर, कन्नौज के कुल 100 छात्र-छात्राएं एवं आठ शिक्षक को लखनऊ भ्रमण हेतु रवाना किया गया है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार उपस्थित रहे।



टूर पर रवाना होने से पहले जिलाधिकारी के साथ बच्चे। अमृत विचार

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** तिर्वा से घर लौट रहे युवक की बाइक में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

तालग्राम क्षेत्र के पलरी निवासी अर्पित कुमार यादव (20) तिर्वा से बाइक खरीद कर लाया था। बाइक का हैंडल बदलने के लिए वह एजेंसी गया था। दोपहर बाद वह लौट रहा था, तभी तालग्राम तिर्वा मार्ग के महानगर के पास पीछे से वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब में मिले फोन से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सीएचसी पहुंचे परिजनों में युवक का शव देख चीख पुकार मच गई। मृतक के बाबा सोनेलाल ने बताया कि पोता ग्राम निकवा स्थित एसजीआर महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके मझले भाई सुमित की 2016 में एक्सीडेंट से मृत्यु हो चुकी है। अब केवल एक भाई शिवम ही रह गया है।



अर्पित कुमार यादव।

**शारदीय नवरात्र** मैया के जयकारों से गूंज रहे दरबार, देवी के छठवें स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई

# मां भगवती के दरबार में उमड़ रहा आस्था का ज्वार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के चलते इन दिनों जिले भर में आस्था का ज्वार उमड़ रहा है। सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही मैया के जयकारे गूंज रहे हैं। कहीं देवी भागवत के सुर हैं तो कहीं दुर्गा सप्तशती का पाठ तो कहीं दुर्गा उत्सव की धूम। शहर के सन्मार्ग दुर्गा उत्सव में तो हर दिन रात की आरती में भक्तों का सैलाब उमड़ता है। बुधवार को माता के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। गुरुवार को सप्तमी की पूजा की जाएगी।

बुधवार को सुबह से ही शहर के सिद्ध पीठ फूलमती देवी, सिंहवाहिनी देवी, काली देवी, काली दुर्गा मंदिर, मौरारी देवी, क्षेमकली देवी आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा रही। भक्तों ने देवी का पूजन कर भोग लगाया और मनौती मांगीं। फूलमती देवी मंदिर के बाहर लगे मेले में भी खरीदारों की भीड़ दिखाई दी।



फूलमती मंदिर में देवी का सजा दरबार। अमृत विचार



फूलमती मंदिर के बाहर खरीदारी करते श्रद्धालु। अमृत विचार

इसी क्रम में घरों में विधिविधान से पूजन, व्रत जारी रहा। सन्मार्ग के दुर्गा उत्सव में देर शाम मैया की आरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने आरती कर पुण्य कमाया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ पूजन संपन्न हुआ। इसी तरह से अन्य देवी दुर्गा पंडालों में भी पूजन का क्रम जारी रहा।

### छिबरामऊ के मंदिरों में भी बही आस्था की बयार

- **छिबरामऊ।** नगर के सौरिख रोड स्थिति सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर सहित नगर के विभिन्न देवी मन्दिरों में श्रद्धालुओं द्वारा मां भगवती के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की गयी। बुधवार को सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु टोलियों के रुप में जयकारों के साथ मैइया के दरबारों मे जाते देखे गये। सम्पूर्ण नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र भी भक्तिमय बन गया है। धूप, अगरबत्ती और यज्ञों से उठने वाला धुंआ वातावरण को सुगन्धित बना रहा है। मां कालिका देवी मन्दिर पर प्रतिदिन हजारों भक्त आकर माथा टेककर माता से सुख समृद्धि की कामना कर मनौतियां मांगते एवं प्रसाद वितरित करते देखे गये।

## एक नजर

### क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर ठगे 55 हजार

**फतेहपुर ।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी बुजुर्ग निवासी महावीर से साइबर ठगों ने क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर 55 हजार रुपये की ठगी की है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें व्यक्ति ने गलत फोटो खींचने की बात कहकर जेल भेजने की धमकी दी। डर के कारण महावीर ने 15,000 रुपये एक अज्ञात व्यक्ति के खाते में बाकी 40,000 रुपये एक अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। 29 जुलाई को फिर से पैसे की मांग हुई जिसके बाद महावीर को ठगी का आभास हुआ। तब उसने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। फतेहपुर साइबर अपराध शाखा ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ठगों के मोबाइल नंबर और बैंक खातों की जांच कर रही है।

### शिक्षक पर छात्रा को बुरी तरह पीटने का आरोप

**फतेहपुर ।** अमौली विकास खण्ड के कस्बे स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पर तीसरी कक्षा में पढ़ रही छात्रा को बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। अमौली कस्बे निवासी विजय कुमार की लगभग आठ वर्षीय नाबालिग पुत्री सोनाली गांव के ही कन्या प्राथमिक विद्यालय की तीसरी कक्षा की छात्रा है। रोज की तरह मंगलवार को स्कूल में पढ़ने गई थी तभी विद्यालय में तैनात शिक्षक ने छात्रा को कुछ सवाल हल करने के लिए दिये। आरोप है कि शिक्षक ने सवाल न हल कर पाने पर छात्रा को डंडे से बुरी तरह पीटा। स्कूल से वापस घर लौटने पर पीड़िता छात्रा ने बुरी तरह पीटने की जानकारी परिजनों को दी। हालांकि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रामरती ने मामले से पूरी तरह अनभिज्ञता जताई है।

### किशोरी से छेड़छाड़ पर आरोपी को ग्रामीणों ने पीटा

**फतेहपुर ।** खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती देर शाम घर से नित्य क्रिया के लिए निकली किशोरी के साथ रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपी ने बदनीयती से छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपी भागने का प्रयास करने लगा। जिसे ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और लात घूसों के साथ पिटाई करने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम सूरज पासवान पुत्र इंदल पासवान बताया है। पीड़िता की मां रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# 18 दिन बाद मिला किशोरी का शव

## दोस्तों के साथ मिलकर प्रेमी ने की थी हत्या, आरोपियों को पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार ।** किशोरी का शव 18 दिन बाद गंगा नदी से बरामद कर लिया गया, शव पूरी तरह से सड़ गया था, परिजनों ने शव की पुष्टी की है। गत दिनों प्रेमी ने नाबालिग प्रेमिका की दोस्तों के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी थी, शव को बोरे में भरकर गंगा नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रेमी और उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया था। गोताखोरों की मदद से 18 दिन बाद पुलिस ने गंगा नदी से शव को बरामद किया है।

एक गांव की रहनी वाली 17 वर्षीय किशोरी बीते 23 सितंबर को रात कंचनपुर गांव के रहने वाले प्रेमी दिलीप पासी के बुलाने पर मिलने गई थी। रात भर प्रेमी दिलीप ने अपने दोस्त डीजी संचालक के गोदाम में रखने के बाद 24 सितंबर को प्रेमिका से घर जाने को कहा तो प्रेमिका ने घर जाने से मना कर दिया। इसी बीच किशोरी के पिता खोजबीन करते हुए थाना पहुंच गए, तो प्रेमी युवक ने प्रेमिका की दोस्त के साथ मिलकर गला घोंटकर हत्या करने के बाद कार से शव को बोरे में भरकर गंगा नदी में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल के दौरान आरोपी दिलीप पासी व उसके दोस्त राज व मोनू को पकड़कर जेल भेज दिया। आरोपी दिलीप की निशानदेही पर पुलिस गंगा नदी में लगातार रेस्क्यूकर रही थी। गोताखोरों की मदद से पुलिस शव बरामद करने के लिए लगातार रेस्क्यू चला रही थी। इसके 18 दिन बाद पुलिस ने गंगा नदी से शव को बोरे से बरामद किया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि शव पूरी तरह से गल गया है। परिजनों ने शव की शिनाख्त कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ससुराल गए युवक की तालाब में डूबकर मौत

**फतेहपुर ।** सदर कोतवाली के आधारपुर गांव में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। युवक ससुराल आया था और जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी हुई, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक युवक का नाम अवधेश है। वह हरदोई जिले का निवासी है। मंगलवार शाम वह अपने ससुराल के पास बने तालाब में डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली, लेकिन रात का अंधेरा होने के कारण तालाब में शव की तलाश नहीं की जा सकी। अवधेश की पत्नी सुमित्रा देवी और उनके दो छोटे बेटे, कुसांत और किशन बेहाल हैं। सुमित्रा ने बताया कि अवधेश दो दिन पहले ही ससुराल आए थे। वह टीबी की बीमारी से ग्रस्त थे, जिसके चलते उनकी आंखों से कम दिखाई देता था। हो सकता है कि अंधेरे में वह घूमते-घूमते तालाब के पास पहुंच गए और गिरकर डूब गए। मामले में डीएसपी सुशील कुमार दुबे ने पुष्टि की कि तालाब में युवक के डूबने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि रात के अंधेरा होने के कारण शव की तलाश नहीं की जा सकी। सुबह शव को निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता फतेहपुर

- मायकेपक्ष ने ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार ।** खखरेरू थाना क्षेत्र के कनपुरवा गांव में एक महिला का शव घर के बाहर आम के पेड़ पर दुपट्टे से लटका मिला। घर वाले आत्महत्या की बात कह रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की। मायकेपक्षे ने ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

मृतका के पिता चन्द्र महेश सोनकर कोट गांव के निवासी हैं। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने लगभग डेढ़ साल पहले अपनी बेटी सपना की शादी प्रमोद सोनकर, निवासी जजरहा, थाना किशनपुर के साथ की थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद से पति प्रमोद, ससुर संजय और सास मीना देवी ने दहेज कम लाने का ताना देकर सपना को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पिता ने बताया कि पिछले छह महीने पहले इन सभी ने उनकी बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया था, जिसके बाद सपना तीन साल की बेटी के साथ अपने भाई भैया लाल के घर कनपुरवा में रहने लगी। कुछ दिनों पहले फिर से पति प्रमोद, ससुर और सास ने सपना के पास जाकर दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने घटना की पुष्टि की है। पिता द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने की बात कही है।

# अपना दल एस ने कांशीराम को अर्पित की श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** अपना दल एस ने बुधवार को कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जहां विस्तार से चर्चा की। अपना दल एस के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल उमराव के मागदर्शन व जिला महासचिव शैलेंद्र पटेल के नेतृत्व में कांशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया। श्री पटेल ने उनके जीवन परिचय व उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अपना दल एस के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल को भी श्रद्धांजलि दी गई। जिला महासचिव ने बताया कि डा. सोनेलाल पटेल का 17 अक्टूबर को निर्वाण दिवस हर साल की तरह इस साल भी मनाया जाएगा। जिसमें सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया संविदाकर्मी, हंगामा

संवाददाता फतेहपुर

- पावर हाउस पहुंचे परिजन व ग्रामीण, लगाए आरोप

**अमृत विचार ।** धाता थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव के पास खराब लाइन को सही करने के लिए विद्युत पोल पर चढ़ा संविदाकर्मी करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। डॉक्टरों ने घायल संविदाकर्मी की चिंताजनक हालत को देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इधर घटना के बाद संविदा कर्मी के परिजन व ग्रामीण पावर हाउस पहुंचे और हंगामा किया।

धाता थाना क्षेत्र के खरसेंडवा गांव निवासी राकेश मिश्रा उर्फ सोनू (36) वर्षीय पुत्र राधेश्याम जो कि कुसुम्भा विद्युत सब स्टेशन में बतौर संविदाकर्मी लाइन मैन तैनात था। वह बेनीपुर गांव के पास विद्युत पोल में चढ़कर टूटे तार जोड़ रहा था तभी अचानक सप्लाई चालू होने से वह करंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गया। जिसे साथी कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से सरकारी एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए नजदीक के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां के डॉक्टरों ने घायल की नाजुक हालत को देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल लाइन मैन के स्वजनों ने पावर हाउस में तैनात एसएसओ पर बिना सूचना विद्युत आपूर्ति चालू करने समेत कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप लगाया। परिजन ग्रामीणों के साथ पावर हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने पावर हाउस के मेन गेट में ताला डाल दिया और दोषी विभागीय कर्मी के खिलाफ कार्रवाई समेत मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। लगभग एक दर्जन गांवों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। हंगामे की सूचना पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने नाराज स्वजनों व ग्रामीणों को घण्टों की मान मनौव्वल के बाद दोषी कर्मी के खिलाफ कार्रवाई समेत मुआवजा दिलाए जाने के आश्वासन देकर शांत करवाया।

# डीडी की कार डिवाइडर से टकराई

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार ।** थरियांव थाना क्षेत्र के आबांपुर हाईवे पर सड़क हादसा हुआ, जिसमें उपनिदेशक पंचायत की कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में उपनिदेशक समेत तीन लोग घायल हो गए। इसमें एक को गंभीर चोटें आई हैं।

थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि हाईवे में लगे दो पोल टूट गए। घायल अवस्था में ग्राम प्रधान एकारी ने सदर अस्पताल पंहुचाया, जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। सुबह करीब 11 बजे मंडलीय उपनिदेशक पंचायत, प्रयागराज जयदीप त्रिपाठी अपनी गाड़ी से जिला आकर एकारी स्थित अंत्येष्टि भवन का निरीक्षण करने जा रहे थे। उनके साथ में अरुण वर्नवाल मंडल सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व रितुराज शर्मा मंडल परियोजना प्रबंधक भी में थे। गाड़ी को चालक संदीप चला रहा था। आंबापुर हाईवे से पांच सौ मीटर पहले गाड़ी अनियंत्रित होकर पोल से टकराते हुए बंद हो गई। जानकारी पर एकारी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमल साहू, एडीओ कौशलेंद्र यादव के लेकर पंहुच गए। सभी घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाकर जिला अस्पताल में पहुंचाया। इसके बाद वहां डीपीआरओ उपेंद्र राज सिंह, जिला समन्वयक विश्वनाथ तिवारी, सुनीत द्विवेदी समेत अन्य लोग पहुंचे। रितुराज शर्मा की हालत ज्यादा खराब है।



घायलों से जानकारी लेते अधिकारी। अमृत विचार

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, महिला घायल

**फतेहपुर ।** लोडर की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठी महिला को उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया है घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।कानपुर के थाना साढ के अंतर्गत बरूई गढ़ निवासी रामू पुत्र मोती एवं मधु पत्नी संजय बाईक द्वारा अमौली की ओर जा रहे थे तभी थाना जहानाबाद के सरायं धरपुर गांव के पास अमौली की ओर से आ रही तेज रफ्तार लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें रामू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जब की मधु के मामूली चोटें आई हैं। घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष अनिरुद्ध द्विवेदी ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# अत्याचार व उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः राजेश

संवाददाता, फतेहपुर

- अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक

**अमृत विचार ।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की मासिक बैठक हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। कहा गया कि समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि इस पर अंकुश न लगा तो सभी पदाधिकारी धरना देने के लिए विवश हो जाएंगे।

जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव के आवास में उन्हीं की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाज में हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यादव समाज के ऊपर फर्जी मुकदमे लिखने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। यदि ऐसा ही होता रहा तो संगठन के सभी पदार्थकारी मिलकर धरने में बैठने का काम करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव अशर्फी लाल यादव ने कहा कि समाज में नौजवानों में नशा सेवन की लत बढ़ रही है। जिस कारण से समाज अंदर ही अंदर खोखला होता जा रहा है। किसी भी परिवार व समाज के लिए नौजवान ही उसका भविष्य होता है। यदि वही नशाखोरी में फंस कर अपना जीवन बर्बाद कर देगा तो भविष्य में आने वाले दिनों में परिवार समाज व देश को एक खतरनाक मोड़ पर लाकर खड़ा कर देगा। मृतक भोज जैसी कुरीति भी समाज में अपने नये स्वरूप में खूब फैल रही है। किसी की मृत्यु के पश्चात बड़े-बड़े भोजन का आयोजन करना न तो शास्त्र सम्मत है और न तो समाज के हित में है। इसलिए समाज के जागरूक प्रबुद्धजनों का कर्तव्य बनता है कि इन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने लिए समाज में जागरूकता पैदा करने का प्रयास करें। इस मौके पर मुन्ना यादव, धीर सिंह यादव, वीर सिंह यादव, शैलेंद्र यादव, संजय यादव, धीर सिंह यादव, नमिता सिंह यादव मौजूद थे।

# हरियाणा की जीत पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** मंगलवार को आए चुनाव परिणाम में हरियाणा में हैट्रिक के साथ तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार रात में अपने आवास पर जमकर आतिशबाजी करते हुए मिष्ठान वितरित किया। वहीं कार्यकर्ताओं का ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेसपर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि जब चुनाव चल रहे थे तब कांग्रेस कह रही थी कि हरियाणा से भाजपा समाप्त हो जाएगी। हरियाणा में भाजपा के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी। हरियाणा के किसानों में नाराजगी है और वहां के पहलवान और महिलाओं में नाराजगी है लेकिन जब चुनाव का परिणाम आया तो उनके सारे कयास बेमतलब साबित हुए। उन्होंने महिला पहलवान विनेश फोगाट के जीतने पर उन्हें जीत की बधाई दी और कहा कि वह भले ही कांग्रेस से जीत कर आईं हों पर वह देश के हित और हरियाणा की जनता के हित में काम करें मेरी शुभकामनाएं उनके साथ हैं।



हरियाणा की जीत पर कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाते प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी।

# महिला रैन बसेरों में केवल महिला वार्डन ही रहेंगी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी डॉ.वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में शासकीय-गैर शासकीय महिला छात्रावास, वर्किंग वूमेन हॉस्टल, महिला रैन बसेरा की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी एसडीएम व क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र मे महिला हॉस्टल, वर्किंग वूमेन हॉस्टल व महिला रैन बसेरों में 07 दिन के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें । डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि महिला हॉस्टल व महिला रैन बसेरों में केवल महिला वार्डन ही रहेंगी। सभी एसडीएम व सीओ को निर्देशित किया कि अष्टमी, नवमी,व दशहरा के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें।



बैठक में मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ . वीके सिंह ।

# सपाइयों ने मनाई कांशीराम की पुण्यतिथि

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने दलितों और पिछड़ों के मसीहा कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई । इस अवसर पर सउनके चित्र पर माल्यार्पण कर सपाइयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि कांशीराम हमेशा सामाजिक न्याय के पक्ष में रहे उन्होंने जीवन पर्यंत संघर्ष कर पिछड़े और दलित समाज के लिए आवाज उठाई।

इस मौके पर कायमगंज विधानसभा के प्रभारी एवं प्रदेश सचिव सर्वेश आंबेडकर ने कहा कि आज जिस प्रकार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीडीए को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रहे हैं वह मान्यवर कांशीराम की सोच को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते सपााई । अमृत विचार

इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने जिला सचिव रामपाल सिंह यादव को समस्त फ्रंटल संगठनों का प्रभारी घोषित किया, साथ ही निर्देश दिया कि समस्त फ्रंटल संगठन आने वाली 15 तारीख तक सभी कमेटियां दुरुस्त कर लें।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष कायमगंज सोमेंद्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष सदर चंद्रेश राजपूत ,लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बंटी यादव, मुजीब उल हसन, शिव शंकर शमा, मुख्तार आलम,विमलेश शर्मा, गौरव यादव,रमेश चंद कठेरिया ,, कार्यक्रम के प्रभारी यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष इजहार खान, निजाम अंसारी ,अमन चतुर्वेदी, अमन सूर्यवंशी एलोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव नागेंद्र यादव ,अरविंद पाल आदि लोग मौजूद रहे।

**सजीं दुकानें** — नेकपुर पुल के निकट लगा है मेला , छोटे बच्चों के लिए झूला है आकर्षण का केन्द्र

# सिंगापुर की थीम पर लगा हैंडलूम हस्त शिल्प महोत्सव

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार ।** जिले में नेकपुर पुल के निकट 1 अक्टूबर से सिंगापुर की थीम पर हैण्डलूम हस्त शिल्प महोत्सव लगा हुआ है। यहां पर तमाम तरह के स्टॉल, बहुत सारे झूले व खाने पीने की दुकाने लगी हुई हैं, जहां पर शहर के बच्चे, बड़े और बुजुर्ग लोग पहुंच कर मेले का लुत्फ उठा रहे हैं और जमकर खरीदारी कर रहे हैं। फर्रुखाबाद हैण्डलूम हस्तशिल्प महोत्सव में आकर्षक साज सज्जा के साथ भव्य तरीके से पंडाल लगाये गये हैं । पंडाल में आकर्षक लाइटिंग से साज सज्जा की गई है , जो आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

फर्रुखाबाद हैण्डलूम हस्त शिल्प महोत्सव में बाहर से आये दुकानदार अपनी -अपनी दुकानें व स्टाल सजाये हुए हैं। घुसते ही आजाद सुपर सॉफ्टी का स्टाल है,जिसमें बच्चों के साथ बड़े भी पहुंचकर सुपर सॉफ्टी का आनंद ले रहे है। महोत्सव में भूत बंगला भी है, जो बच्चों क्या सभी के लिये रहस्य बना हुआ है। हस्त शिल्प महोत्सव में महिलाओं के लिए बाहर से बेहतरीन सूट , जींस पैन्ट, बच्चों के कपड़े तथा लेडीज चूड़ी व कंगन , लेडीज व जेन्टस जूती व चप्पल और बच्चों के लिए आकर्षक खिलौने तथा विभिन्न प्रकार के झूले भी मौजूद हैं। महोत्सव में लजीज व्यंजन के लिए ब्रजभाषी रेस्टोरेंट एण्ड फास्टफूड लगा हुआ है, जहां पर लोग चटकारे मारकर फास्टफूड का मजा ले रहे हैं तथा अमेरिकन भुटटा, बाम्बे की मशहुर भेलपूरी महिलाओं को जी ललचाने पर मजबूर कर रही है। हाथ से बनी हुई बेहतरीन कई प्रकार की कालीनें व तामिल नाडू के कई प्रकार के लजीज पापड़ की वैराटियां , लुधियाना के महिलाओं के लिए गर्म होजरी, राजस्थानी आचार, हैण्डकाफ्ट, आसाम का बैम्बो हैण्डी क्राफ्ट के कई आकर्षक सामान व उपहार मौजूद है जो महिलाओं को बेहद लुभा रहे हैं। फर्रुखाबाद हैण्डलूम हस्त शिल्प महोत्सव के प्रबंधक गौरव दुबे व सुशील ने बताया कि अमृत विचार हिन्दी दैनिक अखबार इस महोत्सव में हमारे मीडिया पार्टनर हैं। उन्होंने बताया कि फर्रुखाबाद हैण्डलूम हस्त शिल्प महोत्सव फर्रुखाबाद के लोगों के साथ ग्रामीण महिलाओं व बच्चों बड़ों को भी लुभा रहा है। फर्रुखाबाद हैण्डलूम हस्तशिल्प सिंगापुर की थीम पर शहर में दूसरी बार लगा है।



मेले में लगा झूला। अमृत विचार



मेले में सजी दुकान। अमृत विचार



मेले में लगी कपड़े की दुकान।

# 25 साल बाद हत्या के मामले में आरोपी दोषी करार

**फर्रुखाबाद।** 25 साल पूर्व गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले में आरोपी न्यायालय ने दोषी करार देकर सुनवाई ले लिए 10 अक्टूबर की तिथि नियत की। 12 जनवरी 1999 को ग्राम पचरौली निवासी राम सिंह पुत्र लायक राम की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

मामले में मृतक राम सिंह के भाई सुखराम ने कहा था कि सुखराम अपने भाई राम सिंह के साथ ग्राम हज्जू नगला निवासी रामफल के घर गये थे। जब दोनों भाई घर के आंगन में पंहुचे तो रामफल के पुत्र आत्माराम नें राम सिंह के पेट में तमंचे से गोली मार दी, जिससे राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने आरोपी आत्माराम को दोष सिद्ध किया है। सजा की सुनवाई के लिए 10 अक्तूबर की तिथि दी है।

## सार-संक्षेप

### घर में हुए विवाद के बाद युवक ने खाया जहरीला पदार्थ,भर्ती

**फर्रुखाबाद ।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव नवादा निवासी रामबाबू के 20 वर्षीय पुत्र अर्पित से घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे अर्पित ने गुस्से में आकर बुधवार सुबह 8 .00 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर घर वाले उसे जिला अस्पताल लोहिया लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे इमरजेंसी में भर्ती कर लिया। ड्यूटी पर ताना डॉक्टर जय सिंह ने बताया जहरीला पदार्थ खाया हुआ 20 वर्षीय युवक अर्पित को लाया गया है उसका इलाज चल रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फर्रुखाबाद ।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बुनियादपुर कुआं खेड़ा निवासी प्रेम पाल का 28 वर्षीय पुत्र नानिकराम की बाइक में बुधवार सुबह 9 बजे गांव के पास ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

### चोरी के माल, जेवर व नकदी सहित गिरफ्तार

**अमृतपुर फर्रुखाबाद ।** बीते 2 अक्टूबर की रात में थाना क्षेत्र के गांव परतापुर कला में राजेश यादव पुत्र सौदान सिंह के यहां लाखों रुपये नकदी सहित सोने चांदी के जेवरातों की चोरी हो गई थी। राजेश ने कस्बा निवासी प्रियांशु पुत्र कल्लू के विरुद्ध थाना अमृतपुर में नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। आज थाना पुलिस ने उक्त प्रियांशु को हरसिंहपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने उसके पास से 10 हजार रुपये नकद, दो सोने की अंगूठी बरामद की हैं।

### वृद्ध महिला को ज़हरीले सांप ने डसा,भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** क्षेत्र के गांव किन्दर नगला निवासी लाडली (63) पत्नी राकेश को ज़हरीले सांप ने डस लिया। उसकी चीख पुकार सुन परिजन उधर दौड़े और उसे सीएचसी लाये जहां उसका इलाज हुआ।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटावा

पत्रांक :–480स्व0भ0वि0/2024–25 दिनांकः– 07/10/24

## अधिसूचना

कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 एवं उसमें दी गई उपधाराओं तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों में दिए गये दिशा निर्देशों के क्रम में ऑनसाइट स्वच्छता व्यवस्था के अन्तर्गत घर / भवन / प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक / पिट / सोख्ता) के संग्रहण, दुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए निम्नलिखित उपविधियां बनाई गई है।इस अधिसूचना से यदि किसी भी व्यक्ति / सामाजिक संस्थान को कोई आपत्ति / सुझाव है, तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद, इटावा में लिखित रूप में अपने सुझाव / आपत्ति दे सकते है।

प्राधिकाः ये उपविधि निम्नलिखित प्रावधानों को लागू करने वाला सक्षम ढांचा है:
(क) उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019
(ख) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन की राष्ट्रीय नीति, 2017
(ग) सीपीएचईईओ मैनुअल आन सीवरेज और फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन 2013
(घ) माडल निर्माण उपविधि 2016 तथा अन्य लागू भवन उपविधि
(ङ) प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉय मेटऐज़ मैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन ऐक्ट – 2013
(च) आईएसकोड 2470 भाग 1 और II, 1985 (1996 रीअफर्म्ड) – सेप्टिक टैंक संस्थापित करने के लिए कार्य व्यवहार संहिता
(छ) केंद्रीय कानून, नियम और विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(ज) जल (प्रदूषण पर रोक और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
(झ) उत्तर प्रदेश के राजकीय कानून जैसे जल और स्वच्छता संबंधी, जैसे कि यू.पी. जलआपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम, 1975, उत्तर प्रदेश जल संस्थान जला पूर्ति एवं सीवरेज उपविधि 2008 तथा अन्य कोई प्रासंगिक राजकीय कानून!

### क्षेत्र (स्कोप)

ये उपविधि नगर पालिका परिषद इटावा की प्रशासनिक सीमा के भीतर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन में संलग्न सभी हित धारकों पर लागू होते हैं, जिसमे सेप्टिक टैंक वाले घरों के मालिक एवं उपयोगकर्ता, सेप्टिक टैंक सफाई आपरेटर तथा निकाय के उपचार और निस्तारण में संलग्न जवाब देह एजेंसियां शामिल हैं। यह उपविधि सभी सार्वजनिक, निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, प्रस्तावित, नियोजित या निकाय इटावा भवनों पर लागू होगा।

### अध्याय–1 (प्रारंभिक)

1. संक्षेप – शीर्षक, विस्तार और आरंभ
(i). इन उपविधियों को नगर पालिका परिषद, इटावा फोकल स्लज एवं सेटेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि, 2023 कहा जा सकता है।
(ii) ये उपविधि उत्तर प्रदेश राज–पत्र (गजट) में प्रकाशित होने की तारीख से नगर पालिका परिषद, इटावा क्रियान्वित होंगे और निकाय की प्रशासकीय परी सीमा के अंदर लागू होगी।

**2. परिभाषा**

(i). फीकल स्लज या सेप्टेज का को ट्रीटमेंट उस प्रक्रिया को कहते हैं जिसमें सीवेज उपचार सुविधा (एसटीपी) में, शहरों के सीवर के जरिए से ले जाने वाले घरेलू सीवेज के उपचार के अलावा, विभिन्न ऑन–साइट स्वच्छता प्रणालियों के फीकल स्लज औ रसेप्टेज (एफएसएस) का भी उपचार किया जाता है।
(ii). ''को–ट्रीटमेंट फैसिलिटी'' का तात्पर्य है ऐसा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जिसमें फिकल स्लज के उपचार के लिए पर्याप्त प्रावधान उपलब्ध हो।
(iii) विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार (DWWT) '' प्रणाली' का तात्पर्य है ऐसी पद्धति से है जिसमें निजी आवासों, आवासीय संकुलों, एकल समुदायों, उद्योगों, संस्थानों या उत्पादन स्थल के निकट अपशिष्ट जल का संग्रहण, उपचार किया जाता है और निस्तारण/दुबारा इस्तेमाल योग्य बनाया जाता है। ये प्रणाली अपशिष्ट जल के तरल और ठोस दोनों घटकों के लिए प्रयुक्त होते हैं
(iv) 'डिस्लजिंग' का तात्पर्य है लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा सेप्टिक टैंक/पिट से फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की प्रक्रिया।
(अ) निस्तारण का तात्पर्य है फीकल स्लज एवं सेप्टेज का अधिसूचित स्थान तक परिवहन एवं निर्वहन
(vi). फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (FSTP) का तात्पर्य है सुरक्षित निस्तारण और दुबारा इस्तेमाल के निर्धारित मानदंड के अनुसार ठोस और तरल घटकों को हटाने वाला स्वतंत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार:
(vii) ''ऑन साइट सेनिटेशन सिस्टम (ओएसएस)'' ऐसी स्वच्छता प्रणाली हैं जो पूरी तरह से निजी/ व्यावसायिक/सरकारी आवास और उसके आस–पास के भूखंड परस्थित होता है। आमतौर पर, भूखंड पर स्वच्छता 'घरेलू शौचालय के समान है, लेकिन इसमें एक ही भूखंड पर एक साथ रहने वाले कई परिवारों द्वारा साझा की जाने वाली सुविधाएं हो सकती हैं।
(viii). आपरेटर का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने और उसके परिवहन के व्यवसाय में संलग्न है।
(ix) 'सैनिटरी लेट्रिन्स का अर्थ होगा सेष्टिक टैंक अथवा कोई ओएसएस अथवा भूमिगत सीवरेज प्रणाली से जुड़े शौचालय और मूत्रालय के प्रकार और बनावट जो गल 'अपचित मल मूत्र) के सुरक्षित परिरोधन और निस्तारण को सुनिश्चित करता हो, जिनमें से प्रत्येक का निर्माण निकाय द्वारा जारी किए गए डिजाइन विनिर्देश और दिशा निर्देश के अनुरूप नियमानुसार किया गया हो
(xi) सेप्टिकटैंक भूमिगत निर्मित टैंक हे जो आंशिक रूप से ठोस जमाव और अवायवीय पाचन के संयोजन द्वारा आंशिक रूप से फोकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार करता है, जिसका निर्माण आईएस कोड 2470 के डिजाइन विनिर्देश या निकाय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किया गया है !
(xii) शेड्यूल्ड डीस्लजिंग का अर्थ है केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की अनुशंसाओं के आधार पर 2–3 वर्षो के अंतराल पर ओएसएस को नियमित रूप से खाली कराने की प्रक्रिया !
(xiii) सेप्टेज का अर्थ है अच्छी तरह डिजायन किए हुए सेप्टिक टैंक से निकलने वाला फीकल स्लज ।
(xiv) सीवेज उपचार संयंत्र का अर्थ उस स्थान से है जहां सुरक्षित निस्तारण और दुबारा उपयोग के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार मल जल का उपचार किया जाता है।

### अध्याय– II
### अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण
### 3. परिसर में अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण

निकाय में प्रत्येक संपत्ति के मालिक / अधिग्राही (जिसमें मौजूद या प्रस्तावित, आवासीय और व्यावसायिक और अन्य शामिल हैं तथा इसी तक सीमित नहीं हैं) यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि उनके परिसर से अपशिष्ट जल को निम्नलिखित तरीके से किसी भी या किसी के संयोजन के माध्यम से उपचार या निस्तारण किया जाता है, अर्थात्
(i) यदि घर की सीमा से 30 मीटर की दूरी या उतनी दूरी जितनी दूर से सीवर कनेक्शन घर तक आ सकता हो, या घर का मालिक कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क अथवा कोई और जरूरत के अनुसार प्रक्रिया पूर्ण कराकर करे ।
(ii) अपशिष्ट जल को एक निकाय अनुमोदित समुदाय या स्थानीय क्षेत्र उपचार सुविधा तक पहुंचाया जाता है !
(iii) यदि संपत्ति के 30 मीटर में कोई सीवर नहीं है, तो मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपशिष्ट जल को साइट की उपचार प्रणाली में ले जाया जाए, जिसमें सेप्टिक टैंक या ट्विन–पिट या सोक–पिट या साइट पर स्थित आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2 के अनुसार निर्मित अन्य प्रणाली शामिल हो सकती हैं।
(iv) वे परिपत्तियाँ जो प्रतिदिन अपशिष्ट जल उत्पन्न करती हैं और उनके परिसर के 2000 वर्ग मीटर से अधिक खुला क्षेत्र है, तो उसमें एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली स्थापित की जाए ताकि संपत्ति में एकत्र अपशिष्ट जल का उपचार किया जा सके। संपत्ति के मालिक द्वारा बागवानी / फ्लशिंग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल का पुनरू उपयोग किया जाए ताकि ताजे पानी पर निर्भरता कम हो !

### अध्याय – III
### ऑन साइट स्वच्छता प्रणालियाँ

4. मालिक या अभिग्राही के कर्त्तव्य और अनुपालन निकाय के दायरे में स्थित किसी भवन या उसके हिस्से का मालिक या अभिग्राही, जैसा भी मामला हो, इन उपविधियों के लागू होने की तारीख से निम्नलिखित दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होंगे:
1. उपविधियों के अनुसार प्राधिकार द्वारा जारी सूचना में निर्दिष्ट समय के भीतर वह ऐसे भवन में इंसेनिटरी लेट्रिन्स उपयोग को बंद कर देंगे और निकटवर्ती सामान्य नालियों या खुले भूखंड या जल निकायों के सभी निर्गम को भी बंद कर देंगे तथा अपने स्वामित्व वाले या अपने उपयोग किए जाने. वाले भवनों में केवल सेनिटरी लेटिन्स का निर्माण, संचालन और उनका रख रखाव करेंगे।

**5. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और रख रखाव**

(i). ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और उनकी स्थापना आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, या इसके समय समय पर किए गए संशोधित प्रावधान अथवा नगर पालिका परिषद, इटावा या राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी किसी अन्य स्वीकृत उपयुक्त अभियांत्रिकी कार्य संहिता द्वारा संशोधित किया गया हो।
(ii). ओएसएस से जुड़ी संपत्ति के मालिक /निवासी ऐसे ओएसएस से निकलने वाले फीकल स्लज के अनुरक्षण, रखरखाव और सुरक्षित निस्तारण के लिए जिम्मेदार होंगे।
(iii) परिसर का मालिक नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा निर्धारित लागत के भुगतान पर नियमित आधार पर (प्रत्येक 2–3 वर्ष में) फीकल स्लज साफ करने का काम करेगा।(अथवा जैसा कि परिशिष्ट 2 में सुझाया गया है।)
(vi). परिसर का मालिक सुनिश्चित करेगा कि कंटेनमेंट संयंत्र के खराब या दोषपूर्ण निर्माण के कारण फीकल स्लज के खुली जगहों में या नाली में गिरने से पर्यावरण प्रदूषित नहीं हो।
(v). परिसर के मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेप्टिक टैंक को लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या नगर पालिका परिषद, इटावा के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ यांत्रिक रूप से साफ किया जाता है और हाथ से सफाई ना हो।
(vi) नियमों के पालन के लिए नगर पालिका परिषद हटावा या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार है। नगर पालिका परिषद, इटावा समय–सीमा के भीतर अपने खर्चे पर अपशिष्ट जल प्रबंधन और निस्तारण से संबंधित नियम उल्लंघन की स्थिति में सुधार / संशोधन के लिए परिसर के मालिक के लिए चेतावनी जारी कर सकता है।
(vii) नगर पालिका परिषद, इटावा अपने विवेक पर गैर–अनुपालन प्रणालियों के रेट्रोफिटिंग / सुधार के लिए संपत्ति मालिकों को प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है और वैकल्पिक प्रणालियों का सुझाव देने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल कर सकता है।

### अध्याय IV
### फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण और ढुलाई के लिए लाइसेंस और पंजीकरण
### 6. निकाय द्वारा जारी किया जाने वाला लाइसेंस

(i). नगर पालिका परिषद, इटावा वर्तमान में अपनी प्रशासनिक सीमाओं में फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की सेवाएँ प्रदान करने वाले निजी आपरेटरों के स्वामित्व वाले या किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकरों को पंजीकृत करेगा।
ii). नगर पालिका परिषद, इटावा अपने कर्मियों सहित ओपेरटरों के लिए आईईसी और क्षमता निर्माण गति विधियाँ करेगा, जहां उन्हें फीकल स्लज एवं सेटेज को सुरक्षित तरीके से खाली करने और ढुलाई के लिए उपयुक्त तरीके से इस्तेमाल करने के लिए जागरुक और प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पंजीकरण की तिथि के 1 महीने के भीतर किया जाएगा।
iii. जब आपरेटर को लगे कि वह लाइसेंसिंग के मानदंडों के अनुपालन में सफल है, तो वह इन उपविधियों के फार्म 1 (परिशिष्ट–4) की मदद से इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसे प्रशिक्षण के पूरा होने के 2 महीने से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।
iv. नगर पालिका परिषद, इटावा आपरेटर द्वारा अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज निकालने और फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई के लिए लाइसेंस जारी करेगा।
v. इन विनियमों के फार्म 2 (परिशिष्ट – 5) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार लाइसेंस जारी किया जाएगा, और यदि इसे पहले रद्दन हीं किया जाता है तो जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा, और अवधि समाप्त होने पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा नियमों और शर्तो की पूर्ति के अधीन नवीकरणीय होगा।

**7. लाइसेंस जारी करने की शर्तें**

1. लाइसेंस हासिल करने के पात्र आवेदक का अर्थ इन उपविधियों के खंड 2 (xxi) में परिभाषित 'व्यक्ति' से होगा!
ii. आवेदक को उचित सक्शन/वैक्यूम और डिस्चार्जिग व्यवस्था के साथ रिसाव मुक्त, गंध और छिलका व रहित परिवहन वाहन का मालिक होना चाहिए या ऐसा वाहन उसे किराए पर लेना चाहिए।
III. इटावा में परिचालन के लिए वाहन का परिवहन विभाग द्वारा जारी वैध पर मिट या पंजीकरण प्रमाण पत्र होगा।
iv. आवेदक अपने वैक्यूम टैंकर को नगर पालिका परिषद, इटावा के साथ पंजीकृत करेगा ।
v. आवेदक का यह उत्तर दायित्व होगा कि उसके स्वामित्व वाले/किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकर इन विनियमों के खंड 16 में दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं।
vi. आवेदक का यह भी उत्तर दायित्व होगा कि नगर पालिका परिषद, इटावा या उसके द्वारा किराए पर ली गई एजेंसी द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त कर्मी पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित हैं।
. आवेदक द्वारा कर्मियों को सुरक्षा उपस्कर और अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों से लैस रखा जाएगा, जो कि सुरक्षित रूप से फीकल स्लज निकालने, उसकी ढुलाई करने और अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करने के लिए आवश्यक हैं। जरूरी पीपीई इस उपनविधि केप रिशिष्ट– 3 में दी गई सूची के अनुसार होगा।

### 8. लाइसेंस के लिए आवेदन

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन एफएसएस का निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इन उपविधियों के फार्म 1 के रूप में संलग्न है, जिसमें नियमों और शर्तो सहित ऐसे दस्तावेजों के साथ जैसा कि निकाय के नामित अधिकारी (परिशिष्ट–4 देखें) द्वारा निर्धारित किया गया हो। नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा सत्यापन एवं प्रशिक्षण के बाद ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का संग्रहण, परिवहन एवं निपटन का लाइसेंस आपरेटर को दिया जायेगा (फार्म–2, परिशिष्ट – 5)।

**9. लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रण–** लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु इटावा द्वारा संभावित आवेदकों को आमंत्रित करते हुए समय–समय पर अपनी वेबसाइट पर और प्रमुख समाचार पत्रों तथा अन्य प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

**10. लाइसेंस के लिए पंजीकरण शुल्क** नए निजी आपरेटरों (फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाला) के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु पंजीकरण पूरा करने के लिए समय–समय पर नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क (**10.1 देखें**) लिया जा सकता है। यह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा और इसका भुगतान इलेक्ट्रानिक या नगद स्वरूप में किया जा सकता है।

10.1 पंजीकरण के शुल्क और वैधता

i). आपरेटर के रूप में नए निजी आपरेटरों को पंजीकृत कराने हेतु पंजीकरण शुल्क रु. 2000
ii) .पंजीकरण की वैधताः पंजीकृत निजी आपरेटर, लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करके अधिकतम 2 वर्षो तक शहर को अपनी सेवा दे सकता है। यदि निजी आपरेटर लाइसेंस नवीनीकरण करने में विफल रहता है तो उसका पंजीकरण स्वतः रद्द हो जाएगा और यदि वह शहर की सीमाओं में फीकल स्लज हटाने वाली सेवाओं को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
iii- लाइसेंस नवीनीकरण शुल्कः रु.1000

### 11. लाइसेन्स धारी आपरेटर का विज्ञापन

नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा समय समय पर अपनी वेबसाइट के साथ–साथ प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से लाइसेस शुदा आपरेटर का व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

### 12. जागरुकता अभियान

इन उपविधियों के बारे में जागरूक करने के साथ–साथ फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई, दुलाई और निस्तारण हेतु नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा लोगों को केवल लाइसेस धारी आपरेटर को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक बनाने का अभियान चलाए जाएगा।

### अध्याय V

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निष्कासन / संग्रहण (डीस्लजिंग) और परिवहन (ढुलाई)**

**13. संपत्ति के मालिक या अभिग्राही द्वारा केवल लाइसेस धारी आपरेटर को काम पर रखा जाएगा**

i. भवन के प्रत्येक मालिक/अभिग्राही का यह दायित्व होगा कि वह फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई के लिए नगर पालिका परिषद, इटावा के लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की ही सेवाएं लें।
ii. मालिक /अधिभोगी डीस्लजिंग सेवा से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी आपरेटर को प्रदान करेगा । (परिशिष्ट–6 देखें)।

**14. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी/ढुलाई का शुल्क**

1. समय– समय पर अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेटेज निकासी और ढुलाई का शुल्क निकाय के नामित अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जाएगा (परिशिष्ट 2 देखें) ।
ii. शहर में जब कभी नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा शेड्यूल्ड 'डीस्लजिंग' पालन करने का फैसला किया जाता है, तो फीकल स्लज निकासी शुल्क को 'सफाई शुल्क' से बदल दिया जाएगा या इसे संपत्ति / जलकर में शामिल किया जा सकता है, जिसे नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाएगा।
iii. 1. लाइसेंस धारी आपरेटर सम्पत्ति के मालिक/अभिग्राही से निकाय द्वारा समय–समय पर अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूलेगा।
iv. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी और ढुलाई कार्य के लिए अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि मांगने पर लाइसेंस धारी आपरेटर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और इन उपविधियों के ।उल्लंघन के लिए निर्धारित जुर्माना लगाया जाएगा।

### 15. फीकल स्लज एवं सेप्टेज कीढुलाई के वाहन

i) फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई कार्य केवल लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या नगर पालिका परिषद, इटावा के प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा।
ii) आवश्यक शर्तो के पूरा नहीं होने पर भी वैक्यूम टेंकर को 2 वर्ष की अवधि के लिए पंजीकृत कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, संबंधित आपरेटर को निश्चित समय सीमा के भीतर वैक्यूम टैंकर को समुन्नत अपग्रेड करना चाहिए!
iii) डीस्लजिंग वाहनों का परिचालन फीकल स्लज एवं सेंटेज की सुरक्षित औरकुशल ढुलाई के लिए समय–समय पर नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा चिह्नित निर्दिष्ट मार्गो पर ही किया जाएगा।
iv) आपरेटर को जारी लाइसेंस की एक प्रति और नगर पालिका परिषद, इटावा वाहन का पंजीकरण नंबर फिकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई हेतु प्रयुक्त वाहन पर स्पष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा !
v) वाहन/टैंकर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में (सावधानी के लिए) "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और 'मलकुंड अपशिष्ट' (हिंदी में) लिखा होगा।
vi) फीकल स्लज एवं सेप्टेज की दुलाई में प्रयुक्त प्रत्येक वाहन में जीपीएस उपकरण निकाय द्वारा प्रदत्तः लगाया जाएगा और इसका एक्सेस अधिकार अधिशासी अधिकारी और ऐसे वाहनों की ट्रैकिंग के लिए निकाय द्वारा अधिसूचित एजेंसी के पास होगा।

**16. ढुलाई के दौरान सावधानी**

लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि निस्तारण के लिए डीस्लजिंग स्थल से अधिसूचित स्थान तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज से कोई रिसाव या छलकाव न हो ।

**17. दुर्घटना की स्थिति में बचावकारी उपाय** फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।

**18. दुर्घटना की स्थिति में लाइसेंसधारी आपरेटर की जिम्मेदारी** किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में लाइसेंस धारी आपरेटर किसी भी व्यक्ति, वाहन, संपत्ति या पर्यावरण को होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा और ऐसे में यदि किसी प्राधिकारी अथवा न्यायालय द्वारा पीड़ितों / उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को किसी प्रकार के क्षति शुल्क या मुआवजा प्रदान किए जाने का निर्णय दिया जाता है तो उसका भुगतान उसे ही करना होगा।

**19. नियुक्त कर्मियों के लिए सुरक्षा उपाय** हाथ में रखकर इस्तेमाल होने वाले गैस डिटेक्टर, गैस मास्क, सुरक्षा उपकरण, आक्सीजन सिलेंडर के साथ आक्सीजन मास्क और प्राथमिक चिकित्सा बाक्स आदि के प्रावधान सहित सभी सुरक्षा उपाय तथा प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 में निर्दिष्ट ऐसे अन्य उपाय उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंसधारी आपरेटर जिम्मेदार होगा।

**20. फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण**

i). लाइसेंस धारी आपरेटर नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा समय–समय पर अधिसूचित स्थानों पर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करेगा।
ii)लाइसेंस धारी आपरेटर इन उपविधि के फार्म 3 में निर्धारित विधिवत हस्ताक्षरित फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और निस्तारण फार्म, जो विधिवत रूप से भरा गया और हस्ताक्षरित हो, अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए नामित निकाय के अधिकारी के पास जमा करेगा (परिशिष्ट– 6 देखें)।
iii) होस्ट यूएलबी ये सुनिश्चित करेगा की उपचार सुविधा पर यूएलबी क्लस्टर या ग्राम पंचायत का पंजीकृत आपरेटर ही फीकल स्लज एवं सेटेज का निस्तारण करे।

21. निकास (उपचार सुविधा वाले के अधिकार))

i) निकाय किसी पास के निकाय या ग्राम पंचायतों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) (परिशिष्ट 7, फार्म–4) पर हस्ताक्षर करेगा और इसके तहत केंद्र पर उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देने के लिए होस्ट यूएलबी बन जाएगा।
ii) नगर पालिका परिषद, इटावा होस्ट यूएलबी से जुड़े यूएलबी क्लस्टर की सीमा के अंदर काम करने वाले (निजी/सरकारी) आपरेटर को उपचार सुविधा के परिचालन अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क और निर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रतिबंधित किए गए वितरण मार्गो के बारे में सूचित करेगा।
iii) नगर पालिका परिषद, इटावा वैक्यूम टैंकर की गुणवत्ता और रख रखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) संग्रहीत किए जाने वाले और उपचार सुविधा पर ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा किया जाएगा।
v) होस्ट यूएलबी अन्य क्लस्टर यूएलबी या ग्राम पंचायत को फीकल स्लज एवं रोप्टेज की उस स्वीकार्य मात्रा के बारे में जानकारी देगा जिसे 'उपचार सुविधा' में निस्तारित किया जा सकता है।
vi) एमओयू अवधि के किसी भी समय, यदि 'होस्टयूएलबी' को लगे कि क्लस्टर यूएलबी / ग्राम पंचायत से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निस्तारित नहीं किया जा सकता है, तो ऐसी स्थिति आने से पहले होस्ट यूएलबी कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देगा!

**22. निकाय (बिना उपचार सुविधा वाला)** के कर्त्तव्य निकाय या ग्राम पंचायत जिनके पास उपचार सुविधा नहीं है उस निकाय का नामा होस्ट यूएलबी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा और होस्ट यूएल बी के पास उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण के लिए क्लस्टर यूएलबी का सदस्य बनेगा।
i) निकाय या ग्राम पंचायत (जिनके पास उपचार संयंत्र नहीं है) अपने प्रशासनिक क्षेत्र में काम करने वाले (निजी/सरकारी, ऑपरेटरों को उपचार सुविधा की कार्यअवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क (यदि कोई हो) निकाय द्वारा निर्धारित निर्दिष्ट घंटों के दौरान विशिष्ट आपूर्ति मार्ग के जानकारी देंगे।
ii) यदि निकाय होस्ट यूएलबी के क्लस्टर यूएलबी की स्पष्ट सीमा में नहीं है, तो निकाय उपचार के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य के पास पहुंच सकता है और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के लिए एक अंतरिम निस्तारण स्थल विकसित कर सकता है।
iii) नगर पालिका परिषद, इटावा विनिर्दिष्ट वाहनों की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) होस्ट यूएलबी संग्रहीत किए जाने और निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा।
v) यदि 'होस्टयूएलबी' की क्षमता क्लस्टर यूएलबी के फीकल स्लज एवं सेटेज को निबटाने के लिए कम पड़ जाता है, तो नगर पालिका परिषद, इटावा को एक नए 'होस्टयूएलबी' की खोज करनी चाहिए या नए 'उपचार सुविधा' के निर्माण के लिए केंद्र के पास अनुरोध भेजना चाहिए।

**23. कर्मियों का प्रशिक्षण** लाइसेंस प्राप्त आपरेटर फीकल स्लज एवं सेटेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण में तैनात कर्मचारियों के सावधिक प्रशिक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

**24. कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच :–** यह सुनिश्चित करने का दायित्व लाइसेंसधारी आपरेटर का होगा कि प्रत्येक नियुक्त कर्मी का साल में कम से कम एक बार स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए और उसका रिकार्ड निकाय को दिया जना चाहिए, जिसमें विफल रहने पर लाइसें सुधारी आपरेटर को समय–समय पर अधिसूचित दंड का भुगतान करना पड़ सकता है।

**25. बीमा** लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा काम पर रखे गए कर्मियों का प्रोहिबिशन आफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहेबिलिटेशन एक्ट, 2013 और 2003 की रिट याचिका संख्या 583 (सफाई कर्मचारी आंदोलन तथा अन्य बनाम भारत संघ तथा अन्य) में फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी, ढुलाई और निस्तारण की प्रक्रिया के दौरान दुर्घटना की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 27–03– 2014 के आदेश के तहत पीड़ितों अथवा उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को दिए जाने वाले मुआवजे को कवर करने के लिए बीमा किया जाएगा!

**26. लाइसेंस रद्द किया जाना** इन उप विधि सहित हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार निषेध और उनका पुनर्वास एक्ट, 2013 के किसी भी प्रवधान के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंसधारी आपरेटर समय–समय पर अधिसूचित दंड के भुगतान करने का भागी होगा, जिसमें लाइसेंस रद्द किया जाना और निष्पादन गारंटी का अपहार शामिल है जो शहरी स्वच्छता समिति (CSC) अथवा विनिर्दिष्ट अधिकारी (अधिकारियों) की सिफारिश के मुताबिक होगा।

### अध्याय VI

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार और पुन : उपयोग/निस्तारण**

**27. उपचार / निस्तारण स्थल की पहचान**

i) नगर पालिका परिषद, इटावा उस स्थल (स्थलों) की पहचान करेगा और सूचित करेगा जहां लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या नगर पालिका परिषद, इटावा के प्रशिक्षित सफाई कर्मी द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार / निस्तारण किया जाएगा।
ii) उपचार सुविधा के अभाव में नगर पालिका परिषद, इटावा, आस पास के होस्ट यूएलबी जिसमे सुचारू उपचार सुविधा हो, उनके साथ समझौता ज्ञापन करके उसके सुविधा का इस्तेमाल करेगा (फार्म 4 परिशिष्ट 7)
iii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण हेतु निकायकानामा के आस पास के क्षेत्र में 'क्लस्ट रयूएलबी' की अनुपस्थिति की स्थिति में, उपचार के बुनियादी ढांचे (खंड 28 ) के निर्माण तक एक अंतरिम निस्तारण योजना का विकल्प चुना जा सकता है।

**28. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए अवसंरचना का निर्माण** नगर पालिका परिषद, इटावा जरूरी आधार भूत ढांचा तैयार करेगा (यदि) (यदि अनुप्रयोज्य हो तो आदर्श उपचार संयंत्र की व्यवस्था होने तक अंतरिम उपचार बुनियादी ढांचा भी) और पंजीकृत वाहनों द्वारा लाए गए फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपचार / निस्तारण की सुविधा के लिए अधिसूचित स्थल यास्थलों पर आवश्यक उपकरण प्रदान करेगा।

**29. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति**

i). फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे संबंधित उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों (लिंग तटस्थ) को नियुक्त किया जाएगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधा है यानी होस्ट यूएलबी
ii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे अंतरिम उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने या इसे 'होस्ट यूएलबी' के उपचार सुविधा में भेजने के लिए निकाय प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त कर्मचारी (किसी भी लिंग का हो सकता है) नियुक्त करेगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधान हीं है यानी आप क्लस्टर यूएलबी का हिस्सा है।

**30. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने का समय** (निकाय (या फिर यदि लागू हो तो होस्ट यूएलबी), द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर समय–समय पर निकाय (या होस्ट्यूएलबी लागू हो) द्वारा अधिसूचित अवधि के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त किया जाएगा।

**31. औद्योगिक अपशिष्ट जिनकी अनुमति नहीं है** अधिसूचित स्थल पर औद्योगिक अपशिष्ट वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**32. फीकल स्लज एवं सेप्टेज पर प्रशिक्षण** नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को अधिसूचित स्थल पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और उपचार / निस्तारण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

**33. उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज का दुबारा इस्तेमाल** निकाय किसानों को अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज के कृषि अनुप्रयोग के स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें उपचार सुविधा से उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा।

### अध्याय vii
### प्रशासन और प्रवर्तन

**34. प्रशासन और प्रवर्तन**

i) इन नियमों की प्रशासनिक और प्रवर्तक शक्तियाँ अधिशासी अधिकारी विधिवत अधिकृत निकाय के अभिहित अधिकारी के पास रहेंगी।
ii) नगर पालिका परिषद, इटावा फीकल स्लज की निकासी, ढुलाई या उपचार की सेवाएं प्रदान करने के लिए समय–समय पर निर्धारित और अधिसूचित उपयोगकर्ता शुल्क (यूज़रफ़ीस) लगा सकता है। लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ताओं को इन सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा। नगर पालिका परिषद, इटावा शहरी स्वच्छता समिति (CSC) का गठन करेगा जो निकाय प्रशासनिक क्षेत्र में समग्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज का पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित करेगा।
iV) नगर पालिका परिषद, इटावा फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी ढुलाई के लिए सुरक्षित तरीके सुनिश्चित करने के लिए एक इमर्जन्सी रिस्पोंस सेनिटेशन यूनिट (ईआरएसयू) नियुक्त करेगा।

**35. जांच के लिए विशेष शक्ति** इन उप विधियों के प्रभावी तरीके से लागू करनेऔर प्रवर्तन के उद्देश्य से, नगर पालिका परिषद, इटावा के पास किसी भी समय किसी भी परिसर में, परिवहन वाहनों और फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार सुविधा के निरीक्षण की शक्ति होगी।

**36. नियम उल्लंघन और जुर्माना**

i) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को नियम अनुपालन के लिए नोटिस भेजा जाएगा।
ii) किसी भी व्यक्ति पर इन नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे, यदि ऐसा व्यक्ति – (क) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसका पालन करने में विफल रहता है (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी शक्ति के प्रयोग या किसी कर्त्तव्य निष्पादन में निकाय के एक अधिकृत अधिकारी या अन्य अधिकारी के काम में बाधा डालता है, या हस्तक्षेप करता है (ग) किसी भी ओएसएस / सीवर की हाथ से फीकल स्लज निकासी की प्रक्रिया संचालित कराता है।
iii) इन उपविधियों के प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट–8 में उल्लेखित राशि की सीमा तक दंडित किया जाएगा और उचित कानून के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और जैसा भी मामला हो, दोषी पाए जाने की स्तिथि में एफएसएस निकासी/ ढ़ोने के वाहन भी ज़ब्त हो सकता है।
iv) जो कोई भी, किसी भी मामले में, जिसमें दंड परिशिष्ट 3 में स्पष्ट रूप से प्रदान नहीं किया गया है, दोषी पाया जाता है, समय–समय पर नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा तय किए जाने वाले जुर्माने के साथ दंडनीय होगा।
v) संदेह दूर करने के लिए, यह घोषित किया जाता है कि इन उपविधियों की कोई भी बात किसी भी व्यक्ति को उस समय लागू किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम या इन उपविधियों के तहत दंडनीय कोई कार्य के लिए या चूक के लिए उसके तहत मुकदमा चलाने, दंडित करने से नहीं रोकेगा।

37. **अपील**– निकाय के अधिकृत अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति इन उपविधियों के तहत अधिशासी अधिकारी के पास इस तरह के निर्णय के विरुद्ध अपील (इन उपविधियों के फार्म 5 में संलग्न प्रारूप में)
कर सकता है (परिशिष्ट–9 देखें)

**38. विवाद समाधान उपविधि–** इन उप विधियों के क्रियान्वयन के संदर्भ में उत्पन्न किसी भी विवाद का समाधान केवल शहर नगर पालिका परिषद इटावा के अधिकार क्षेत्र वाले सक्षम न्यायालय द्वारा भारतीय कानूनों के तहत किया जाएगा।

**39. फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन**–मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर निकाय के पास फीकल स्लज एवं सेटेज उपविधियों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

### परिशिष्ट–1

(खंड 2 (xxiii), 3 iii) और 5 (i) देखें)

**सेप्टिक टैंक का डिजाइन**

सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बी आईएस कार्य संहिता प्रदान करता है (आईएस 2470 (भाग 1, 1985)। सेप्टिक टैंक के निर्माण के लिए यह कुछ मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदंड प्रदर्शित करता है। छोटे और बड़े क्षेत्रों के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टालेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन, एमओएचयूए के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओएसएस पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए हैं। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए इस खंड में तकनीकों के मानक डिजाइन बताए गए हैं। साथ ही, भारत में सेप्टिक टैंक को आम तौर पर काले पानी के लिए ही हाइ लाइट किया जाता है।

**सेटिक टैंक के विनिर्देशन**

**अयाताकारः ला0 और चौडाई का अनुपात 2 से 4**

- गहराईः 1.0 से 2.5 मी. के बीच
- दो कक्षः पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3
- तीन कक्षः पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा
- मशीन छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर
- निर्विवाद, टिकाऊ और स्थिर टैंक

**सेप्टिक टैंक का अनुशंसित आकार**

| उपयोग कर्ता की संख्या | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | द्रव की गहराई (सफाई अंतराल) (मी.) |
|---|---|---|---|
| | | | दो वर्ष |
| 5 | 1.5 | 0.75 | 1.05 |
| 10 | 2 | 0.90 | 1.40 |
| 15 | 2 | 0.90 | 2.00 |
| 20 | 2.3 | 1.10 | 1.80 |

नोट :1– सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें !
नोट 2– फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए।
स्रोतः सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल – भा गएः इंजीनियरिंग। सीपीएचईईओ, 2012

### परिशिष्ट–2
### (खंड 14 (i) और 5 (iii) देखें)

**नगर पालिका परिषद, इटावा में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क यूज़र फ़ीस की सूची अनुमानित**

| क्र.सं. | श्रेणी | रु. में शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप 3000 लीटर तक) |
|---|---|---|
| 1 | कच्चाघर /झोंपड़ी | 350–450 |
| 2. | टिन शेड प्रकार का घर | 750–850 |
| 3. | सभी अन्य घर (पक्का घर) | 1200–1700 |
| 4. | दुकान | 1500–1800 |
| 5. | सभी सरकारी/निजी कार्यालय | 1800–2200 |
| 6. | बैंक | 2000–2500 |
| 7 | सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय | 800–1200 |
| 8. | रेस्टोरेंट | 2000–2500 |
| 9. | होटल/गेस्टहाउस (01 से 10 कमरे) | 2000–2500 |
| 10. | होटल/गेस्टहाउस (11 से 20 कमरे | 2500–2800 |
| 11. | होटल/गेस्टहाउस (20 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 12. | धर्मशाला (1 से 25– कमरे) | 1200–1600 |
| 13. | धर्मशाला (25 से अधिक कमरे) | 1800–2200 |
| 14 | 3– स्टारहोटल | 2800–3000 |
| 15. | 5– स्टारहोटल | 3500–4000 |
| 16. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1000–1200 |
| 17. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 से अधिक छात्र) | 1200–1500 |
| 18 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1800–2000 |
| 19 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 2500–3000 |
| 20. | 2 व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 1800–2000 |
| 21. | 2– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 2800–3000 |
| 22. | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 2500–3000 |
| 23 | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 3500–4000 |
| 24. | मल्टीप्लेक्स | 2000–2500 |
| 25. | छात्रावास (01 से 10 कमरे) | 1800–2200 |
| 26. | छात्रावास (11 से 20 कमरे ) | 2200–2500 |
| 27. | छात्रावास (21 से 50 कमरे ) | 2500–2800 |
| 28. | छात्रावास (50 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 29 | विवाह हाल / बैंकेट हाल | 2500–3500 |
| 30. | बार | 2500–3000 |
| 31. | सरकारी अस्पताल (20 बेड तक) | 1800–2500 |
| 32. | सरकारी अस्पताल (20 से अधिक बेड) | 2800–3000 |
| 33 | नर्सिंग होम / क्लीनिक (20 बेड तक) | 1800–2000 |
| 34. | नर्सिंग होम/ क्लीनिक (20 से अधिक बेड) | 2200–2500 |
| 35. | पैथलाजिकल लैब | 1500–2000 |
| 36. | निजी अस्पताल (20 बिस्तर तक) | 2500–2800 |
| 37. | निजी अस्पताल (21–50 बिस्तर तक) | 2500–3000 |
| 38. | निजी अस्पताल (50 बिस्तर तक) | 3500–4000 |
| 39. | राइसमिल / अन्य मिल | 2000–2500 |
| 40 | क्षेत्र में कोई भी उद्योग | 3000–4000 |
| 41 | क्षेत्र से बाहर कोई भी उद्योग | 2000– 2500 |

**नोटः1–** उपयोगकर्ता शुल्क (यूज़रफ़ीस) की इन सीमाओं में निकाय द्वारा समय–समय पर संशोधन किया जा सकता है ।

**परिशिष्ट– 3** (खंडः 7 (vii) देखें)

# 5 करोड़ रुपये से जल्द संवरेगी 5 मंदिरों की तस्वीर

- मंदिर में श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुविधाएं
- पर्यटन विभाग ने कार्ययोजना को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पर्यटन विभाग धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और वहां सुविधाओं में विस्तार की योजना चला रहा है। इस योजना के तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष में जनपद के पांच मंदिरों और धार्मिक स्थलों को चुना गया है। यहां 5 करोड़ रुपये सौंदर्यीकरण करके श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। प्रत्येक स्थल पर लगभग एक-एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. कल्याण सिंह बुधवार को इटावा पहुंचे। उनके साथ आर्किटेक्ट की टीम भी थी। इस टीम ने भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे के साथ प्रस्तावित स्थानों का निरीक्षण किया। आर्किटेक्ट की टीम ने सभी स्थलों का सर्वे किया। संभावना है कि सर्वे के बाद जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

भाजपा के जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में जिले के पांच मंदिरों का जीर्णोद्धार और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए पांच स्थानों का चयन कर लिया गया है। आर्किटेक्ट भी बुधवार को इटावा पहुंच गए।

जल्द ही काम शुरू होने की संभावना है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, मंदिर के महंत हरभजनदास, जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह मौजूद रहे।



वार्ता करते उप निदेशक कल्याण सिंह और भाजपा नेता प्रशांत राव चौबे।



लखना का ऐतिहासिक कालका देवी मंदिर। अमृत विचार

### इन धार्मिक स्थलों का होगा सौंदर्यीकरण

- भाजपा जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे ने बताया कि पर्यटन विकास की योजना के तहत पर्यटन विभाग की ओर से लखना के ऐतिहासिक कालका देवी मंदिर, प्राचीन पिलुआ महावीर मंदिर और जसवंतनगर के ब्रह्माणी देवी मंदिर की तस्वीर बदली जाएगी। इसके साथ ही कचौरा रोड पर ब्रह्मऋषि त्यागी जी के आश्रम और शहर के समीप विक्रमपुर में सती के चबूतरे का भी सौंदरीकरण किया जाएगा। यहां श्रद्धालुओं की सुविधाओं की विस्तार कराया जाएगा। प्रत्येक स्थान पर लगभग एक-एक करोड़ रुपये की रकम खर्च की जाएगी।

### फव्वारा, शौचालय के साथ ही विकसित होंगे पार्क

- पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. कल्याण सिंह ने बताया कि इन धार्मिक स्थलों पर आने-जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए फव्वारा, शौचालय और पार्क आदि की व्यवस्था की जाएगी। सभागार भी बनवाया जाएगा। इन कामों के लिए स्वीकृति मिल गई है। आर्किटेक्ट की टीम सर्वे कर डिजाइन तैयार करेगी। ऐसी संभावना है कि दो महीने में काम का शुरू कर दिया जाएगा।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के आवाहन पर इटावा में भी संघ की ओर से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ह्रदेश कुमार यादव, मंत्री गिरिजा शंकर दीक्षित, कोषाध्यक्ष विवेक रंजन गुप्ता के नेतृत्व में 11 सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार को सौंपा गया।

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द निदान किए जाने की मांग की गई है। कहा गया है कि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की शिक्षक के पद पर पदोन्नति का प्रावधान किया जाए । इसके साथ ही कर्मचारियों को 300 दिन के उपार्जित अवकाश का नगदीकरण सेवानिवृत्त पर दिए जाने का प्रस्ताव है। उस पर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई है। संघ की ओर से दिए गए मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लिपिक के पद पर पदोन्नति के लिए दो ट्रिपल सी का डिप्लोमा अनिवार्य किया गया था। राजकीय विद्यालयों में यह प्रावधान नहीं है इस संबंध में कार्यवाही की मांग की गई है।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के हाई स्कूल इंटरमीडिएट विद्यालयों के लिपिकों के वेतन में विसंगतियों को दूर किया जाए। प्रदेश सरकार की ओर से रोके गए भत्ते भी दिए जाने की मांग की गई है। मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि लंबे समय से लिपिक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियमित नियुक्ति नहीं हो रही है जिससे विद्यालयों के कार्य प्रभावित हो रही है इसलिए नियुक्ति की प्रक्रिया को तुरंत द्वारा प्रारंभ किया जाए। ज्ञापन देने वालों में राधा चरण, हेमेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।



डीआईओएस मनोज कुमार को ज्ञापन देते शिक्षणेत्तर कर्मी। अमृत विचार

## एक नजर

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**जसवंतनगर।** मलाजनी निवासी राजेश कुमार (50) पुत्र मुन्नालाल मंगलवार की रात 8 बजे भतौरा गांव से अपने घर लौट रहे थे, तभी जसवंतनगर से इटावा की ओर जा रहे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस चालक धीरेंद्र प्रताप सिंह और सतेंद्र कुमार इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### तीन भैंस चोर गिरफ्तार

**इटावा।** बढ़पुरा पुलिस ने बाउरी के पास से तीन भैंस चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाउरी गांव के करन सिंह की दो भैंसे चार चोरी हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की थी। मंगलवार की शाम को पुलिस ने रेलवे ओवरब्रिज के पास तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें प्रदीप नागर उर्फ होरीलाल निवासी हठीला ऊसराहार, बब्लू और विजय नागर उर्फ गोलू निवासीजमधर बढपुरा हैं। ये भैंस चुराकर बेच देते है। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

# कनकुआ पहुंचे डीएम-एसएसपी, पीएसी तैनात

## विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ताओं के पहुंचने की सूचना पर अलर्ट हुआ प्रशासन, कई थानों का फोर्स पहुंचा

- डीएम-एसएसपी ने मस्जिद में निर्माण का किया निरीक्षण
- अफसरों के समझाने पर गांव से लौटे संगठनों के कार्यकर्ता

संवाददाता, ताखा (इटावा)

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र के कनकुआ गांव में बिना अनुमति मस्जिद में गुंबद निर्माण का मामला बुधवार को गरमा गया। विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं के पहुंचने की सूचना पर पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया। जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी संजय कुमार ने गांव पहुंचकर मस्जिद का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव में आसपास के कई थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी मुस्तैद रही।

विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं के विरोध पर मंगलवार को एसडीएम ने गांव पहुंचकर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। बुधवार को फिर दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं के कनकुआ गांव पहुंचने की सूचना पर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। आनन-फानन गांव में पीएससी तैनात कर दी गई। ऊसराहार, भरथना और चौबिया थाने की पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। देखते ही देखते मस्जिद के आसपास का इलाका छावनी में तब्दील हो गया।

कुछ ही देर में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अमित दीक्षित, जिला मंत्री भानुप्रताप सिंह, जिला सह मंत्री दीपक चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक अभिनय चौधरी, जिला सह संयोजक रजनीश मिश्रा, जिला सुरक्षा प्रमुख श्लोक त्रिपाठी, जिला गौ रक्षा प्रमुख आयुष अवस्थी, भरथना ग्रामीण प्रखंड मंत्री गोपाल तिवारी साथियों के साथ कनकुआ गांव पहुंच गए। इस बीच एसडीएम श्वेता मिश्रा और पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान भी गांव पहुंच गए। दोनों अधिकारियों ने संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत की और शांति बनाये रखने की अपील की। उन्होंने किसी भी हालत में निर्माण न होने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी संजय कुमार वर्मा भी गांव पहुंचे और मस्जिद में निर्माण का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बिना अनुमति मस्जिद में किसी भी तरह का निर्माण नहीं करने की हिदायत दी। इसके बाद अधिकारी दोनों संगठनों के सभी पदाधिकारियों को गांव के किनारे से ही वापस तहसील ले आए। अधिकारियों के ठोस आश्वासन के बाद सभी पदाधिकारी वापस चले गए, तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।



बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ कनकुआ गांव पहुंचे विहिप जिलाध्यक्ष अमित दीक्षित।

### बिना अनुमति कतई नहीं होगा निर्माणः एसएसपी

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने चेतावनी दी है कि बिना जिलाधिकारी की अनुमति के मस्जिद में कोई भी निर्माण कार्य नहीं होगा। यदि किसी व्यक्ति ने निर्माण कराने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पुलिस को निर्माण कार्य पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। गांव में शांति व्यवस्था कायम है।

## सार-संक्षेप

### करंट से युवक की मौत, पत्नी भी चपेट में आई

**ताखा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के पूरनपुरा गांव के रहने वाले 40 वर्षीय वेदराम मंगलवार रात घर की छत पर सो रहा था। पिता महताब सिंह ने बताया कि उनके मकान की छत से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजरी है। रात तीन बजे बेटा बाथरूम करने के लिए नीचे उतर रहा था, उसी समय करंट लग गया। चीख सुनकर उसकी पत्नी बचाने दौड़ी तो उसे भी करंट का झटका लग गया। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और नाजुक हालत में वेदराम को निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद वेदराम को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी मंसूर अहमद का कहना है कि हाईटेंशन लाइन से करंट नहीं लगा है। घर के अंदर की लाइन से करंट लगने से मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### डंपर की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र घायल

**भरथना।** महोबा जिले के थाना अरेला के गांव कुंआ गांव निवासी अशोक कुमार (55) अपने बेटे आशीष के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में किशनी गए थे। जब वह वापस लौट रहे थे, तभी नगरिया यादवान के पास तेजी से आ रहे डम्पर ने उनकी बाइक में टककर मार दी। टक्कर लगने से अशोक कुमार डम्पर के नीचे आ गए जबकि आशीष छिटककर दूर जा गिरा। हादसे में अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डम्पर को भगा ले गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर सड़क पर पड़े शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के बेटे आशीष ने पुलिस को बताया कि वह अपने पिता को किशनी रिश्तेदारी से बाइक पर बैठकर अपने घर महोबा लौट रहा था उक्त स्थान पर पहुंचते ही, डंपर ने टक्कर मार कर पिता को कुचल दिया।

### रास्ते के विवाद में महिला गोली लगने से घायल

**जसवंतनगर।** नगला नरिया में सरकारी खाद के गड्ढ पर कब्जे के साथ खेतों के किनारे पर मेड़ के रास्ते से निकलने और जानवर निकालने के दौरान दो पक्ष भिड़ गए। एक पक्ष ने तमंचों से फायरिग कर दी, जिससे एक महिला के पेट में गोली लगी। उसे सैफई पीजीआई भेजा गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बुधवार दोपहर गांव के सुबोध, अल्लू और गौरव, स्नेहलता के बीच कहासुनी हो गई। सुबोध और अल्लू तमंचे लेकर आ गए और गौरव के ऊपर फायर कर दिया। उसे बचाने के लिए स्नेहलता सामने आ गई, जिससे गोली स्नेहलता के पेट में लगी। वह छटपटा कर गिर पड़ी। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रामसहाय फोर्स के साथ पहुंच गए और स्नेहलता को सैफई पीजीआई भेज दिया। ग्रामीणों ने 4-5 फायर होने की बात बताई है। बताते है कि सरकारी खाद के गड्ढो को लेकर पहले से ही दोनों पक्षो में विवाद चला आ रहा है। इस घटना के बाद गांव में दहशत है। भारी संख्या में पुलिस बल ग्राम नगला नरिया में पहुंच गया है।

### वाहन चोरी के मामले में छह आरोपी कोर्ट से बरी

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-11 मधु गुप्ता ने 13 साल पुराने चोरी के वाहनों की बरामदगी और धोखाधड़ी के एक मामले की सुनवाई करते हुए सभी छह आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिया। अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने के बाद भी पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई सबूत पेश नहीं कर सकी। एसओजी और सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एक दिसंबर 2011 को मुखबिर की सूचना पर सराय भूपत के पास से 10 चार पहिया वाहनों के साथ मैनपुरी जिले के भोगांव निवासी इकरार अहमद पुत्र इकबाल अहमद, लखीमपुरखीरी जिले के मेहंदी निवासी आत्मा सिंह पुत्र दिलीप सिंह, कानपुर नगर के बर्रा-6 निवासी राजेश गुप्ता पुत्र रामाश्रय, कानपुर नगर के ही रविदासपुरम निवासी भूपेंद्र प्रकाश पुत्र सुंदरलाल, कानपुर नगर के गुमटी निवासी रनवीर पुत्र गुरुवीर और कानपुर नगर के बर्रा-6 निवासी जितेंद्र पुत्र कालीप्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने वाहन चोर गिरोह बताते हुए विवेचना के बाद इन सभी लोगों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधु गुप्ता की कोर्ट में हुई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आशीष चतुर्वेदी ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के वकील मामले की सुनवाई के दौरान कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर सके। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने बुधवार को साक्ष्यों के अभाव में इन सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

### महंत सुबोधानंद महाराज ने मरीजों को बांटे फल

**इटावा।** नवरात्र के अवसर पर कालीबाडी के महंत सुबोधानंद महाराज ने क्षयरोग चिकित्सालय में जाकर मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि नवरात्र के अवसर पर मरीजों का भी ध्यान रखा जाता है। नवरात्र के पांचवे दिन उन्होने टीबी अस्पताल में जाकर वहां भर्ती मरीजों को फल बांटे। इस मौके पर सीएमओ डा गीता राम राहुल पांडे सुभाष सिंह चौहान आशु बाजपेई मौजूद रहे।

# कालीबाड़ी मंदिर में आज होगा मइया का श्रृंगार



कालीबाड़ी में विराजमान मां काली।

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** नवरात्र के अवसर पर प्राचीन श्री कालीबाड़ी मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भव्य श्रृंगार होगा। शाम चार बजे से श्रृंगार रूप के दर्शन किए जा सकेंगे।

स्वामी सुबोधानंद महाराज ने बताया कि अष्टमी के मौके पर मंदिर में 10 अक्टूबर को मातारानी का भाव विवाह आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन शाम चार बजे से श्रृंगार रूप के दर्शन किए जा सकेंगे। नवरात्र के दिनों में प्रतिदिन शाम सात बजे मंदिर में आरती की जा रही है। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को नवमी के दिन हवन की पूर्णाहुति होगी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि बरसों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप 12 अक्टूबर शनिवार को दसवीं के दिन मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। कन्या भोज दोपहर 12 बजे शुरू होगा। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मातारानी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। कालीबाड़ी मंदिर शहर के प्राचीनतम मंदिरों में एक है। यहां प्रतिवर्ष नवरात्र का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।



कबड्डी में चैंपियन बनी चौधरी सुघर सिंह कालेज की टीम। अमृत विचार

# चौ. सुघर सिंह टीम बनी चैंपियन

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में महिला कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय की छात्राओं ने यूनिवर्सिटी कैंपस को 45-09 से हराकर चैंपियन बनीं।

प्रतियोगिता में 14 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। क्वार्टर मैच में चौधरी सुघर सिंह की छात्राओं ने पीपीएन कॉलेज कानपुर टीम को 49-11 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबला चौधरी सुघर सिंह व जनता डिग्री कॉलेज अजीतमल औरैया के बीच हुआ, जिसमें चौधरी सुघर सिंह की टीम ने 27-08 से जीत पाई। फाइनल में विश्वविद्यालय कैंपस टीम को हराकर विश्वविद्यालय चैंपियन बनी। इस उपलब्धि पर चौधरी सुघर सिंह ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने छात्राओं को पुष्पाहार, मैडल पहना सम्मानित किया। कोच धर्मेंद्र कुमार के निर्देशन में टीम की कप्तान शोभा राजावत कुसुम, मोहनी, पूजा, शिवानी, रितु, कंचन रागिनी, कामिनी, रचना, उमा, नंदनी का अच्छा प्रदर्शन रहा। ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. संदीप पाण्डेय, अशांक हनी यादव, प्राचार्य डॉ. जितेंद्र यादव ने मिठाई खिलाई।


**बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण** कार्य स्थल पर बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण यथा फेरा मास्क, टार्च, सुरक्षा वस्त्र, दस्ताने, हेलमेट, आखों हेतु सेफ्टी ग्लास, ग्राइड पाइप सेट, ऐयर कम्प्रेसर, आपकी मेडिकल आक्सीजन किट, रेनकोट आदि उपलब्ध होने चाहिए:-

परिशिष्ट-4

**नियम और शर्ते**

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त आपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्ति धारी आपरेटर घर/संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसावन हो।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्ति धारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन/टैंकर कर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में सावधानी के साथ "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और मलकुंड अपशिष्ट (हिंदी में) लिखा होगा।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंस धारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले में लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगा, लाइसेंस धारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

परिशिष्ट - 7

**(खंड 21 (i) और 27 (ii) देखें)**

**होस्ट यूएलबी तथा बिना उपचार संयंत्र वाले निकाय के बीच समझौता ज्ञापन प्रारूप**

**फार्म 4 :** 'होस्ट यूए लबी' पर उपलब्ध "उपचार संयंत्र" में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति के लिए समझौता ज्ञापन !

होस्ट निकाय के उपचार संयंत्र पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति हेतु निकाय (नगर पालिका परिषद, इटावा) और होस्ट निकाय (होस्ट निकाय का नाम) के बीच समझौता ज्ञापन के लिए फार्म

फीकल स्लज एवं सेप्टेज एवं सेप्टेज प्रबंधन के तहत, एक्स वाई जेड निकाय (संपर्क करने वाले निकाय का नाम) की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर घरों, सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के नियंत्रण से आने वाले फीकल स्लज एवं सेटेज और सेप्टेज (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के सुरक्षित निस्तारण हेतु जरूरी शर्ते पूरा करने के लिए, 'होस्टयूएलबी' (नगर पालिका परिषद, इटावा के प्रशासन के तहत 'उपचार संयंत्र' पर, समझौता !

**उपबंध :-**

**उपबंध' :**

1. यह कि 'प्रथम पक्ष' दिनांक दिन/महीना/वर्ष (प्रारंभ तारीख) से दिन/महीना / वर्ष (प्रारंभ तारीख) तक ''द्वितीय पक्ष'' की प्रशासनिक सीमाओं से उनके उपचार संयंत्र'' पर आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देगा। / वर्ष (अंतिम तिथि)
2. 'प्रथम पक्ष' अपने प्रशासनिक क्षेत्र से आने वाले भार से समझौता करने से बचने के लिए अपने :उपचार संयंत्र' पर फीकल स्लज एवं सेटेज की दैनिक अनुमत मात्रा की जानकारी देगा।
3. यह कि 'द्वितीय पक्ष' समझ के अनुसार 'प्रथम पक्ष' को फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण के प्रति खेप टिपिंग शुल्क के रूप में रु. देने के लिए सहमत है।
4. यह कि 'प्रथम पक्ष' उपचार सुविधा के संचालन का समय, अनुमत पहुंच मार्ग, फीकल स्लज एवं सेप्टेज की अनुमत मात्रा, उपचार सुविधा का रखरखाव बंद आदि आवश्यक विवरण समय-समय पर साझा करेगा।
5. कि उपरोक्त कार्यो को करते समय बीच में जाने वाली किसी भी कठिनाई को दोनों पक्ष मिलकर सौहार्द पूर्ण ढंग से सुलझाएं।
6. कि 'द्वितीय पक्ष' केवल लाइसेंस धारी फीकल स्लज निकासी आपरेटर को प्रथम पक्ष की उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेऐज के निस्तारण की अनुमति देगा।
7. प्रथम पक्ष उपचार सुविधा में उनके लाइसेंस पर द्वितीय पक्ष की मुहर के साथ लाइसेंस धारी आपरेटर का प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

परिशिष्ट-8

| क्रम संख्या | विवरण | खंड संख्या | सांकेतिक फाइन सीमा (रू0 में | जुर्माना (रू0 या किसी अन्य पीनल एक्शन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1.1 | नाला / सड़क / खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधा / असुरक्षित प्रवाह | 3 | 50-100 | |
| 1.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 3 | 50-100 | |
| 1.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 3 | 10-15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 2.1 | ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजायन और निर्माण | 5 | 100-150 | |
| 2.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 5 | 100-150 | |
| 2.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 5 | 10-15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 3.1 | बिना निकाय पंजीकरण के वैक्यूम टैकर परिचालित करना | 6 | 50-100 | |
| 3.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 6 | 50 -100 | |
| 3.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 6 | 150-200 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 4.1 | आकस्मिक बिखराव में भाग लेने के लिए गैर अनुपालन | 16,17 | 1000-1500 | |
| 4.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 16,17 | 1000-1500 | |
| 4.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 16,17 | 300 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 5.1 | एसटीपी से अनुपचारित FSS प्रवाहित करना | 27,28,33 | 5000-10000 | |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, इटावा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, इटावा**


# चार लोगों ने खाया जहर, भर्ती कराया

**इटावा।** जिले के अलग-अलग स्थानों पर चार लोगों ने घरेलू कारणों से परेशान होकर चूहामार दवा व डाई का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के टिक्सी मंदिर की नंदनी पत्नी किशन ने चूहा मार दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जसवंत नगर क्षेत्र के नगरिया भाट की अर्चना पत्नी तेज बहादुर ने भी चूहा मारने वाली दवा खा ली। हालत बिगडने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के नौरंगाबाद के शहवाज ने डाई का सेवन कर लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मोहल्ला अशोक नगर निवासी देंवेद शर्मा ने किसी बात से नाराज होकर डाई का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**रामलीला** मंचन के दौरान जयकारों से गूंजता रहा पूरा मैदान

# धू-धू कर जली रावण की लंका

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** विश्व की सुप्रसिद्ध प्रथम मैदानी रामलीला में यहां बुधवार को बालि वध, रावण-हनुमान संवाद, अक्षय कुमार वध, लंका दहन की आकर्षित आतिशबाजी का प्रदर्शन दर्शकों को खूब भाया।

बुधवार को शुरू हुई लीलाओं में दर्शकों ने लंका दहन की लीला को देखकर जय हनुमान के नारों के साथ पूरे मैदान को गुंजायमान कर दिया। लंका जारि असुर संघारे, सिया राम जी के काज संवारे। हनुमान की पूंछ में लग न पाई आग, सारी लंका जल गई गए निशाचर भाग। रामलीला में राम भक्त हनुमानजी महाराज ने विभीषण की कुटिया को छोड़कर संपूर्ण रावण की सोने की लंका का धू -धू कर जला दिया ।

हनुमान जी अपना परिचय देते हुए कहते हैं कि जिनके लेश मात्र बल से तुमने समस्त चराचर जगत को जीत लिया और जिनकी प्रिय पत्नी को तुम हर लाए हो, मैं उन्हीं का दूत हूं। रावण मैं विनती करता हूं तुम अभिमान छोड़ दो। अपने कुल का विचार करो, जानकी माता को दे दो प्रभु श्री राम के चरण कमल को ह्रदय में धारण करो। यह सुन रावण उत्तेजित हो जाता है और कहता है कि यह वानर बड़ा ज्ञानी गुरु मिला है, इसकी मृत्यु निश्चित है।

अपने अधीनस्थों को आदेशित करता है कि वानर की पूंछ में आग लगा दी जाए। आग लगी पूछ से पवन पुत्र हनुमान लंका को जलाकर राख कर देते हैं। क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे, थाना निरीक्षक राम सहाय सिंह, कानून व्यवस्था के लिहाज से मेले में मौजूद रहे।



अशोक वाटिका में पहुंचे हनुमान जी। अमृत विचार

**रामलीला में आज :** रामलीला में सेतु बांधना, रावण-अंगद संवाद, लक्ष्मण शक्ति की लीलाएं होंगी।

# भाकियू ने समस्याओं को लेकर की नारेबाजी

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा, तहसील मुख्यालय पर की किसान पंचायत

संवाददाता बिधूना, औरैया


नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनैतिक के सदस्य।


मांगों को लेकर धरना देते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने बुधवार को बिधूना तहसील मुख्यालय पर किसान पंचायत कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने के साथ जमकर नारेबाजी की । उसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

भाकियू अराजनैतिक ने बुधवार को बिधूना तहसील कार्यालय पर किसान पंचायत कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और इन समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते जल्द समस्याओं का निराकरण न कराए जाने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी । भाकियू अराजनैतिक द्वारा उप जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा को सौंपे गए ज्ञापन में सहकारी खाद केंद्रों पर डीएपी व यूरिया की भारी कमी के साथ ही अधिकांश प्राइवेट खाद विक्रेताओं द्वारा मनमाने मूल्य पर खाद बेचकर किए जा रहे शोषण को रोके जाने और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने, अन्ना पशुओं की समस्या से किसानों को निजात दिलाए जाने, लघु सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में कराई गई निःशुल्क बोरिंग की अभी तक सब्सिडी किसानों के खातों में जल्द भिजवाए जाने की मांग भी शामिल की गई है। नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा ने उक्त ज्ञापन को उच्चधिकारियों के माध्यम से भेजने और यथासंभव समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने का भरोसा दिया है। इस मौके पर भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह यादव ने कहा है कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक लगातार संघर्ष कर रही है । उन्होंने कहा है कि यदि जल्द उपरोक्त समस्याएं ना सुलझाई गई तो इसके खिलाफ निर्णायक आंदोलन का बिल्कुल बजाया जाएगा। इस मौके पर भाकियू अराजनैतिक के जिला संगठन मंत्री डॉ धीरेंद्र सिंह सेंगर, तहसील अध्यक्ष दयाकृष्ण और नीटू यादव, अमित यादव आदि रहे।

# मांगें पूरी न होने पर शिक्षणेत्तर संघ ने दिया धरना

संवाददाता ककोर, औरैया

- समय से वेतन की समस्या हल न होने के बाद हुए आक्रोशित

**अमृत विचार।** बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ जनपद औरैया के पदाधिकारियों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर जाकर समय से वेतन व अन्य शिकायत हल न होने से सामूहिक धरना दिया।

विभागीय पटल सहायक के कार्य व्यवहार ठीक न होने पर शिकायत के बावजूद बदलाव नहीं हुआ। जिससे संगठन के पदाधिकारियों द्वारा डीआईओएस बृजेश कुमार से सभी मांगों पर विचार करने का बार बार अनुरोध भी किया गया था। इसके बाद भी कोई विचार नहीं किया गया। इसके बाद आज संघ के पदाधिकारी ने डीआईओएस कार्यालय के सामने एकत्रित होकर धरना दिया। उनकी मांगों में प्रमुख 300 दिन के उपार्जित अवकाश का नकदीकरण मांगा है । प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की तरह प्रोत्साहन व राज्य पुरस्कार की मांग दोहराई ।

प्रदेश सरकार द्वारा रोके गए महंगाई, भत्ते को दिया जाए। प्रदेश में लंबे समय से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई है जिससे विद्यालय में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसलिए तत्काल चतुर्थ श्रेणी की भर्ती की जाए।

इसके साथ ही ज़िले में समस्त अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का वेतन बिल समय से पास न होना कई अन्य समस्याओं का लिखित मांग पत्र डीआईओएस को सौंपा। इस मौक़े पर जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार दीक्षित जिला महामंत्री पंकज भदौरिया जिला कोषाध्यक्ष राममोहन सविता जिला उपाध्यक्ष कौशल किशोर राजपूत व मनोज कुमार एवं मंडल महामंत्री अरविंद कुमार राजपूत , ओम प्रकाश प्रदीप सुनैना मोहित कुमार आशीष लोकेंद्र आदि सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चुने गए 5 होनहार छात्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- नगर संसाधन केंद्र पर विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- इन बच्चों के एसएमसी खाते में 3000 रुपये की धनराशि और मेडल प्रदान किए गए


सम्मानित हुए बच्चों के साथ खड़े बीईओ अजय विक्रम सिंह, एसआरजी सुभाष रंजन दुबे एवं अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर संसाधन केंद्र पर नगर क्षेत्र के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रोद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत नगर संसाधन केंद्र परिसर में विज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में नगर क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक व कंम्पोजिट विद्यालय से विद्यालय स्तर पर चयनित 3-3 होनहारों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर बीईओ अजय विक्रम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास होता है जो कि जीवन के सभी क्षेत्रों में बच्चों की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रथम व द्वितीय चरण की क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए 5 होनहार छात्रों का चयन हुआ। फाइनल राउंड में 5 अव्वल आये बच्चों में यूपीएस नारायणपुर से कृष्णा, गुनगुन व चाहत, यूपीएस खांडेराव तालाब से ओम जी, यूपीएस जे पी पदीन दरवाजा से प्राची हैं। अव्वल आये बच्चों को बीईओ अजय विक्रम सिंह, एसआरजी सुभाष रंजन दुबे, सुनील दत्त राजपूत द्वारा सम्मानित किया गया। एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने बताया कि विज्ञान क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में पहले चरण में लिखित परीक्षा एवं द्वितीय चरण में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 5 बच्चों का चयन जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु किया गया। इन बच्चों के एसएमसी खाते में तीन 3000 रुपये की धनराशि और मेडल प्रदान किए गए। इस मौके सहायक अध्यापक साधना कुमारी, शमीम अहमद, तसनीम फातिमा, रवींद्र कुमार के साथ नगर संसाधन केंद्र से विशाल त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, मुकेश कुमार, मुलायम सिंह सहित बच्चे मौजूद रहे।

# लूट व चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से आक्रोश

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में एक के बाद एक हो रही लूट व चोरी की घटनाओं और पुलिस द्वारा उनका खुलासा न कर पाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

कोतवाली क्षेत्र के अशोकपुरी फार्म के निकट मकरा गांव के सामने सोमवार सुबह लुटेरों द्वारा एक महिला व उसके नंदोई के साथ की गई लूट की घटना का जहां कोई सुराग नहीं लगा वहीं कस्बे के आंबेडकर नगर में जिला सहकारी बैंक के पूर्व प्रशासक बंटूराव दिवाकर के सूने घर से लाखों रुपये के जेवरात एवं नकदी की हुई चोरी की घटना में भी पुलिस के हाथ खाली दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार की रात्रि में बिधूना बेला मार्ग पर खरगपुर पेट्रोल पंप के पास खड़े एक ट्रक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर पुलिस को एक और चुनौती दी है। बीते दिवस ही अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने दोनों घटनाओं का मौका मुआयना कर कोतवाली पुलिस को घटनाओं का अतिशीघ्र खुलासा किये जाने के कड़े निर्देश दिए थे । क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बिधूना क्षेत्र में लगातार हो रही लूट चोरी छिनैती की घटनाओं से क्षेत्र में भय तथा असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। बीते दिनों एक ई रिक्शा की लूट की घटना का खुलासा करके कोतवाली पुलिस भले ही अपनी पीठ थपथपा रही है लेकिन बढ़ती चोरी छिनैती और लूट की घटनाओं से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं पुलिस सिर्फ जल्द खुलासे की बात कह रही है।

# भक्तों ने दुर्गा मंदिरों में की पूजा-अर्चना

नवरात्र पर्व का सातवां दिन

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के हरीगंज बाज़ार स्थित दुर्गा पंडाल में नवरात्र के सातवें दिन दुर्गा मूर्ति की पूजा-अर्चना महिलाओं ने की।

वहीं दूसरी ओर सरायं बाजार में प्रसिद्ध महामाई मन्दिर की पूजा-अर्चना के दौरान महिलाओं ने सुख समृद्धि के लिए मन्नतें मांगीं। दुर्गा पूजा मंदिर कमेटी के द्वारा महा अष्टमी व महानवमी पर महाभोग प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। जहां सभी दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। वहीं महामाई मंदिर से कस्बे में भ्रमण करते हुए दशमी के दिन झंडा चढ़ाया जाएगा। उसके बाद मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में आने कोकहा गया।


मातारानी को माला पहनाते चेयरमैन राघव मिश्रा ।


कन्या भोज कराते श्रद्धालु। अमृत विचार

### माता का पूजन कर कराया गया कन्या भोज

**बिधूना, औरैया।** शारदीय नवरात्र पर माता की पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं द्वारा घरों में पूजन के साथ कन्या भोज के आयोजन भी शुरू हो गए हैं। श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों पर कन्याओं के चरण धोकर और उन्हें स्वादिष्ट भोज खिलाकर दक्षिणा देकर विदा किया गया और कन्याओं का आशीर्वाद पाकर श्रद्धालु बेहद गदगद हो रहे हैं। बिधूना क्षेत्र के बिकूपुर रावतपुर, भाईपुर, हमीरपुर, असजना, रूपपुर, बिधूना नगर रुरुगंज कुदरकोट ऐरवाकटरा उमरैन मल्हौसी वैवाह रामगढ़ हरचंदपुर सहार बेला याकूबपुर आदि जगहों पर तमाम श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्र की सप्तमी पर बुधवार को अपने घरों में कन्या पूजन कर उन्हें स्वादिष्ट भोज खिलाया गया।

### नपं अध्यक्ष ने माता रानी की उतारी आरती

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर नगर में परशुराम वाली गली में माता रानी का विशाल भव्य दरबार सजाया गया है। जहां दिन-रात सभी लोग माता रानी की पूजा अर्चना करते रहते हैं। शाम को आरती के दौरान सभी भक्तों में एक अनोखी उमंग होती हैं। दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने माता रानी का पूजन करके आरती संपन्न कराई। सभी भक्त भक्ति में सराबोर में डूबे हुए हैं। आरती के दौरान निशांत चौबे, प्रशांत चौबे, राम महेश चौबे, राजू पाल, नारायण शुक्ला, बबलू चौहान, राजेंद्र यादव, रमेश चौबे, अजय पाल सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### इमरजेंसी बूम का हुआ मरम्मत कार्य

**अछल्दा।** रेलवे कर्मचारियों ने बुधवार को 1:54 बजे 13-बी इमरजेंसी बूम में मेंटिनेंस करते हुए फाटक बंद रखा गया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब 20 मिनट बाद मरम्मत कार्य होने के बाद फाटक को खोला गया।

### सपाइयों ने पुण्यतिथि पर कांशीराम को किया याद

**औरैया।** बुधवार को कांशीराम की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र यादव कल्लू, हरिशंकर दिवाकर, सोनू प्रधान, वीरेंद्र राजपूत रश्मि यादव राम शंकर निषाद आदि लोग मौजूद रहे।


कृष्ण जन्म के बाद बधाइयां देते भक्त । अमृत विचार

### कृष्ण जन्म होते ही जयकारों से गूंजा पंडाल

**अजीतमल, औरैया।** कस्बा क्षेत्र के गांव मौहारी में शारदीय नवरात्र महोत्सव अंतर्गत देवी पंडाल में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य शिवम द्विवेदी ने कृष्ण के भक्ति रस में डुबो दिया। पंडाल में उपस्थित भक्तों ने कृष्ण जन्म होते ही पंडाल और आसपास के माहौल को जयकारों से भक्तिमय कर दिया ।

### घर के बंटवारे को लेकर हुई मारपीट

**अजीतमल।** क्षेत्र के बल्लापुर गांव निवासी करन सिंह ने अपने भाई कालका प्रसाद, भाभी सिया दुलारी, भतीजे दीपक व मोनू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। बीते 4 अक्टूबर को वह घर पर अकेला था। आरोप है उक्त आरोपितों ने घर के बंटवारे को लेकर विवाद करते हुए लोहे की रॉड से उस पर हमला कर घायल कर दिया।

### जिले में 10 नवंबर तक धारा 163 लागू

**औरैया।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार आगामी दशहरा, दीपावली आदि विभिन्न पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु धारा-163 लागू कर दी गई है। यह निषेधाज्ञा जनपद के संपूर्ण क्षेत्रों में दिनांक 10 नवंबर 2024 तक लागू रहेगी। यह आदेश किसी भी समय संशोधित, परिवर्तित और निरस्त किया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस धारा के प्रभावी होते ही किसी सार्वजनिक स्थान पर 5 या उससे अधिक व्यक्ति एक साथ एवं एक प्रयोजन, रैली, आम सभा हेतु एकत्रित नहीं होंगे।

### तेज रफ्तार ऑटो और बाइक की टक्कर में 5 घायल

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के गढ़े का पुरवा के पास बुधवार को तेज रफ़्तार ऑटो और बाइक की टक्कर से ऑटो पलट गया, जिसमे सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी दिबियापुर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया । घायल छात्रा भारती पांडेय निवासी ओतो, राखी निवासी गहेसर व भटौली निवासी ब्रजेश व पप्पू एवं दिबियापुर निवासी रवि घायल हुए है।

# 800 मीटर दौड़ में अभिषेक व विकास जीते

कार्यालय संवाददाता, औरैया


विक्ट्री स्टेंड पर विजई मुद्रा में खड़े प्रतिभागी।

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित श्री सुंदर सिंह इंटर कालेज के शिवजी स्टेडियम में दो दिवसीय 27वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश कुमार व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर ध्वजारोहण व मार्च प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर बालिका वर्ग में सुंदर सिंह इंटर कालेज की छात्रा काजल शाक्य ने प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीता, कंचन दिबियापुर दूसरा स्थान ,साक्षी तीसरा स्थान, सीनियर बालिका वर्ग में रिंकी शाक्य प्रथम ,गोमती दूसरा, चांदनी तीसरा, सब जूनियर बालिका वर्ग में सोनम पहला, रूबी दूसरा, अंकिता तीसरा , 800 मीटर दौड़ सीनियर बालक वर्ग में अभिषेक पहला ,पुनीत दूसरा ,आवेश तीसरा ,800 जूनियर बालक वर्ग में विकास बाबू पहला ,दीपांशु दूसरा, नवनीत तीसरा , सब जूनियर बालक वर्ग में मोहित पहला, आकाश दूसरा, अंकित चौहान तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अन्य सभी अतिथियों का विद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप सिंह ,प्रबंधक अरुण प्रताप सिंह व प्रतियोगिता के आयोजन मंत्री क्रीड़ा अध्यक्ष मोहित यादव के द्वारा माल्यार्पण व वैज लगाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका उदय प्रताप सिंह जादौन ,रजपाल सिंह ,होशियार सिंह ,पवन नायक ,अजीत तोमर ,भूप दीप ने निभाई।वही संचालन सुरेंद्र प्रकाश पाठक ने किया

# पत्नी के जाने से दुखी होकर दी जान

**अयाना, औरैया।** कचहरी का अड्डा निवासी रामप्रकाश 42 राजस्थान में मजदूरी करता था। उसके भाई हरिकृष्ण ने बताया कि बहू रमाकांति 28 नवंबर को 5 वर्षीय बेटी प्रांति को लेकर कहीं चलीं गईं थी। इसपर भाई ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को चाचा अमर सिंह के त्रियोदशी में बहू शामिल होने आई थी। इसकी जानकारी होने पर सोमवार को भाई घर पर आ गए। भाई के आने से पहले बहू दूसरी बेटी काजल को भी ले गई। बुधवार सुबह भाई घर से बिना बताए कहीं निकल गया। सुबह परिजन के जागने पर उनकी तलाश की गई तो उनका शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला।

# महिला लेखपाल ने एसपी से लगाई गुहार

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** औरैया तहसील की लेखपाल तान्या ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके पति कपिल दुबे ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी और उनके सास व ससुर इसका आरोप उनपर लगा रहे हैं। फफूंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटरा मनेपुर मोहल्ला में ससुराल वालों ने अपनी पुत्रवधू पर बेटे की मौत का आरोप लगाया है। वहीं बहू तान्या ने बताया कि उसका पति प्राथमिक शिक्षक के रूप में अछल्दा ब्लाक में कार्यरत था। उसके पति कपिल दुबे ने कई जगहों से कर्ज ले रखा था । कर्ज अधिक होने के कारण कपिल मानसिक रूप से परेशान रहता था । वह मुझसे 15 लाख रुपये की मांग करता था। जब पत्नी तान्या ने पैसे देने में असमर्थता जताई तो मरने की धमकी देकर उसने विषाक्त का सेवन कर लिया और उसकी मृत्यु हो गई। सास ससुर ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया और अपने बेटे की मृत्यु का जिम्मेदार भी मुझे बना दिया और मेरे खिलाफ मुकदमा लिखा दिया।

कवि सम्मेलन

## मुंबई से आए जाने माने वरिष्ठ कवि चंदन राय ने माता के सामने अपने बेहतरीन गीतों से शमा बांधा

# विनती इतनी है तुमसे बिटिया मर्यादा में रहना... पर बजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता, औरैया


कवि सम्मेलन में शमां बांधते कवि चंदन राय।


कवि सम्मेलन का फीता काटकर उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर।

**अमृत विचार।** मंगलवार की शाम नव दुर्गा पूजा महोत्सव समिति राजकीय कन्या विद्यालय के पास दुर्गा नगर दिबियापुर में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने फीता काटकर कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया।

वहीं कवि सम्मेलन में मुंबई से आए जाने माने वरिष्ठ कवि चंदन राय ने माता के सामने अपने बेहतरीन गीतों से शमा बांध दिया। चंदन राय की सादगी ने दिबियापुर वालों को दीवाना बना दिया। उन्होंने अपने गीत 'मोहब्बत में है कितने गम यह हम बतला नहीं सकते यह होती भी उसी से है जिसे हम पा नहीं सकते' से भारी संख्या में पंडाल में उपस्थित श्रोताओं को तालियां बजाकर झूमने पर मजबूर कर दिया। कवियित्री गीता चतुर्वेदी ने कवि सम्मेलन की शुरुआत माता की वन्दना से की। कार्यकम में संयोजक कवि उमेश द्विवेदी ने 'हो विराजित माता नौ दिवस केवल यहां नौ दिवस के बाद भी समृद्ध रखना ये जहां'सुनाकर श्रोताओं को भक्तिमय कर दिया। कवयित्री रश्मि मनोज ने 'आभूषण हो तीन कुलों का घर आंगन का हो गहना विनती बस इतनी है बस तुमसे बिटिया मर्यादा में रहना' से बेटियों को शिक्षा दी। नवीन शुक्ल फतेहपुर ने 'ग्रंथ लघु खंड हो गया होता वर कठिन दंड हो गया होता मीरा पीती ना यूं हलाहल तो प्रेम पाखंड हो गया होता' सुनाई वरिष्ठ कवि अशोक यादव ने 'रात कितनों की काली हुयी तब तुम्हारी दिवाली हुयी तुम गुलिस्तां बनाने लगे बस्ती फिर एक खाली हुयी' से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उमाकांत मिश्रा ने किसी के वास्ते मैं अगर मेहताब हो जाऊं करे वह बंद आंखें तो मैं उसका ख्वाब हो जाऊं सुनाकर तालियां बटोरीं । कवियित्री गीता चतुर्वेदी ने मन सुपरिचित हो न पाया देह से परिचय हुआ है जिंदगी के मंच पर यूं प्यार का अभिनन्दन हुआ यह सुनाकर जबरदस्त तालियां बटोरीं । इससे पूर्व समिति के आयोजकों ने मुख्य अतिथि सहित कवियित्री व कवियों को स्मृति चिह्न ,पट्टिका पहनाकर व मालार्पण कर सम्मान किया। इस अवसर पर कमलेश अवस्थी, अशोक अवस्थी, धमेंद्र गुप्ता, ब्रजेन्द्र शुक्ला, दिनेश तिवारी, राहुल दीक्षित, ब्रह्म स्वरूप पाण्डेय, राम गोविंद शुक्ला, नीलम यादव, शीला शुक्ला, राधिका पाण्डेय, अनीता द्विवेदी, नागेंद्र शुक्ला, लाल जी दुबे आदि रहे।

# सदस्यता, संगठन का मजबूत आधार

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक को सम्बोधित करते असम के पूर्व राज्यपाल व दिल्ली के पूर्व मंत्री जगदीश मुखी।

- मुख्य अतिथि के रूप में असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी रहे उपस्थित

**अमृत विचार।** बुधवार की शाम भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय तुर्कीपुर में सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें असम के पूर्व राज्यपाल व दिल्ली के पूर्व मंत्री जगदीश मुखी उपस्थित रहे। श्री मुखी द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं से अब तक पूर्ण हुई सदस्यता पर जानकारी ली गई।

श्री मुखी द्वारा सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण के शेष दिनों में सदस्यता अभियान में तेजी लाने को लेकर सुझावों को साझा किया गया, उन्होंने कहा कि चीन का एक राजनीतिक दल कभी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल हुआ करता था। लेकिन आज आप समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओं की लगन व विश्वास की ताकत पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में प्रतिस्थापित हुई है। आज पार्टी के पास देश को आगे ले जाने वाले नेतृत्वकर्ता के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में हमारे पास हैं, जो लगातार सेवा की कार्य में लगे रहते हैं । कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी आनन्द सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने सदस्यता अभियान की वस्तु स्थितिओं पर प्रकाश डालते हुए शेष सदस्यता दिवसों में तेजी लाने की बात दोहराई गई।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, अनुसूचित आयोग की सदस्य नीरजा गौतम ,पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, श्रीराम मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पुस्तकस्था तु या विद्या, परहस्तगतं च धनम्।
कार्यकाले समुत्तपन्ने न सा विद्या न तद् धनम्॥

पुस्तक में रखी विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन, ये दोनों ही समय आने पर किसी भी काम नहीं आया करते।

## संपादकीय

# अप्रत्याशित नतीजे

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों के उलट साबित हुए। चुनाव बाद हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। अब हर कोई चुनाव परिणामों से हैरान है। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था, मगर वहां भी नतीजे सर्वेक्षण के विपरीत आए। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवादी व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। चुनावी विश्लेषक यह उम्मीद कर रहे थे कि भाजपा को अच्छी बढ़त मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने मिलकर बहुमत से अधिक सीटें हासिल की हैं। हरियाणा चुनाव में जाट और गैर-जाट का मुद्दा निर्णायक साबित हुआ। जाट कांग्रेस की तरफ केंद्रित हो गए थे। यद्यपि कांग्रेस ने गैर-जाट को अपनी तरफ करने की भरपूर कोशिश की, पर उसमें कामयाब नहीं हो सकी। इस बार आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि दलों ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, लेकिन ये दल चार फीसद से अधिक वोट हासिल नहीं कर सके। भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर नहीं हुए। छोटे दलों ने जो वोट अपने पाले में खींचे, वे अगर मिल जाते, तो कांग्रेस को बहुमत मिल सकता था, मगर भाजपा ने चुनाव से कुछ समय पहले मुख्यमंत्री बदलकर और गैर-जाट वोट को आकर्षित कर शानदार विजय सुनिश्चित कर ली।

हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटी इन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी किया ही साथ ही लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली पहली पार्टी बन गई है। भाजपा ने एक बार फिर नायब सैनी जैसे नए चेहरे के साथ दांव खेला और बेहतर परिणाम मिला। भाजपा हमेशा की तरह एकजुट होकर लड़ी और उसे संघ का पूरा साथ मिला। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर भरोसा जताकर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है। हालांकि दोनों राज्यों में सरकारों के सामने चुनौतियां कठिन हैं। हरियाणा में भाजपा के लिए विश्वास जीतने की चुनौती है तो कश्मीर में केंद्र के साथ तालमेल बनाए रखने की।

# संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं।

वर्तमान में संविधान की पोथी राजनीतिक कशमकश के कारण हर नागरिक के हाथ में हथियार बनाकर पकड़ाए जाने का सियासी शगल चल रहा है। ज्यादातर नेताओं, सांसदों, विधायकों को संविधान की अंतर्धारा की बारीकियों की सही जानकारी नहीं होती। संविधान उनके लिए झुनझुना है जिसे बजाकर मतदाताओं को बाल बुद्धि का समझकर बहाला, फुसला उन्हें भूख से तड़पने के बदले चुप कराया जा सके। ज्ञान की धमनभट्टी से संविधान निर्माताओं ने हड्डियां गलाकर रोशनी का पुंज संविधान पैदा किया, जो भारत के भविष्य को अज्ञात समय तक आलोकित कर सकता है। संविधान ही नहीं, पूरा भारत जिन कंधों पर टिका है, वह गांधी के शब्दों में आखिरी छोर पर खड़ा आदमी जीता जागता भारत है। पेड़, पत्ते, पहाड़, नदियां, खदानें, जंगल, पूरा आसमान, बल्कि पूरी कायनात संविधान की मुट्ठी में है।

वही संविधान अब कुलबुला रहा है। करवटें ले रहा है। उसे बहलाए, सहलाए जाने की कोशिशें हो रही हैं। उस पर अलग-अलग बल्कि पुश्तैनी दावा ठोका जा रहा है। उसका पेटेंट किया जा रहा है। उसकी अभिव्यक्तियों का कापीराइट दर्ज हो रहा है। जनता ही भारत है। उसे ही तमाशबीन बना दिया गया है। जनता के नुमाइंदे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, सेना और संसद आदि कहलाते जनता के मालिक बन गए हैं, जो चाहे संविधान की मुश्कें बांधने कमर कसकर देश को अखाड़ा समझ रहा है।

संविधान स्थितप्रज्ञ बुजुर्ग वांछनीयता में मुस्करा रहा है। यही हो रहा है। कहा जा रहा है देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' होगा। सभी निर्वाचित संस्थाओं संसद, विधानसभाओं और हो सके तो पंचायत और नगरीय संस्थाओं के चुनाव भी एकसाथ करा लिए जाएं। इसके लिए कोई गंभीर रायशुमारी नहीं हुई है। संविधान की आंत में नीयतें और मशविरे दर्ज हैं। उनसे पूछा तक नहीं गया है। मौजूदा निजाम हर पूर्वज वचन और हिदायत को पचहत्तर पार के संरक्षक मंडल का आर्तनाद समझता है। वह कथित तौर पर समय, श्रम, धन और अनावश्यक परेशानियों को कम करना चाहता है। इसके लिए संविधान में संशोधन करने की तजवीज है। इक्कीसवीं सदी में आलिम फाजिल और वैश्विक संपर्क के हो रहे भारतीय नागरिकों को भी समझाया जा रहा है कि यह तो छोट-मोटा ऑपरेशन है। फिर तो पूरे देश में एक साथ हर तरह के चुनावों की जश्नेबहार होगी।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे।

मन करता है सवाल पूछें, जो लोग इस इंतजाम से मुतमईन हैं और वे भी जिन्हें यह नागवार गुजरता है। उन्होंने अपने आईन की स्तरों को किस तरह उलट पलटकर देखा है। संसद संविधान सभा नहीं है, जो नया संविधान बनाए। शुरुआत तो वहां से हो जब संविधान तीन बरस की मशक्कत में तीन सौ निर्वाचित सदस्यों के साथ भविष्य के भारत का बीजक लिख रहा था। पुरखों ने ऐलानिया कहा देश के लिए एक संसद और सभी प्रदेशों के लिए विधानसभाएं होंगी और कहीं-कहीं विधान परिषदें भी।

सबसे जिम्मेदार वक्तव्य हुआ गांधी, नेहरू और पटेल की सहमति से चुने गए प्रारूप समिति के सभापति डा. भीमराव आंबेडकर का। उन्होंने साफ कहा भारत में प्रतिनिधि संस्थाओं के चुनाव स्थायी प्रकृति के होंगे। यह नहीं होगा कि चुनाव हो गए और फिर उनसे छोड़ छुट्टी या खामोशी या उनसे खुट्टी। आंबेडकर ने कहा था इसमें कोई शक नहीं कि शुरू में हमने सोचा कि हर पांच साल में चुनाव होंगे, लेकिन जानते हैं फिर लगातार उपचुनाव होंगे। हम जानते हैं विधानसभाएं भंग होंगी और फिर अलग-अलग चुनाव का इंतजाम करना होगा। इस वास्ते मतदाता सूचियां बार-बार तरोताजा की जाती रहेंगी तथा और भी कई काम होंगे। एक स्थायी चुनाव आयोग की जरूरत हम महसूस करते हैं, जो आंबेडकर ने कहा वैसा हुआ भी। ऐसी कद काठी के विचारक को तो प्रज्ञा पुरुष कहते हैं, भविष्यदर्शी भी। उनके पास सच्ची डिग्रियां थीं, इतनी ज्यादा जो संविधान सभा में किसी के पास नहीं थीं।

आंबेडकर की तरह शिब्बनलाल सक्सेना ने जोर देकर कहा था "हमारे संविधान में यह शामिल नहीं किया गया है कि हर चार वर्ष के बाद अवश्य ही चुनाव होगा जैसा कि अमेरिका में होता है। भारत में शायद किसी न किसी प्रदेश में हमेशा चुनाव होते ही रहेंगे। भारत में देशी रियासतों के शामिल होने पर लगभग तीस प्रदेश हो जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पर भी विधान-मंडल का विघटन हो जाएगा। इसलिए मुमकिन है केंद्र तथा प्रदेशों के विधान मंडलों के चुनाव एक ही समय पर न हों। हर समय कहीं न कहीं चुनाव होता रहेगा। हो सकता है कि अभी शुरुआत में अथवा पांच या दस वर्षों तक ऐसा नहीं हो, लेकिन दस बारह वर्ष के बाद हर समय किसी न किसी प्रदेश में चुनाव होता रहेगा।"

पेचीदा प्रश्न आता था। तब आंबेडकर आत्मविश्वास के साथ संवैधानिक ज्ञान की वर्जिश करते दुनिया के चुनिंदा संविधानों के उन हिस्सों की तरफ सभा की बहस ले जाते थे, जिन्हें अन्यथा सदस्यों ने या तो पढ़ा नहीं होता था या उन्हें मालूम तक नहीं होता था। आंबेडकर नहीं चाहते थे कि ऐसा संविधान बन जाए, जिसका लोकतांत्रिक देशों की संविधान परंपरा से कोई समानांतर रिश्ता भी नहीं रहे। अन्यथा भविष्य में भारतीय संविधान व्याख्याओं को लेकर दुनिया से अलग-थलग पड़ा रह सकता था। ऐसा बौद्धिक चमत्कार वही कर सकता था, जिसने दुनिया के संविधानों को भारतीय संदर्भ में अपने सोच में जज्ब कर लिया हो। आंबेडकर के इस कहे को मिटाने की कोशिश वे लोग कर रहे हैं, जिन्हें संविधान का ककहरा व्यापारिक बहीखाता लगता है। आंबेडकर ने कभी इशारा तक नहीं किया था कि जम्हूरियत के कारवां को कभी लौटकर फिर इब्तदा करनी होगी। वे जानते थे जम्हूरियत का रास्ता वर्तुलाकार या गोल नहीं होता। वह आगे बढ़ता है। भारतीय लोकतंत्र को अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस, कनाडा, आयरलैंड, स्विटजरलैंड और दक्षिण अफ्रीका आदि कई देशों के संविधान के साथ लोक मर्यादाओं को लेकर भी कदमताल करना होगा। विश्व संविधानों की समझ का बहस घर एक तरह का संयुक्त राष्ट्र संघ ही तो है। उनकी नजर, नीयत और भारत की नियति में कोई खोट नहीं थी। आज जो सत्ता में हैं, वे दूर दृष्टि से बाधित हैं। उनकी निकट दृष्टि कहती है हर प्रदेश में भी जल्द से जल्द सत्ता पर काबिज हो जाओ। आगे जो होगा देखा जाएगा। हालिया महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव भी होना है। उन चुनावों को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों के साथ जो शामिल नहीं कर सके। वे हिन्दुतान में एक साथ चुनाव कराने का दिन में ख्वाब देख रहे हैं।

समझना फिर जरूरी है। आंबेडकर ने दो टूक कहा था कि अमूमन सभी विधायिकाओं का कार्यकाल पांच वर्ष के लिए ही होगा। सिवाय इसके कि कोई उपचुनाव हो जाएं या पांच वर्ष के पहले विधायिका को भंग कर दिया जाए। आंबेडकर ने ऐसा कतई इशारा या कथन नहीं किया था कि केन्द्र सरकार चाहे तो किसी विधानसभा का कार्यकाल घटा, बढ़ा दें। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा और मतदाता का मौलिक अधिकार हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव संबंधी प्रावधानों का ब्यौरा है। गवर्नमेन्ट आफ इंडिया एक्ट, 1935 और अन्य ब्रिटिश कानूनों के तहत चुनाव कराने का जिम्मा कार्यपालिका अर्थात सरकार पर होने से केवल मजाक होता था। इसलिए संविधान सभा में शुरू से आम राय उभरी कि वोट देना नागरिक का मूल अधिकार बनाएंगे। चुनाव के लिए स्वतंत्र मशीनरी की स्थापना भी करना होगा। विख्यात संविधानविद् जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर के अनुसार प्रजातंत्र का अर्थ ही चुनाव के प्रजातंत्र से है। संविधान एक अंतहीन बहस और लचीला हथियार है। उसकी संवेदना और गरिमा की घोषणाएं नागरिक संस्कारों की कहानी हैं।

## प्रसंगवश

# समाजवादी राजनीति के पुरोधा धरतीपुत्र मुलायम

**पुण्यतिथि**

समाजवादी पुरोधा नेता जी के नाम से उत्तर प्रदेश में लोकप्रिय रहे मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि है। पांच दशकों तक समाजवादी धारा की राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव एक जनाधार वाले नेता के रूप में स्थापित रहे। उनके प्रभावी सार्वजनिक/राजनैतिक जीवन के कारण ही मरणोपरांत उन्हें पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

भारतीय राजनीति के बदलते मूल्यों के दौर में मुलायम सिंह आजीवन खांटी भारतीय वेशभूषा कुर्ता-धोती पहनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में देशी भाषा की लड़ाई का सवाल, भारत-पाक-बांग्लादेश महासंघ की वकालत, चीन की सीमा विस्तार नीति की निंदा, देश की अर्थव्यवस्था किसान केन्द्रित बनाए रखे जाने के पक्ष में मजबूत आवाज उठाते रहे। मुलायम सिंह यादव नेताजी के नाम से राजनीति में लोकप्रिय रहे। उन्होंने लोहिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। एक कुशल वक्ता के रूप में उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में अपनी प्रबल उपस्थिति दर्ज कराते हुए जनता की समस्याओं की मजबूत लड़ाई लड़ी। सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में सदन में उन्होंने सदैव समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए संघर्ष किया। इसी संघर्ष के फलस्वरुप वे तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार में रक्षा मंत्री पद पर सुशोभित हुए। मुख्यमंत्री एवं रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए जिनके निर्णयों की सराहना आज भी होती है।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

एक छोटे से गांव में जन्म लेकर यूपी जैसे विशाल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का सफर विषमताओं से भरा रहा, लेकिन चुनौतियों का सामना करते हुए कुशल नेतृत्व के रूप में उन्होंने स्वयं को स्थापित किया। मात्र 15 वर्ष की आयु में समाजवाद के शिखर पुरुष डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के आह्वान पर किसानों की समस्याओं को लेकर पहली बार जेल गए मुलायम सिंह यादव 1954 में चर्चा में आए, जिसके बाद 1967 में सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर पहली बार में ही उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1974 से 2007 तक 10 बार विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। दो दशकों से अधिक की जमीनी राजनीति करते हुए मुलायम सिंह यादव ने लोहिया के समाजवादी सिद्धांत एवं चौधरी चरण सिंह की किसान हितैषी नीतियों को आधार बनाकर 5 नवंबर 1992 को लखनऊ में समाजवादी पार्टी की स्थापना किया। एक तरफ सदन में बुनियादी प्रश्नों पर समाजवादी दृष्टि के आधार पर बहसों को प्रभावित किया, वहीं दूसरी तरफ जनता की जरूरत पर सजग दृष्टि रखते रहे। अपने दायित्व को पूरा करने में उन्होंने कभी भी दलीय दायरों तथा जाति-धर्म की भाषा को स्वीकार नहीं किया।

आज जब राजनीति में व्यक्तिगत कटुता, आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है, सदन में असंसदीय भाषण का चलन जोरों पर है। बड़े-बुजुर्गों की उपेक्षा भी बेहिचक की जा रही है। ऐसे में राजनीति से जुड़े लोगों के लिए मुलायम सिंह यादव का राजनैतिक जीवन उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दलीय राजनीति से परे जाकर अपने धुर राजनैतिक विरोधियों की मदद करने में पूरी उदारता दिखाई। संघर्ष के दिनों के साथियों का उन्होंने बड़ा ख्याल रखा। राजनैतिक सहयोगी और जीवन के अंतिम समय तक कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले छोटे लोहिया की स्मृति को संजोने के लिए लखनऊ में निर्मित जैव विविधता से परिपूर्ण जनेश्वर पार्क में उनकी आदमकद मूर्ति बनाने की प्रेरणा मुलायम सिंह की ही है। छोटे लोहिया के नाम से लोकप्रिय रहे जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देने के इस अनूठे तरीके के राजनैतिक विरोधी भी कायल है।

जीवन के अंतिम समय में भी मुलायम सिंह यादव बेहद सक्रिय और राजनैतिक रूप से सचेत रहे। एक सामान्य ग्रामीण परिवार में जन्म लेकर देश के प्रथम पंक्ति के राजनीतिज्ञ बनने की उनकी यात्रा अनेक संघर्षों और जीवटता का प्रतीक है।

# हरियाणा में भाजपा के कुशल प्रबंधन की जीत



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है।

हरियाणा के नतीजों ने आज पूरे देश को हैरान कर दिया है और इसका कारण ये है कि हरियाणा के चुनावों को शुरुआत से ही कांग्रेस के पक्ष में माना जा रहा था। चुनावी एक्सपर्ट्स, राजनीतिक विश्लेषक, पत्रकार, मीडिया और यहां तक कि एग्जिट पोल भी इन चुनावों में बीजेपी की हार का अनुमान लगा रहे थे, लेकिन हरियाणा की जनता ने इन सबको एक्सपोज कर दिया और सारे एग्जिट पोल आज गलत साबित हो गए और बीजेपी ने तीसरी बार चुनाव जीतते हुए, पिछले दो विधानसभा चुनावों से भी अच्छा प्रदर्शन किया।

लोकसभा चुनावों की तरह बीजेपी ने इस बार अति आत्मविश्वास नहीं दिखाया, बल्कि बीजेपी हरियाणा में विनम्र बनी रही और उसके लाखों कार्यकर्ता दिन-रात चुपचाप जमीन पर काम करते रहे, जबकि बीजेपी की तुलना में इस बार कांग्रेस ज्यादा आक्रामक थी और अति आत्मविश्वास में थी। लोकसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार ये माहौल पैदा कर रहे थे कि अब प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है और धीरे-धीरे बीजेपी ढलान की ओर जा रही है, लेकिन हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बीजेपी के शानदार प्रदर्शन की वजह से ये माहौल रातों-रात बदल गया है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा 27 मौजूदा सीटें बचाने में कामयाब रही है तो 22 नई सीटें भी जीती हैं। इनमें से नौ नई सीटें जाटों के गढ़ से जीती हैं। इसी के साथ हरियाणा के 57 साल के इतिहास में भाजपा पहली पार्टी है, जो लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा चुनाव में भाजपा को 39.94 प्रतिशत, कांग्रेस को 39.09, आप को 1.79, जेजेपी को 0.90, आईएलडी को 4.14 प्रतिशत मिले हैं। साफ जाहिर है कि भाजपा और कांग्रेस के मतों में ज्यादा



का अंतर नहीं है, लेकिन सीटों में 11 का अंतर है। चुनाव के अंतिम मौके पर नायब सैनी को सीएम बनाना भी काम कर गया। दूसरी बात सैनी का सौम्य व्यक्तित्व भी काम कर गया। सैनी बड़बोले नहीं हैं। सैनी को समय बहुत कम मिला पर, उन्होंने ओबीसी अधिकारों के लिए कई कानून बनाए। कई ऐसी योजनाएं बनाईं जो सीधे आम जनता को फायदा पहुंचाने वाली हैं। ओबीसी वोटों का ध्रुवीकरण भी कराने में भी सैनी को सफलता मिली।

हरियाणा की राजनीति जटिल सामाजिक समीकरणों से भरी हुई है। अलग-अलग जातियों के प्रति भाजपा की अपील इस सफलता में महत्वपूर्ण रही है। पार्टी ने रणनीतिक रूप से गठबंधन बनाने और विभिन्न समुदायों के साथ जुड़ने का प्रयास किया है, जिससे एक व्यापक समर्थन आधार तैयार हुआ है। भाजपा की जीत का एक प्रमुख कारण प्रभावी स्थानीय लीडरशिप है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वोटर्स से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका शासन शैली, स्थानीय मुद्दों और विकास पर केंद्रित, वोटर्स के साथ गूंज उठी। साथ ही भाजपा की बूथ मैनेजमेंट रणनीति अत्यंत प्रभावशाली साबित हुई। पार्टी ने अपने वर्कर्स को मतदाता टर्नआउट सुनिश्चित करने के लिए संगठित किया। खास करेक, उन क्षेत्रों और जनसांख्यिकी पर ध्यान केंद्रित किया, जहां उनकी उपस्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता थी। यह सावधानीपूर्वक योजना पार्टी की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली रही। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई कल्याणकारी योजनाएं और अवसंरचना परियोजनाएं हरियाणा में प्रभावी ढंग से संप्रेषित की गईं, जिससे पार्टी की छवि को मजबूती मिली। हरियाणा की जीत बीजेपी के लिए आने वाले चुनावों में एक शुभ संकेत जैसा भी है, जिसकी शुरुआत महाराष्ट्र से होगी। हरियाणा ने बीजेपी को 2024 लोकसभा चुनावों के दौरान देखी गई गिरावट को उलटने का पहला वास्तविक मौका दिया है। यहां जीत से महाराष्ट्र, झारखंड और अंततः दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन की नींव रखी जा सकती है। हरियाणा में हैट्रिक लगातार भाजपा के हौसले आने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बुलंद हैं। अगला विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में होना है, ऐसे में हरियाणा में पार्टी की जीत के कई मायने हैं। हरियाणा में भाजपा की जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं है, यह प्रभावी लोकल लीडरशिप, मजबूत बूथ मैनेजमेंट और सेंट्रल लीडरशिप के रणनीतिक प्रभाव का एक मिश्रण है। यह जीत पार्टी के लिए आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाती है।

## सोशल फोरम

# लोकतंत्र में धनबल का प्रयोग

यह कैसी ग्राम सभा है, जहां नीलामी से सरपंच बना जाता हो। ग्राम सभा लोकतंत्र या स्वराज की बुनियाद है। स्थानीय ग्रामीण एवं शहरी निकायों की नींव पर ही लोकशाही के प्रासाद के अधिष्ठान की परिकल्पना की गई है। वह नींव जितनी ही पुख्ता, कारगर या ठोस रहेगी, लोकतंत्र की बृहत्तर होती जाती इकाइयां मंज़िल-दर-मंजिल यानी क्रमिक रूपेण उसके ऊपर उठती जाएंगी।



कृष्णस्वरूप आनन्दी
सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रयागराज

पंजाब से एक निराशजनक समाचार सुनने को मिला है। गुरुदासपुर जनपद के हरदोवाल कलां ग्राम-सभा में सरपंच-पद के लिए नीलामी का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रामीणजनों ने यह तय किया है कि उस व्यक्ति को सरपंच पद के लिए चुना जाएगा, जो ग्राम सभा के विकास के लिए अधिकतम धनराशि देगा। लोगों की मतिभ्रष्टता या विपरीतबुद्धि को क्या कहा जाए? अब तो लगता है कि पूरे कुएं में ही भांग पड़ गई है।

गांव में सरपंच पद के लिए नीलामी आयोजित की गई। नीलामी की बोली 50 लाख रुपये से शुरू हुई। एक स्थानीय नेता ने 2 करोड़ रुपये की बोली लगाई। बठिंडा के गहरी बुट्टर गांव में सरपंच पद के लिए इसी तरह की नीलामी हुई थी। उल्लेखनीय है कि पंजाब में जल्द ही ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं।

चुनावों में धनबल निर्णायक होता जा रहा है। चुनाव दलों के जरिए लड़े जाते हैं। दलीय उम्मीदवार भी अक्सर मोटी रकम का भुगतान करके ही टिकट खरीदते देखे जाते हैं। दलों की कॉरपोरेट-फंडिंग हो रही है। बड़े धन-कुबेर और कंपनी बहादुर अधिकांश चुनावबाज़ नेताओं और राजनीतिक दलों की नकेल थामते से नजर आ रहे हैं।

स्थानीय निकायों से लेकर केन्द्र या शीर्ष तक हुक्मरान अमूमन बड़े धनपशुओं से ही पोषण पा रहे हैं। भगवान वह दिन न दिखाए, जब जन-प्रतिनिधि सीधे तौर पर देशी-विदेशी यानी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के द्वारा नामित या प्रायोजित किए जाते हों। हम भारत के लोग इस संकल्प के साथ सतत आगे बढ़ते रहें कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को स्वदेशीपरक, स्वराजोन्मुख, स्वतः स्फूर्त, उत्तरदायी-संवेदनशील तथा सार्थक प्रभावी बनाना है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सकारात्मक दृष्टिकोण से सुदृढ़ होगा मानसिक स्वास्थ्य

हाल ही में एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में अध्ययनरत छात्र ने एक छात्रा के बात न करने के कारण आत्महत्या कर ली। वहीं कोटा तथा अन्य शहरों में पढ़ाई के अत्यधिक दबाव या अन्य कारणों के चलते इस प्रकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आत्महत्या करने वाला व्यक्ति सांकेतिक रूप से ऐसा प्रकट अवश्य करता है, परंतु बहुत बार इसे ड्रामा या नाटक का नाम दे दिया जाता है। यदि इन संकेतों को गंभीरता से लिया जाए तथा वक्त रहते उनके व्यवहार के पीछे के कारणों का पता लगा लिया जाए तो बहुत से लोगों को उनकी जीवनलीला समाप्त होने से बचाया जा सकता है।

अक्सर विषादग्रस्त व्यक्ति को पहली नजर में देखकर ये अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है कि वो डिप्रेशन से पीड़ित है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अवसाद की परिभाषा भी थोड़ी बदल गई है। ऐसे व्यक्ति हमेशा शांत या गंभीर रहें ये आवश्यक नहीं है। अपने चेहरे पर खिलखिलाती मुस्कान रखने वाले और खुशियां बिखेरने वाले व्यक्ति भी दुःखी और निराश हो सकते हैं। मनोवैज्ञानिक भाषा में कहें तो ये मुस्कुराहट उस डिफेंस मैकेनिज्म की तरह काम करती है, जिसके पीछे वो अपने दुखों को छिपाने की कोशिश करते रहते हैं, जिन्हें हम जिंदगी में खुश और संतुष्ट समझने की भूलकर बैठते हैं। अक्सर ऐसे ही व्यक्ति डिप्रेशन से पीड़ित होते हैं, पर अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसा क्यों है?



डॉ. तान्या दीक्षित
मनोवैज्ञानिक, लखनऊ

ऐसे व्यक्ति कई बार सबके साथ हंसते बोलते तो देखे जाते हैं, लेकिन वो अपने मन की बातें किसी के साथ शेयर नहीं कर पाते। वो लोगों पर जल्दी विश्वास नहीं कर पाते और ऐसे में वो डरते हैं कि लोग उन्हें क्रिटिसाइज करेंगें या मजाक बनाएंगे। उनका यही विश्वास और भी दृढ़ होता चला जाता है, जिससे वो अपनी समस्या किसी से शेयर नहीं कर पाते और मन ही मन घुटते रहते हैं। ऐसे में टॉकिंग थेरेपी डिप्रेस्ड व्यक्ति के जीवन को निराशा के अंधेरे से बाहर लाने में सहायता कर सकती है। ये उनके विचार और भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनती है। याद रखें कि हताश और विषादी व्यक्ति चाहता है कि उसे कोई सुनें, जिससे उसकी आधी तकलीफ पहले ही कम हो सकती है। ऐसे व्यक्ति की मनोदशा को समझने का प्रयास किया जाना चाहिए। विषादी व्यक्ति को संवेदनशीलता, प्यार, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और सकारात्मक बातचीत करके ये भरोसा दिलाने की जरूरत होती है कि वो अकेले नहीं हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि जैसे सागर की गहराई को केवल उसके सतह के आधार पर नहीं मापा जा सकता, उसकी गहराई में उतरना पड़ता है, वैसे ही किसी व्यक्ति के बाहरी व्यक्तित्व के आधार पर ये नहीं जाना जा सकता कि वे विषादग्रस्त है या नहीं। ये जानने के लिए उसके आतंरिक आत्म (इनर सेल्फ) को जानना भी आवश्यक होता है।

उन्हें सिर्फ ये यकीन दिलाने की दरकार होती है कि धैर्य और हिम्मत से हर समस्या का समाधान संभव है, जो मेंटल सपोर्ट और पॉजिटिविटी की पिल्स के द्वारा संभव है। विषादग्रस्त व्यक्ति को कभी भी अकेले नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही कोशिश ये भी करनी चाहिए कि चाकू, शीशे के सामान, पिस्टल, गन, ब्लेड जैसे सामान उस इंसान की पहुंच से बाहर रहें। उन्हें ये एहसास दिलाने की जरूरत होती है कि वे उनके अपनों के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। साथ ही नेवर गिव अप सिद्धांत को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना होगा, जिससे वो अपने नकारात्मक आज को महज एक अतीत की तरह भुलाकर सकारात्मक दृष्टिकोण से एक सुनहरे कल में प्रवेश कर सकें।

# मिलावट का दौर

व्रत-त्योहारों का समय हर बार मिलावट के लिए चर्चा का विषय बना रहता है। तिरुपति के प्रसादम में मिलावट के बाद ऐसा लगता है आम खाने-पीने के समान, मिठाइयों और नमकीन में कुछ भी शुद्ध नहीं बचा है, पनीर, घी तेल, मावे, बेसन और कुटू के आटे से बनाई चीजों के खाने से लोगों के बीमार होने की खबरे लगातार प्रकाशित हो रही हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की हालिया रिसर्च के अनुसार देश के 17 शहरों से लिए गए फूड सैंपल बड़ी मात्रा में मेटल पाया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हाल ही में एनसीआर में की गई छापेमारी में नोएडा में नकली घी और पनीर पकड़ा गया, जो दूध हम लोग पी रहे हैं, उसके बारे में भी नहीं पता कि वो दूध है भी या केमिकल पिलाया जा रहा है। व्यवसाय करने वाले खुद बताते हैं कि त्योहारी सीजन में जितने दूध-घी, पनीर और मावे की मांग होती है, उतनी सप्लाई वास्तव में संभव नहीं है। जो मिलावटी सामान हमारे स्वास्थ्य को खराब कर रहा है, उसके इलाज के लिए दी जाने वाली दवाएं भी नकली पाई गई हैं। हाल में गाजियाबाद के पास पिलखुवा में बिना लाइसेंस के चल रही दवाई फैक्ट्री में 25 लाख की दवाइयां पकड़ी गई हैं, जिन्हें नामचीन दवाइयों के रैपर में बेचा जा रहा था।

ऐसे में जरूरत इस बात की है कि जनहित को ध्यान में रखकर मिलावट के खिलाफ एक बड़ी मुहिम चलाई जानी चाहिए। अन्यथा मिलावटखोर और मुनाफाखोर आम आदमी के साथ धोखा करते ही रहेंगे। इसके लिए हर लेवल पर जन सतर्कता ग्रुप बनाए जा सकते हैं, जो समय-समय पर कुछ दुकानों से नमूने ले सकें और सरकार को भी मिलावट के खिलाफ अभियान तेज करने और कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### लखीमपुर खीरी और पलिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के राजस्व क्षेत्र तय

**अमृत विचार, लखनऊ** : राज्यपाल की स्वीकृत के बाद शासन ने लखीमपुर खीरी और पलिया के न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के राजस्व क्षेत्र की अधिसूचना जारी की है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत जारी आदेश में बताया है कि सिविल न्यायाधीश जूनियर डिविजन लखीमपुर खीरी की सीमा क्षेत्र में जिले की तहसील लखीमपुर, तहसील पलिया, तहसील गोला का केवल परगना भूड़ और परगना कुकरा, तहसील धौरहरा, तहसील मोहम्मदी का परगना कस्ता और परगना औरंगाबाद शामिल किया गया है। जबकि सिविल न्यायाधीश जूनियर डिविजन पलिया, लखीमपुर खीरी के सीमा क्षेत्र में तहसील पलिया का परगना पलिया, परगना निघासन व परगना भूड़ के वे क्षेत्र जो तहसील पलिया के अधीन आने वाले गांव शामिल होंगे।

### एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की सब्सिडी

**अमृत विचार, लखनऊ** : राज्य सरकार ने लखनऊ के एचसीएल आईटी सिटी को 21.08 करोड़ की धनराशि सब्सिडी के तौर पर देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें ब्याज के तौर पर 19.50 करोड़ तथा ट्यूशन फीस के तौर पर 1.57 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है।

### मेरठ में 11 नवंबर को खेल कैडेट की खुली चयन रैली

**अमृत विचार, लखनऊ** : लड़कों की घुड़सवारी के लिए खेल कैडेट की खुली चयन रैली 11 से 14 नवंबर तक रिमाउंट वेटरनरी कोर (आरवीसी) और कॉलेज, मेरठ कैंट में होगी। प्रारंभिक स्क्रीनिंग के लिए उम्मीदवारों को 11 नवंबर की सुबह 4 से 6 बजे तक रैली स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। चयनित उम्मीदवारों को 10वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा, भोजन और आवास, बीमा, चिकित्सा सुविधा और घुड़सवारी में कोचिंग प्रदान की जाएगी।

### राजभवन में हुई मां दुर्गा की आराधना

**अमृत विचार, लखनऊ** : राजभवन में बुधवार को नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की आराधना व आरती की गई। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, प्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी भी शामिल हुईं।

# जितने ज्यादा सदस्य बनाएंगे, उतनी अहम जिम्मेदारी मिलेगी

## भाजपा में सांगठनिक पदों पर दायित्व बदलने का नया फार्मूला तय. सक्रिय और युवा टीम को सौंपी जाएगी कमान

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** हरियाणा में विजय पताका फहराने के बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं का फोकस उत्तर प्रदेश में नए ऑपरेशन पर है। इसका मानक लोकसभा में खराब प्रदर्शन को लेकर हुए शिकवा-शिकायतों के बजाय सदस्यता अभियान में सफलता-असफलता के ताजा आंकड़े होंगे। नए सदस्य बनाने में जिसकी जितनी संख्या भारी होगी, उतनी ही उसकी सांगठनिक अहम पदों पर दावेदारी होगी। यानि नए उत्तर प्रदेश के लिए सक्रिय और युवा टीम को कमान सौंपी जाएगी।

लोकसभा चुनाव में प्रदेश के परिणाम भाजपा के अनुकूल नहीं रहे। इसके पीछे हुई समीक्षा दर समीक्षा और तमाम स्तर की रिपोर्टों के बाद भी किसी की न जिम्मेदारी तय हो पाई न ही कार्रवाई हुई। पहले खराब प्रदर्शन के बाद 50 से अधिक जिलाध्यक्षों को हटाने की बात हो रही थी, लेकिन तमाम रिपोर्ट में जब जिलाध्यक्ष के बजाय हराने में सांसदों-प्रत्याशियों से नाराज विधायकों, महापौर आदि चुने हुए जनप्रतिनिधियों की लामबंदी सामने आई तो अनिर्णय के हालात उत्पन्न हो गए। यहीं नहीं, हारे हुए सांसद ही कई जिलाध्यक्षों के बचाव में खड़े थे। तमाम नेताओं-कार्यकर्ताओं के बगावत के मामले में कोई उन्हें हटाना चाहता था, तो कोई बचाव में पेशबंदी करता दिखा।

इसीलिए अब सदस्यता अभियान की कसौटी से बड़े पैमाने पर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। 15 अक्टूबर को अभियान पूरा होते ही 16 अक्टूबर से पार्टी के सक्रिय सदस्य बनने का अभियान चलेगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 साधारण सदस्य बनाने हैं, और बूथ स्तर तक 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया में अधिकाधिक सदस्य बनाने वालों को ही जिला-महानगर से लेकर बूथ कमेटियों की जिम्मेदारी मिलेगी। इसकी शुरूआत सबसे पहले बूथ अध्यक्षों के चयन से होगी।

लिहाजा पार्टी ने शीर्ष स्तर से ही तय किया है कि सदस्यता अभियान में जिसके द्वारा बनाए गए सक्रिय सदस्यों की संख्या अधिक होगी, उसकी सांगठनिक पदों पर दावेदारी मजबूत होगी। ताजपोशी में विरोध करने वाले अपने आप गौण हो जाएंगे। सभी सांसद-विधायक व पूर्व के जनप्रतिनिधियों और बड़े नेताओं समेत कार्यकर्ताओं की सक्रियता को देखते हुए उन्हें संगठन के साथ आयोग, निगमों, प्रकोष्ठों में स्थान दिया जाएगा।

### मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी गंवाएंगे कुर्सी

पार्टी के शीर्ष सूत्रों का कहना है कि बदलाव का असर केवल बूथ-मंडल, जिला-महानगर तक ही नहीं दिखेगा, बल्कि खराब प्रदर्शन करने वाले मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भी कुर्सी गंवाएंगे। प्रदेश संगठन में जमे ऐसे तमाम दिग्गज भी नए फार्मूले पर धराशायी होते दिखेंगे, जो लोग एसी कमरे से बाहर नहीं निकलते है, और नए सदस्य जोड़ने में कोई रूचि लेते नहीं दिखते हैं।

### आखिरी हफ्ते में सुस्ती न टूटी तो होंगे किनारे

सदस्यता अभियान का अब आखिरी सप्ताह में भी सुस्ती न टूटी तो सांसद-विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और निकाय समेत त्रिस्तरीय पंचायत में भाजपा के समर्थन से जीते लोगों के टिकट अगले चुनाव में बदले जा सकते हैं। सदस्यता का लक्ष्य पाने में जिन लोगों ने इसमें रूचि कम दिखाई उनकी समाज व जनता में स्वीकार्यता कैसे मानी जाएगी।

# सही संविधानवादी न सच्ची देशभक्त हैं भाजपा-कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, नई दिल्ली


मायावती

▸▸ बसपा प्रमुख ने कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर की एकजुट होने की अपील

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस न सही संविधानवादी हैं और न ही सच्ची देशभक्त हैं। इन दलों के षडयंत्र के कारण बसपा की स्थिति खराब हुई है।

बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बसपा प्रमुख नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज को सावधान करते हुए कहा कि गांधीवादी कांग्रेस व आरएसएसवादी भाजपा व सपा आदि हितैषी नहीं हैं, बल्कि आत्मसम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट की राह में बाधा हैं, जबकि आंबेडकरवादी बसपा उनकी सही व सच्ची मंजिल है, जो मांगने वालों से देने वाला शासक वर्ग बनाने के लिए संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव करते हुए आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने में ही कांग्रेस, भाजपा व सपा जैसी पार्टियां लगी हुई हैं।

# दिवाली पर सरकार का तोहफा, 728 चकबंदी लेखपाल बने कानूनगो

## 8 साल से कर रहे थे पदोन्नति का इंतजार, वर्ष 2016 से रिक्त थे कानूनगो के पद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने चकबंदी लेखपालों को दीपावली पर बड़ा तोहफा दिया है। 8 साल से पदोन्नति का इंतजार कर रहे 68 जिलों के 728 चकबंदी लेखपालों को चकबंदीकर्ता (कानूनगो) के पद पर प्रोमोट किया गया है।

चकबंदी आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बुधवार को बताया कि 2016 से विभिन्न जिलों में कानूनगो के कई पद रिक्त चल रहे थे, जिसके कारण भूमि पुनर्संयोजन और चकबंदी प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। इससे किसानों की भूमि से जुड़े विवादों के समाधान में देरी हो रही थी और भूमि सुधार के प्रयासों को भी नुकसान पहुंच रहा था। मुख्यमंत्री योगी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया गया, जिसके माध्यम से 728 योग्य चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति दी गई है।

इस पदोन्नति प्रक्रिया में बरेली जिले के 60 चकबंदी लेखपालों को कानूनगो बनाया गया है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसके बाद कन्नौज में 41, मुरादाबाद में 35, गोरखपुर में 32 और ललितपुर में 25 चकबंदी लेखपालों को पदोन्नति मिली है। यह फैसला इन जिलों में चकबंदी प्रक्रिया को नई ऊर्जा देगा माना जा रहा है कि इसके बाद भूमि विवादों के निपटारे में तेजी आने के साथ राज्य के कृषि क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

**68** जिलों में किया गया प्रमोशन

▸▸ सबसे अधिक 60 बरेली के, मुरादाबाद के 35 और कन्नौज के 41 लेखपाल बने कानूनगो

### 33 उद्यमी मित्रों की जल्द होगी नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ** : राज्य सरकार जल्द ही 33 उद्यमी मित्रों की नियुक्ति करने जा रही है। प्रदेश में 20 नव सृजित और 13 पूर्व रिक्त पदों के लिए इन्वेस्ट यूपी ने चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। उद्यमी मित्र के तौर पर 33 चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया को लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद मेरिट के आधार पर पूरा किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार 102 उद्यमी मित्रों की तैनाती की थी। इसके पीछे विजन था कि वह प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच सेतु की तरह काम करते हुए समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। 33 उद्यमी मित्रों की तैनाती से निवेश सरलीकरण की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

# रत्न व स्वर्णाभूषण उद्योग के लिए मेरठ में बनेगा कॉम्पलेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेरठ के वेदव्यास पुरी में रत्नों व स्वर्णाभूषण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स का निर्माण होगा।

मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा तैयार विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य शुरू हो गया है। परियोजना के अंतर्गत 24 महीनों की समयावधि में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नवंबर अंत से निर्माण प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। जेवर एयरपोर्ट से भी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से इसकी कनेक्टिविटी होगी और मात्र 45 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। काफी वक्त से मेरठ के रत्नों व स्वर्णाभूषण उद्योगों की मांग रही है कि यहां के पारंपरिक सर्राफा बजार को विस्तारित करने की जरूरत है। यह क्षेत्र ज्वेलरी उद्योग के एक विस्तारित हब के रूप में विकसित होगा जहां दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा व फरीदाबाद समेत हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों से उद्योगपति व आम नागरिक यहां ज्वेलरी की खरीदारी करने आ सकेंगे।

# महाकुंभ 2025 : संस्कृति ग्राम व 10 पर्यटन सूचना केंद्र बनेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मेला क्षेत्र में समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित 30 अस्थायी थीमैटिक गेट बनाए जाएंगे

**अमृत विचार :** प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के लिए संस्कृति ग्राम व 10 पर्यटन सूचना केंद्र बनाए जाएंगे। मेला क्षेत्र में समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित 30 अस्थायी थीमैटिक गेट भी बनाए जाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति ग्राम को छह जोन में बांटा जाएगा। यहां महाकुंभ की प्राचीन विरासत व गौरवगाथा और पौराणिक कथा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें महाकुंभ की ऐतिहासिक यात्रा, ज्योतिष विज्ञान पर प्रदर्शनी, कला संबंधी प्रदर्शनी, पाक कला व्यंजन संबंधी प्रदर्शनी व डिजिटल माध्यमों से कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। संस्कृति ग्राम की स्थापना के लिए आठ निजी संस्थाओं से प्रस्ताव मिले हैं। चयनित डिजाइन के अनुसार वित्तीय निविदा प्रक्रियाधीन है। 30 अस्थायी थीमैटिक गेट की स्थापना के लिए 10 फर्मों से 600 गेटों की डिजाइन ली की गई है। इनमें से चयनित गेटों की डिजाइन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### त्योहारों पर आधारित होगी थीम

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मेला क्षेत्र में इंडिया स्टेट पवेलियन की स्थापना की जाएगी। मुख्य थीम मकर संक्रांति से बैशाखी पर्व के मध्य पड़ने वाले पारम्परिक त्योहारों पर आधारित होगी। इसके अलावा राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की प्रदर्शनी के लिए 35 बूथ बनाए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में फूड जोन, जनभागीदारी कार्यशाला का निर्माण, हस्तशिल्प बाजार का प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मंच का निर्माण किया जाएगा।

# समीक्षा अधिकारी और संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री बनकर ठगे 1.05 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** समीक्षा अधिकारी और संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री बनकर जालसाजों ने ठाकुरगंज के नरेंद्र वर्मा से 1.05 करोड़ रुपये ऐंठ लिए।

ठाकुरगंज के बरौरा निवासी नरेंद्र वर्मा के दो प्लॉट हैं जिसपर कुछ कबाड़ियों ने कब्जा कर रखा है। कुछ माह पहले मिले मान सिंह उर्फ विकास ने खुद को समीक्षा अधिकारी बताकर कब्जा हटवाने के लिए 50 लाख रुपये मांगे। नरेंद्र ने कर्ज लेकर उसे 50 लाख रुपये दिए। मान सिंह ने कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट में नर्सिंग के पदों पर 20 लाख में भर्ती का झांसा भी दिया। नरेंद्र ने अपने भांजे अनुज पटेल और उसकी पत्नी पूजा की नौकरी के लिए 35 लाख नकद और 5 लाख मान सिंह के खाते में ट्रांसफर किए। साथ ही दूसरे भांजे की राजभवन में चपरासी की नौकरी के लिए 15 लाख रुपये दिए थे लेकिन कोई काम नहीं हुआ।

# 12 ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों के लिए परिवहन विभाग और मारुति सुजकी के बीच हुआ एमओयू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 डीटीटीआई (ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट) और दो एडीटीटी पर सीएसआर फण्ड से निःशुल्क आटोमेशन ने के लिए बुधवार को परिवहन विभाग और मारूति सुजकी के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। इस अवसर पर परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि इससे प्रदेश में अब कुशल ड्राइवर उपलब्ध होंगे। प्रदेश में 10 जगहों मुरादाबाद, मेरठ, बस्ती, मिर्जापुर, बरेली, झांसी, अलीगढ़, देवीपाटन-गोण्डा, आजमगढ़ और मुजफ्फरनगर में डीटीटीआई व आजमगढ़ ,प्रतापगढ़ में एडीटीटी के संचालन के लिए उक्त एमओयू हुआ है। इन सेंटरों पर कुल 8 प्रकार के टेस्ट की व्यवस्था है।

# 16 नोडल सेंटर से बेहतर हो रही पार्सल डिलीवरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में स्थापित 16 नोडल सेंटरों से पत्र और पार्सल की डिलीवरी बेहतर और सुदृढ़ हो रही है। अब पार्सल की तात्कालिक स्थिति के बारे में लाइव अपडेट मिलने लगा है। चीफ पोस्ट मास्टर जनरल प्रणव कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि उत्तर प्रदेश परिमंडल में डाकघर की 15418 शाखाओं से उपभोक्ता बचत खाते, बीमा कवर, पासपोर्ट सेवा, बैंकिंग, रेलवे टिकटों की बुकिंग आदि की सुविधा प्राप्त कर रहें हैं। चीफ पोस्ट मास्टर जनरल प्रणव कुमार ने बताया कि प्रदेश में 17954 डाकघर और 61566 कर्मचारियों के साथ लोगों को सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं। डाक विभाग प्रत्येक वर्ष 7 से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाता है जिससे सेवाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंच सके। साथ ही आधार में त्रुटि को ठीक कराने के लिए डाक विभाग की ओर से प्रदेश में 1419 आधार केन्द्र खोले गए हैं।

### डाक निर्यात केंद्र से व्यापारी हो रहे लाभान्वित

प्रदेश में 93 डाक निर्यात केन्द्र हैं। इसमें करीब 2.99 करोड़ सक्रिय खाते हैं जिसके माध्यम से छोटे उद्यमी और निर्यातक अपने माल को आसानी से विदेश भेज रहे है और स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों को भी प्रोत्साहन मिल रहा हैं। पोस्ट पेमेंट बैंक से आधुनिक बैंकिंग की सुविधा दी जा रही है।

# फिर विदेश में महकेगी गैर बासमती चावल की सुगंध

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ कोराना काल में निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटा, इस वर्ष अधिक पैदावार की संभावना

**अमृत विचार :** प्रदेश में होने वाला गैर बासमती चावल फिर से विदेश में महकेगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने कोरोना काल में निर्यात पर लगाया प्रतिबंध हटा दिया है। इससे 2020 के बाद से गैर बासमती चावल का निर्यात शुरू हो जाएगा।

यह कदम इस वर्ष कई राज्यों में धान की अधिक पैदावार का अनुमान होने पर के कारण उठाया गया है। वहीं, पिछले वर्ष का धान भी किसानों के पास रखा हुआ है। जिसकी उपलब्धता अधिक होने के कारण बाजार में बिक्री नहीं है और दाम भी सामान्य हैं।

आगे और हालात न खराब हों इसलिए गैर बासमती के निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। इससे समय से बिक्री होगी और किसानों को अच्छे दाम मिलेंगे। सर्वाधिक उत्पादन से उपलब्धता में कमी नहीं आएगी। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय किसानों व किसान उत्पादक संगठन को प्रोत्साहित करेगा।

**25** फीसद मिलेगा परिवहन व्यय पर अनुदान

बासमती हो या गैर बासमती या फिर अन्य कृषि उत्पाद, निर्यात करने पर जो परिवहन व्यय आएगा उस पर 25 फीसद धनराशि प्रोत्साहन के तौर पर निर्यातकों को दी जाएगी। अनुदान राशि की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये तक है। यह बढ़ा अनुदान भी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष लागू हुआ है।

**25** लाख होगी अधिकतम सीमा

### बासमती को बढ़ावा देने के लिए निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

कोरोना से पहले देश से बासमती चावल और गैर बासमती चावल दोनों का निर्यात होता था। इसमें बासमती को बढ़ावा देने पर सरकार का हमेशा जोर रहा। लेकिन, गैर बासमती की अधिक उपलब्धता और कम दाम के कारण निर्यात अधिक हुआ। इस वजह से बासमती का निर्यात हर वर्ष गिरता गया। जिसे बढ़ाने के लिए सरकार ने गैर बासमती की तमाम प्रजातियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था। इससे तीन साल में बासमती चावल की पैदावार और निर्यात में कई गुना इजाफा हुआ था।

सरकार ने गैर बासमती के निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया है। इससे निर्यात बढ़ेगा और किसानों को फायदा होगा। कृषि निर्यात नीति के तहत निर्यात करें और परिवहन व्यय पर अनुदान पाएं।
**- डॉ. सुग्रीव शुक्ल,** उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

## वर्ग पहेली-217

**बाएं से दाएं**

4. ढोलक बजाने वाला व्यक्ति, ढोलची, ढोलवादक।
8. एक रोग जिसमें पैर फूलकर हाथी के पैर की तरह हो जाता है, फीलपा।
5. 1. आमोद-प्रमोद 2. ख़ुशी का भाव, उल्लास।
6. 1. पूजने की क्रिया 2. देवी
7. 1. थोड़े समय के लिए कोई वस्तु दिखने की अवस्था या भाव 2. झलक 3. झांई 4. आंख के कोने से देखना, कनखी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. हींग 2. लाख 3. त्वचा पर का जन्मजात चिह्न।
2. 1. आकस्मिक, कभी-कभार होने वाला 2. अवसरपरक
3. 1. मंदिर में किसी देवी-देवता की मूर्ति का श्रृंगार करने वाला व्यक्ति 2. पुजारी।



### वर्ग पहेली -216 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हु | 2 मा | यूँ | | | 3 शि |
| | यू | | 4 जी | | ली |
| | 5 स | रा | व | गी | |
| | | | लो | | |
| | 6 घ | 7 म | क | ना | |
| | | सू | | | 8 थो |
| 9 ओ | गा | र | ना | | ड़ा |

## सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 2 |
| 6 | | 1 | | | | | 8 | |
| | | | 5 | | | 3 | | |
| | | 8 | | | 3 | | | |
| | 5 | 4 | | | | | | |
| | | | | | | 7 | | 9 |
| | | 5 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| 2 | | | 7 | | | | 1 | |

### सुडोकू - 129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.31 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** : आज कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा।

**वृष** : आज ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं। दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन** : आज भोग-विलास का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें।

**कर्क** : आज चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है। हितशत्रुओं से सावधान रहें।

**सिंह** : आज लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**कन्या** : आज व्यर्थ में अपने शुभचिंतकों पर संदेह न करें। ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं। नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है।

**तुला** : आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वादा आप पूरा कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** : आज आपके विनम्र व्यवहार से लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** : आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मकर** : आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं, तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ** : आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति दी जा सकती है। नई संपत्ति खरीदने के लिए बहुत शुभ समय है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मीन** : आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ठ हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के व्यापार में बेहतरीन धन लाभ हो सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11 अक्टूबर 05.41 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्यार के काबिल — सुबह : 10.13
आओ प्यार करें — रात : 09.00

&pictures
जब हैरी मेट सेजल — सुबह : 10.44
सूर्यवंशी — रात : 07.30

SONY PIX
गॉडजिला — दोपहर : 12.38
ऐनाकोंडास — रात : 09.00

ZEE CINEMA
चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 10.12
पुलिस पावर — शाम : 05.01

ZEE ACTION
अखंडा — सुबह : 10.50
गौली — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बूढ़ा बस की सीट पर अकेला बैठा था तभी उसके साथ एक बुढ़िया आकर बैठ गई।
बुढ़िया बोली अंकल जी आप कहां जा रहे हो?
बूढ़ा कुछ नहीं बोला और चुप बैठा रहा ...
बुढ़िया फिर बोली अंकल जी कहां जा रहे हो?
अब बूढ़े से चुप नहीं रहा गया और वह बोला, बेटी तुम बहुत सुंदर और जवान हो तेरे लिए लड़का देखने जा रहा हूं।

पति- आज खाना सासु मां ने बनाया है क्या ?
पत्नी- वाह कैसे पहचाना!
पति- जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे, आज सफ़ेद निकला है।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

## बच्चा हुआ जख्मी, राठ- पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर गांव के पास हुआ हादसा, भंडारे में शामिल होने जा रहे थे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर मोड़ के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से आ रही एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बस की टक्कर से बाइक चला रहे एक युवक व पीछे बैठे चार वर्षीय पुत्र की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव निवासी काशीराम (40) पुत्र शिवचरन अपने 4 वर्षीय पुत्र कार्या व 6 वर्षीय पुत्र निखिल के साथ बाइक से अपने चाचा रामकुमार के यहां भंडारे में शामिल होने के लिए महोबा जनपद के नकरा गांव जा रहा था। बुधवार की दोपहर बाद करीब 3 बजे राठ-पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर मोड़ के पास पनवाड़ी की ओर से आ रही महोबा डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बस की टक्कर से बाइक पर सवार काशीराम के अलावा उसके चार वर्षीय पुत्र कार्या की सड़क पर गिरकर मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा उसका छह वर्षीय पुत्र निखिल सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक कांशीराम भवन निर्माण के कार्यों में राजमिस्त्री के रूप में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मझगवां थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



घटनास्थल पर पलटी पड़ी बालू से भरी ट्रॉली। अमृत विचार

### बालू लदी ट्रैक्टर- ट्राली पलटी, चालक की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र सिसोलर मार्ग में बालू से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक की सूचना पर पहुंची है एंबुलेंस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन किसी अज्ञात वाहन से टक्कर से घायल होने की बात कह रहे है। मुस्करा थाना क्षेत्र के हुसैना गांव निवासी पवन (19) पुत्र हेतराम अपने बक्क्षा निवासी बहनोई का ट्रैक्टर चलाता है। वह मौरंग को कस्बे में सप्लाई करता है। मंगलवार की रात भी यह अवैध खनन कर मौरंग भर कर कस्बे की ओर रहा था। तभी रात करीब एक बजे पचखुरा खुर्द के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर- ट्राली पलट गई। इससे चालक पवन गिरकर घायल हो गया। उसने एम्बुलेंस को फोन करके बुलाया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों ने कार्रवाई के लिए पुलिस को मेमो भेजा। मृतक के पिता हेतराम ने बताया कि उसका पुत्र अपनी बहन से नाराज होकर पैदल आ रहा था। किसी वाहन ने टक्कर मार दिया था।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर नीलगाय से टकराई बाइक, युवक की मौत

राठ (हमीरपुर)। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बाइक सवार युवक नीलगाय से टकरा गया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। बाइक में पीछे बैठा युवक का भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जालौन जिले के कुसमीलिया गांव निवासी माहेश्वरीदीन (38) पुत्र सुक्खू बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के रास्ते अपनी ससुराल मटौंध बांदा जा रहा था। जरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर अचानक सामने आई नीलगाय से बाइक की टक्कर हो गई। जिससे हुए हादसे में बाइक चला रहे युवक माहेश्वरीदीन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक में बैठा उसका भांजा विजय पुत्र दयाशंकर निवासी सरीला मामूली रूप से घायल हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक माहेश्वरीदीन मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी उर्मिला को लेने ससुराल मटौंध जा रहा था।

### शौच के लिए खेत में गए अधेड़ की करंट से मौत

**राठ (हमीरपुर)।** नहदौरा गांव में सुबह के समय शौच क्रिया के लिए खेतों में गए एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अधेड़ की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। नहदौरा गांव निवासी संतोष कुमार (46) बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे शौच क्रिया के लिए खेतों में गया हुआ था। उसी दौरान वहां पर लगे खंभे में आ रहे करंट की की चपेट में आ गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। रास्ते से गुजरने वाले ग्रामीणों ने जब अधेड़ को देखा तो परिजनों को खबर दी। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



संतोष कुमार।



मिशन शक्ति पर बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक करते अधिकारी।

## महिलाओं से संबंधित अपराध के विरुद्ध किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए कुरारा ब्लॉक के भौली में वीर एकलव्य इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें यौन उत्पीड़न को लेकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत ही महिला कल्याण विभाग से मिलने वाली समस्त योजनाओं के बारे में एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जाया वाजपेयी ने पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। बाल संरक्षण अधिकारी दीप्ति ने बालिकाओं के अधिकारों के बारे में बताया।

वन स्टाप सेंटर की मैनेजर ने यौन उत्पीड़न को लेकर विचार साझा किए। संचालन समर्थ फाउंडेशन के देवेंद्र गांधी ने किया। विद्यालय प्रबंधक कमलेश कुमार, ब्रजकिशोर व समस्त स्टाप शामिल रहे। कार्यक्रम में छात्रा नेहा, वर्षा, रश्मि ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं मिशन शक्ति अभियान को लेकर विचार रखे।

## एक नजर

### घर में घुसकर छेड़खानी करने की दी तहरीर

**बिवांर(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पति गांव के बस स्टॉप में चाय समोसा की दुकान किए हुए हैं। गांव निवासी अखिलेश महिला को परेशान करता चला रहा है। पति के गैर मौजूदगी में युवक उसके घर में घुस आया है उसे अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा है। महिला के शोर के मचाए जाने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया है। युवक से परेशान आकर अपने पति के साथ महिला ने युवक के खिलाफ छेड़खानी किए जाने की थाना में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। जांच कर युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्र और बहू के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुल का डेरा गांव निवासी एक युवक पर पत्नी के साथ मिलकर माता- पिता को पीटने का आरोप लगा है। पीड़ित ने पुत्र और बहू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। गोकुल का डेरा गांव निवासी सोनेलाल पुत्र भागीरथ ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को घर के बाहर बैठा था। तभी पुत्र पंकज शराब के नशे में आया और मेरे साथ मारपीट करने लगा। जब पत्नी बीच बचाव करने लगी तो बहू शारदा आ गई और दोनों लोगों ने मिलकर पति पत्नी के साथ मारपीट की। जिससे गंभीर चोटें आई हैं।

### ट्रॉली पर अवैध रूप से ढो रहे बालू और लकड़ी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बगैर व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर- ट्रालियों से रात दिन कारोबार चलाया जा रहा है और दुर्घटना होने पर पुलिस एवं प्रशासन बगैर कार्यवाही के अपनी नाक बचाने में जुट जाते हैं। दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री ने आदेश जारी किया था कि व्यावसायिक गतिविधियों में लगे वाहनों का व्यवसायिक रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। बगैर रजिस्ट्रेशन के यह बालू, मिट्टी, सरिया, सीमेंट, लकड़ी आदि नहीं ढो सकते हैं। दर्जनों ट्रैक्टर- ट्राली बगैर व्यवसायिक रजिस्ट्रेशन के लकड़ी कारोबार में लगे हुए हैं। तीन दिन पूर्व हाईवे में पावर हाउस के सामने हुए एक्सीडेंट में जो ट्रैक्टर ट्राली में लकड़ी लदी हुई थी। उसका भी व्यवसायिक रजिस्ट्रेशन नहीं था। इसी तरह बालू का वैध एवं अवैध खनन में जितने भी ट्रैक्टर ट्राली लगे हुए हैं। किसी के पास व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन नहीं है।

## खाद न मिलने पर किसानों ने सड़क पर लगाया जाम

**मौदहा(हमीरपुर)।** पीसीएफ खाद विक्रय केंद्र की मशीन खराब होने की वजह से सुबह से डीएपी खाद लेने के लिए एकत्र किसानों के धीरज का बांध टूट गया। किसान नारेबाजी करते हुए कानपुर सागर राष्ट्रीय राज्य मार्ग को जाम लगाकर धरने पर बैठ गए। एसडीएम ने किसानों को समझा कर जाम खुलवाया। साथ ही किसानों को खाद के लिए टोकन भी दिलाए गए।

कस्बे की पीसीएफ खाद विक्रय केंद्र में डीएपी खाद आने की सूचना पर बुधवार को सुबह से बड़ी संख्या में किसान पहुंचने लगे। लेकिन मशीन खराब होने की वजह से सैकड़ों की संख्या में एकत्रित किसानों को जब सुबह 8:00 तक खाद मिलने की उम्मीद नहीं दिखी तब किसानों ने शोर करना शुरू कर दिया। पीसीएफ गोदाम प्रभारी रमाशंकर ने किसानों को बताया कि मशीन खराब है। वह इसे ठीक कराकर खाद वितरित करेंगे।

## महिला का अपहरण कर हत्या करने मामले में भाई निकला मास्टरमाइंड

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कानपुर कमिश्नरेट के गुजैनी थानाक्षेत्र निवासी एक परिवार का अपहरण कर चलती कार में महिला की हत्या करने के मामले का बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने खुलासा कर दिया। जिसमें चौंकाने वाली बात सामने आई है। एसपी ने बताया कि हत्या और अपहरण का मास्टरमाइंड मृतका का सगा भाई ही निकला। आरोपी अपनी बहन से उसी के साले से प्रेमसंबंध बनाकर साथ रहने से बेहद नाराज था। हत्यारोपी भाई ने 10 लाख रुपये में पूरे परिवार की हत्या करने की सुपारी दी थी। पुलिस ने भाई समेत दो को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल कार चालक को पुलिस पहले जेल भेज चुकी है।

पुलिस अधीक्षक ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 22 सितंबर को कानपुर के गुजैनी में किराए के मकान में जूते की फैक्ट्री में काम करने वाले सूरज सिंह यादव को चित्रकूट दर्शन कराने के बहाने ले जाते समय पूरे परिवार की हत्या करने का प्रयास किया गया था। जिसमें सूरज गाड़ी से कूदकर बच निकला था। जबकि उसकी पत्नी मीनू उर्फ अमन की हत्या कर जरिया थानाक्षेत्र में सड़क कर शव को फेंक दिया था। वहीं पुत्र को मरणासन्न हालत में दूसरे स्थान पर फेंका था। मामले में 22 सितंबर को सूरज सिंह यादव ने जरिया थाने में अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। वारदात के खुलासे में लगी जरिया पुलिस व एसओजी टीम के संयुक्त प्रयास के बाद 18 दिन बाद मामले का खुलासा हो गया।



घटना का खुलासा करतीं एसपी डॉ .दीक्षा शर्मा और पीछे खड़े आरोपी। अमृत विचार

● **पूरे परिवार का सफाया करने को 10 लाख की दी थी सुपारी**

### शादी के बाद साले के साथ रहने लगी थी बहन

आरोपी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सूरज का सगा बहनोई है। वह अपनी बहन मीनू उर्फ अमन की हत्या करवाना चाह रहा था। सूरज की बहन विमला से उसका विवाह 2007 में हुआ था। तभी से साला सूरज का आना जाना हो गया। उसकी छोटी बहन मीनू उर्फ अमन यादव से प्रेम हो गया। जबकि मीनू का विवाह लल्लू सिंह निवासी कथरी थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात के साथ वर्ष 2002 में हो चुका था। मृतका मीनू अपने पति के साथ जालौन में रहती थी। लेकिन उरई से साला सूरज उसकी बहन मीनू को लेकर गुजरात चला गया।

### चित्रकूट घुमाया था

वारदात को अंजाम देने के लिए चतुर सिंह ने सूरज से दोस्ती की। उसी के साथ किराएदार के मकान में रहने लगा। भरोसा जीतने के लिए चतुर एक बार सूरज के परिवार को चित्रकूट दर्शन भी करा लाया था। धर्मेंद्र से किए गए वादे को अंजाम देने के लिए 21 सितंबर को वीर सिंह के माध्यम से एक अर्टिगा कार किराए पार की जिसमें चतुर सिंह, वीर सिंह को अपना साढ़ू बताकर चित्रकूट दर्शन करने के लिए निकल गया। राठ क्रॉस करते ही चतुर सिंह और कल्लू उर्फ जगमोहन ने सूरज व मृतका मीनू उर्फ अमन के गले मे गमछा डालकर कस दिया था।

## सार-संक्षेप



कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### परिनिर्वाण दिवस पर बसपा संस्थापक को दी श्रद्धांजलि

**हमीरपुर।** बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व चैयरमैन नगर पंचायत कुरारा माया वाल्मीकि ने कहा कि कांशीराम साहब करोड़ों दलितों, पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने समाज को जगाने का काम किया है। ऐसे महान व्यक्ति के आदर्शों पर चल सभी लोग एकजुट होकर सपा के 2027 विधानसभा के मिशन को पूरा कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि कांशीराम ने दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज में जागृति लाकर एकजुट करने का काम किया है। कार्यक्रम को रामप्रकाश प्रजापति, बीटू यादव, पूर्व चेयरमैन मुन्नीलाल निषाद आदि लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर रणबहादुर यादव, मैयाराम वर्मा, रामखिलावन, वीरेंद्र वर्मा, युगांक मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### खेत से उखाड़ दिए तार, एफआईआर दर्ज

**मौदहा(हमीरपुर)।** खेत में लगे तारबाड़ी के खंभों को उखाड़ फेंकने के मामले में विधवा महिला ने चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। तहरीर के अनुसार कोतवाली पुलिस ने नामित आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज निवासी बेवा नज्जो बानो पत्नी स्व .नियाजउद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके खेत में तारबाड़ी लगी हुई थी। लेकिन मोहल्ले के ही फकीर मोहम्मद, सरफुद्दीन तथा इमामुद्दीन पुत्रगण अशरफ उसके खेत पहुंचे और दबंगई के बल पर खेत में लगे खंभों को उखाड़ कर फेंक दिया है। पीड़िता ने बताया कि वह विधवा महिला है, जिससे उक्त दबंग लोग आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं। लेकिन जब उपरोक्त आरोपी उसे ज्यादा परेशान करने लगे तो वह न्याय पाने के लिए पुलिस का सहारा ले रही है। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि विधवा महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है तथा जांच पड़ताल की जा रही है।

### रामलीला मैदान पर भजनों के साथ गरबा की धूम

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** नवरात्रि के अवसर पर कस्बे के रामलीला मैदान में गरबा नृत्य का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी युवतियों ने उत्सव के इस खास मौके पर पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। जिससे पूरा माहौल संगीतमय और उल्लासपूर्ण हो गया। स्थानीय मंच पर युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जहां लोक संगीत की धुनों पर तालबद्ध नृत्य ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान भजन वातावरण में गूंजते रहे। यह आयोजन सांस्कृतिक एकता और समर्पण का प्रतीक बना।

### प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

**मौदहा(हमीरपुर)।** तीन दिवसीय जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र छात्राओं ने क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को कॉलेज के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कस्बे के नेशनल इंटर कालेज में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को छात्र- छात्राओं ने क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। जिसमें लंबी कूद, दौड़ एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को प्रबंधक राजेन्द्र किशोर एवं प्रधानाचार्य दयाशंकर त्रिपाठी ने पुरस्कृत किया। इस दौरान रहमानिया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ .रजिया सुल्ताना, गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य इसराइल खान, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या अंजली गौतम सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं क्रीड़ा अध्यापक उपस्थित रहे। संचालन मुकेश कुमार एवं आरिफ सिद्दीकी ने किया।

### बांकी में कूड़ादान को ग्रामीण ने बनाया सुअरबाड़ा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत बांकी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत की ओर से बनाए गए कूड़ादान को एक ग्रामीण ने अपना सूअरबाड़ा बना लिया है। मजबूरी में ग्रामीण खुले में कूड़ा फेंक रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत बांकी में पंचायत की ओर से सड़क किनारे गीला एवं सूखा कूड़ा डालने के लिए पक्के कूड़ादान बनाएं गए हैं। इसमें एक कूड़ादान का उपयोग गांव वाले तो नहीं कर रहे हैं, लेकिन एक व्यक्ति ने पन्नी डालकर सूअरबाड़ा बना लिया है। ग्राम प्रधान जीवन श्रीवास ने बताया कि ग्रामीण ने जबरिया कब्जा किया है। नोटिस जारी करके खाली कराया जाएगा। पंचायत सचिव सोनाली सचान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह गांव जाकर उसको देखकर खाली कराएंगी। एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने कहा कि उन्हें मालूम नहीं है।

### देवी पंडाल में युवक पर किया फायर

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के छोटी बंधौली गांव में नवदुर्गा पूजा पंडाल में दर्शन करने के लिए गए एक युवक के साथ गांव के एक युवक ने गाली गलौज किया। जब तक लोग कुछ समझ पाते युवक ने उस पर दोनाली बंदूक से फायर कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने बंदूक छीनकर चिकासी थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। छोटी बंधौली गांव निवासी रामकृपाल पुत्र हरिशंकर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीती शुक्रवार की रात करीब 9 बजे वह गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में दर्शन करने के लिए गया हुआ था। उसी दौरान वहां पर गांव का करन सिंह अपनी दोनाली बंदूक लिए बैठा हुआ था। आरोप लगाया कि करन ने उसे देखते ही गालियां देने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने उस पर बंदूक तान दी और फायर कर दिया। वह संयोग से बाल- बाल बच गया।



सुभाष बाजार में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

## मां अंबे का पूजन कर मांगी समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के छठवें दिन भक्तों ने मां दुर्गा के छठवें स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। उधर घरों में हवन-पूजन व सुंदरकांड पाठ के अलावा कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। नवरात्र का छठवें दिन मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की जाती है। कात्यायनी मां का रूप अत्याचारी राक्षस महिषासुर का वध करने वाला है। शहर के सुभाष बाजार व सुराही मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें अशोक साहू, अंकुर साहू, पुत्तन साहू, सचिन साहू, विष्णु साहू का विशेष योगदान रहा। वहीं पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन जारी है। मंदिरों में देर रात तक लोग दर्शन कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, जीते पुरस्कार

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड के बीआरसी केंद्र रागौल में जिज्ञासा आधारित विषय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में विकासखंड क्षेत्र के 68 उच्च प्राथमिक विद्यालय के 141 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगी परीक्षा दो चरणों में की गई। जिनमें 25 छात्र प्रथम चरण की प्रतियोगिता के सफलता क्रम के अनुसार थे। इन्हें भी ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

कक्षा 6, 7 व 8 के छात्र-छात्राओं की 8 अक्टूबर को दो चरणों में हुई राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित छात्रों में से जिन टॉप 10 छात्रों का चुनाव हुआ। उनमें भठुरी जूनियर बेसिक स्कूल के छात्र अनिकेत प्रथम व दूसरे नंबर पर सिलौली की काजल, इसी विद्यालय के आशिक ने तीसरा व टोला गांव के कार्तिक चतुर्थ तथा पिपरौंदा के आशू शामिल है। खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल व आरपी विज्ञान उमाशंकर प्रजापति ने इस कार्यक्रम को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर आयोजित कराया था। प्रतियोगिता परीक्षा में उन छात्रों को सम्मिलित किया गया, उन्होंने विज्ञान से 60 प्रतिशत सामान्य ज्ञान से 20 प्रतिशत समसामयिक पर 20 प्रतिशत अंक पाए थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिले से कई संबंधित अध्यापक मौजूद रहे।



स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते एबीएसए। अमृत विचार

**परखी हकीकत** — जिलाधिकारी ने हरौलीपुर पाइप पेयजल योजना का किया निरीक्षण, ग्राम पंचायतों में आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

# पीने के पानी की नियमित कराएं जांच : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित हरौलीपुर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पानी की नियमित जांच कराएं। लैब में पानी का परीक्षण कराने के साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में आपूर्ति सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम यमुना नदी पर बने इंटेक पंप हाउस का निरीक्षण किया। आपूर्ति के बारे में जाना। इसके बाद उन्होंने प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित अन्य इकाइयों का निरीक्षण किया। कहा कि हरौलीपुर पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत सप्लाई होने वाले पेयजल में किसी भी दशा में हैवी मेटल न हो। नियमित जांच जरूरी है। परियोजना के अंतर्गत कवर किए जाने वाले सभी 27 ग्रामों में पानी पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रोजेक्ट की लैब में जाकर अपने सामने पानी की टेस्टिंग कराई। यह देखा कि क्लोरीन की मात्रा पानी में पर्याप्त है अथवा नहीं। हालांकि उन्हें पानी की गुणवत्ता सही पाई गई। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 27 गांव कवर किए गए हैं। इन सभी 27 गांव में पेयजल सप्लाई की जा रही है।

जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट से जुड़ी पाइप लाइन, गृह जल संयोजन, ट्यूबेल की स्थापना एवं ओवरहेड टैंक निर्माण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गृह जल संयोजन के तहत किये गये शत प्रतिशत कनेक्शन एवं पानी के प्रेशर को मेंटेन रखने सहित अन्य निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, कार्यदायी संस्था प्रभारी तथा अन्य संबंधित उपस्थित रहे।



हरौलीपुर पेयजल योजना का निरीक्षण करते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

## नौकरी दिलाने के नाम पर 20 हजार की ठगी

**बिवांर (हमीरपुर)।** नौकरी देने की बात को कहते हुए एक गांव के भाई- बहन ने एक युवती के साथ हजारों रुपये की ठगी कर ली। युवती ने दोनों के खिलाफ ठगी किए जाने के आरोप में थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी रुचि पुत्री छोटेलाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि करगांव गांव निवासी एक युवक व उसकी बहन ने उसकी नौकरी लगवा देने की बात कही। उनके कहने पर नौकरी करने के लिए तैयार हो गई है।

लड़की ने अपने खाते में ऑनलाइन 10 हजार रुपये डलवा लिए। जबकि 10 हजार नकद उसने युवक को दिए।

# किसान के हत्यारे को आजीवन कारावास

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** रात में फसल की रखवाली कर रहे किसान की हत्या में दोषी व्यक्ति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी। इसे 10 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थानांतर्गत रामनगर निवासी रामऔतार पाल ने दो जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता रामआसरे (65) अपने खेत पर बने बोर में रहते थे। दो जून

- सिंचाई के भुगतान को लेकर की थी हत्या



2022 को सवेरे लगभग साढ़े नौ बजे वहां खेत जोतने गए कल्लू प्रजापति ने देखा कि वह रक्तरंजित अवस्था में खेत में पड़े थे। सूचना पर वे लोग भी मौके पर पहुंच गए। बताया था कि घटना के एक दिन पहले एक जून की रात पिता से बात होने पर उन्होंने बोर में रहने की बात कही थी। अगले दिन सवेरे मोबाइल में घंटी तो जा रही थी, पर उठ नहीं रहा था। वादी के अनुसार, उसके पिता की हत्या की गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना की और मामले में मृतक के गांव के ही निवासी लक्ष्मण निषाद को गिरफ्तार किया था। खुलासा करते हुए बताया था कि रामआसरे के खेत में नलकूप था। हत्यारोपी लक्ष्मण निषाद ने नलकूप से खेतों की सिंचाई कराई थी पर भुगतान नहीं कर रहा था। इस पैसे को लेकर लक्ष्मण और रामआसरे के बीच विवाद भी हुआ था। इसके बाद रात में लक्ष्मण ने खेत में पीटकर रामआसरे की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध लक्ष्मण निषाद को आजीवन कारावास की सजा दी। 10 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

# भंडारे का प्रसाद पाने उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता,मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र में देवी मंदिरों में व पूजा पांडालों में पूजापाठ जारी है। मंदिरों में कन्या भोज के आयोजन किए जा रहे हैं। बुधवार को संस्था ब्लू डेजर्ट के तत्वावधान में युवाओं ने मां आनंदी धाम में भंडारे का आयोजन किया।

इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया व युवाओं को ऐसे धार्मिक आयोजनों के लिए लोगों ने बधाई दी। भंडारे में प्रमुख रूप से युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव द्विवेदी, विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, अर्चित शुक्ला, हर्षित त्रिपाठी,





भंडारे का भोजन तैयार करते युवा। अमृत विचार

शशांक मिश्रा, विजय शुक्ला, अंकुश केशरवानी, श्रेयांश बाजपेई, प्रकाश शुक्ला, ज्ञानचंद्र यादव, अजय पाखरे, प्रकाश निषाद, हेलमेट द्विवेदी आदि का सहयोग रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि मऊ थानांतर्गत लगभग साठ स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मां आनंदी धाम में सुरक्षा के दृष्टिगत महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 4 जून को एक व्यक्ति ने थाना मऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री को राहुल पुत्र देवगुलाम निवासी बरछन बहला फुसलाकर ले गया। एसआई गंगाचरण प्रजापति ने 7 अक्टूबर को पीड़िता को ढूंढ लिया। मेडिकल के बाद उसके बयान कराए गए। नौ अक्टूबर को पुलिस ने आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई शाहनवाज खां और आरक्षी अभिषेक कुमार शामिल रहे।

# कर्वी में जल्द शुरू होगा बाईपास का निर्माण

## बैठक में एक्सईएन बोले- औपचारिकताएं हो गईं पूरी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कर्वी शहर के बाईपास मार्ग के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। यह बाद लोक निर्माण विभाग के कामों संबंधी बैठक में बुधवार को अधिशासी अभियंता संतोष कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि धर्मार्थ मार्ग योजना के अंतर्गत भी सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाया गया है।

बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी मौजूद रहे। एक्सईएन संतोष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले की सड़कों को वरीयता क्रम में बनाया जाना है। बताया कि धर्मार्थ मार्ग योजना के तहत बनने वाली सड़कों के लिए विभागीय जमीन उपलब्ध न होने पर भूमि खरीद व मुआवजे के लिए शासन को स्वीकृति के लिए पत्र भेजा जाएगा। बैठक में भाजपा नेता रविप्रकाश त्रिपाठी, विभाग के सहायक अभियंता, अवर अभियंता आदि मौजूद रहे।



बैठक करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी।

### सड़कों को गड्ढामुक्त कराएं

बैठक में एक बार फिर गड्ढायुक्त सड़कों का मुद्दा उठा। मानिकपुर विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिन सड़कों पर गड्ढे अधिक हैं, उनको गड्ढामुक्त कराया जाए। सरैया-बोड़ी पोखरी मार्ग को ठीक कराएं और ऊंचाडीह की सड़क को बढ़ाकर डभौरा (मध्य प्रदेश) तक जोड़ा जाए। जो सड़कें अत्यंत महत्वपूर्ण है, उनको प्रस्तावित करके पहले निर्माण कराया जाए।

### गाइडलाइन के अनुसार बनाएं प्रस्ताव

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय मार्गों और अन्य योजनाओं के प्रस्ताव शासन की गाइडलाइन के अनुसार बनवाए जाए। गांव-मजरों के पहुंच मार्ग के प्रस्ताव बनाएं।

# भवन ध्वस्तीकरण न कराने वाले प्रधानों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्रनारायण सिंह को निर्देश दिए कि जिन गांवों में प्रधान जर्जर विद्यालयों को ध्वस्त नहीं करा रहे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। बुधवार को जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प के तहत हो रहे कामों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति 50 से कम है वहां पर शिक्षकों को सख्त निर्देश दे कि छात्र संख्या बढ़ाएं। खंड विकास अधिकारियों को विद्यालयों के संपर्क मार्ग मनरेगा योजना से तत्काल बनवाने और अधिशासी अधिकारियों को ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत काम कराने की हिदायत दी। खंड शिक्षाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों पर दिव्यांग छात्र संख्या अधिक हो, उनकी सूची दें कि दिव्यांग शौचालय बनवाया जा सके। शिक्षकों के समायोजन के लिए शासन को पत्र भेजने को कहा। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर को विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण की टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा आधार कार्ड, दिव्यांग बच्चों की सूची, यूपीआईडी कार्ड के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सीडीओ ने अधिशासी अधिकारियों को विद्यालयों की रोस्टर बनाकर सफाई कराने, खंड शिक्षाधिकारियों को ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में बचे कामों का प्रस्ताव देने को कहा। सीडीओ ने बीएसए को निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान शिक्षक अनुपस्थित मिले हैं, उन पर जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करें, शिकायतें नहीं मिलें। बैठक में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एमके जतारिया, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# झूलते तार, जर्जर खंभे दुरुस्त करवाएं

संवाददाता, राजपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र में स्थापित देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के संबंध में बुधवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय के साथ चिह्नित विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। इसके अलावा पटाखा गोदामों को भी देखा। एसडीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विसर्जन वाले मार्गों पर झूलती तारें और जर्जर खंभों को दुरुस्त किया जाए।

एसडीएम और सीओ ने गंगी तालाब चिल्लीराकस का निरीक्षण किया। इसमें नगर पंचायत द्वारा सफाई कराई जा रही है। एसडीएम ने विसर्जन के एक दिन पहले से लाइट व जनरेटर, टेंट, पेयजल, बैरिकेडिंग आदि के निर्देश दिए। कहा कि मार्गों में गड्ढों पर मिट्टी डलवाकर बराबर कराएं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि इस तालाब में लगभग 150 देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इनमें 40 कस्बे व शेष बेराउर, चिल्लीराकस, कनकोटा, उत्तमपुर, कुसेली आदि क्षेत्र से आएंगी। सरधुआ के पीयर तालाब में लगभग 20 व अतरौली गांव



पटाखे की दुकान का निरीक्षण करते एसडीएम प्रमोद झा और सीओ निष्ठा उपाध्याय।

- एसडीएम और सीओ ने मुआयना कर दिए निर्देश
- चिह्नित विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

के तालाब में भी लगभग 20 देवी प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि राजापुर सर्किल क्षेत्र के अंदर आने वाले राजापुर, सरधुवा, रैपुरा व पहाड़ी क्षेत्र में तालाबों के पास पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। असामाजिक तत्त्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सर्किल क्षेत्र में पीएसी भी लगाई जाएगी। दोनों अधिकारियों ने लाइसेंस धारक आबिद अली के पटाखो के स्टाक रजिस्टर, लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र को देखा और पटाखो की बिक्री नियमानुसार करने के निर्देश दिए। बताया कि पटाखों के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लघु डाल सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नितिन कुमार को तालाबों में नहर चलाकर पर्याप्त मात्रा में पानी भराने की व्यवस्था किए जाने और एक्सईएन विद्युत शिवकुमार, जेई जितेंद्र पटेल को मार्गों में झूलती तारें, जर्जर पोलों को अविलंब ठीक करने के निर्देश जारी किए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, अग्निशमन विभाग से श्यामसुंदर त्रिपाठी, सतीश मिश्रा, अमित सोनी, राहुल चौरसिया, पवन त्रिपाठी, पुत्तीलाल, धनराज, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी देतीं परामर्शदाता नीलम गुप्ता।

# गलत बात की जानकारी अभिभावकों को दें

संवाददाता,चित्रकूट

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर बुधवार को मिशन शक्ति के तहत राजकीय इंटर कालेज कर्वी में बालिकाओं को शिक्षा, स्वावलंबन, घरेलू हिंसा आदि पर जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य विनीता वर्मा ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और किसी भी न अच्छी लगने वाली बात को तुरंत अध्यापिकाओं या अभिभावकों को बताने की सलाह दी। प्रभारी वन स्टाप सेंटर ने समस्याग्रस्त महिलाओं, बालिकाओं को सेंटर में आने को कहा। परिवार परामर्शदाता नीलम गुप्ता ने छात्राओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने को प्रेरित किया। कार्यशाला में सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई। शशिकला, नीलम, अर्चना साहू, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहीं।

# मुआवजे की मांग को लेकर धरना

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मृत युवक मनीष के परिजनों ने बुधवार को सदर विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में पोस्टमार्टम हाउस में धरना दिया। इनकी मांग थी कि मुआवजे का समय बताया जाए और परिवार के एक सदस्य को संविदा में नौकरी दी जाए। मौके पर पहुंची सदर एसडीएम पूजा साहू ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि पंद्रह दिन के अंदर मुआवजे की धनराशि दिलाई जाएगी।

बुधवार की देर शाम द्वारिकापुरी मुहल्ले में युवक मनीष प्रजापति अपने घर के बाहर बैठा था कि इसी दौरान जर्जर हाईटेंशन तार टूटकर गिरा और वह उसकी चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही झुलसकर दुखद मौत हो गई। वहीं चाट लगाए युवक धर्मराज निवासी कमासिन (बांदा) भी बुरी तरह से झुलस गया और अस्पताल ले जाते समय उसकी भी सांसें थम गईं। वह लगभग छह साल से अपनी



धरने के दौरान एसडीएम पूजा साहू से अपनी बात कहते सदर विधायक अनिल प्रधान।

- तार की चपेट में आने से हुई थी दो युवकों की मौत

पत्नी और दो बच्चों के साथ यहां रहता था और चाट बेचकर परिवार का भरणपोषण करता था। जिसने भी हादसे को देखा, सिहर गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने हादसे की जानकारी होने पर मृतकों के परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया। उधर, हादसे में युवक मनीष की मौत से उसके घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। तीन भाइयों में सबसे छोटा मनीष मेहनत मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाता था। पिता की लगभग बीस साल पहले मौत हो चुकी है। बुधवार को मनीष के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस में सदर विधायक अनिल प्रधान के साथ धरना दे दिया। इनका कहना था कि मुआवजा कब तक मिलेगा, इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी मौके पर आकर दें और परिवार के एक सदस्य को संविदाकर्मी के रूप में तैनाती दी जाए। 1 घंटे बाद पहुंचीं एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। सपा विधायक ने बताया कि अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि 15 दिन के अंदर मुआवजे के पांच लाख रुपये मृतकों के परिजनों को दे दिए जाएंगे।

## जुआ खेलने के आरोप में 10 गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने दो स्थानों से जुआ खेलने के आरोप में 10 लोगों को पकड़ा। एसआई गौरव तिवारी नीरज कुमार ने विनोद कुमार, अवधेश उर्फ पप्पू, विमलेश, धर्मराज, फूलकुमार, अर्जुन, फूलचंद्र निवासीगण कसहाई रोड गोल तालाब को गिरफ्तार किया। इनसे मालफड़ से 2785 रुपये व जामा तलाशी से 205 रुपये बरामद किए। चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही रमेश कुमार यादव ने वीर सिंह पटेल, नंदकिशोर और सुरेश निवासीगण खोही को पकड़ा। इनके मालफड़ से 1000 रुपये व जामा तलाशी से 780 रुपये बरामद किए।

## कृषि यंत्रों की बुकिंग शुरू

**चित्रकूट।** नौ अक्टूबर से विभाग की साइट पर कृषि यंत्रों की बुकिंग प्रारंभ हो गई है। यह जानकारी कृषि विभाग ने दी। अनुरोध किया गया कि पंजीकृत किसान पूर्व की भांति पोर्टल पर टोकन मनी के माध्यम से बुकिंग कराकर अनुदान पर यंत्र का लाभ प्राप्त करें।

# ऋण संबंधी आवेदनों का करें समय से निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विभिन्न योजनाओं के तहत लंबित ऋण आवेदन पत्रों का निस्तारण जल्द करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बुधवार को सरकारी ऋण योजनाओं के लंबित ऋण आवेदन पत्रों की समीक्षा की।

अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा ने बैंक अधिकारियों से कहा कि विभिन्न विभागीय योजनाओं के आवेदन पत्रों का निस्तारण तत्काल कराया जाए। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर से 15 जनवरी तक बैंकों के माध्यम से शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसकी कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ योजनाओं की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड में होती है। उन पर अधिक फोकस करें। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को विकास खंड स्तर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के आवेदन पत्रों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केशरवानी को आवेदन पत्रों को संबंधित बैंकों के माध्यम से निस्तारित कराने व संबंधित शाखा प्रबंधक के साथ आवेदनकर्ता के यहां निरीक्षण करने को निर्देशित किया। सीडीओ अमृतपाल कौर, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र अधिकारी मौजूद रहे।

अव्यवस्था | जिला मुख्यालय के कई स्थानों पर बिक रही मिलावटी मिठाई

# सावधान! कहीं मिठाई खाकर बीमार न हों जाएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** त्योहारों पर विभिन्न जगहों पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री की बातें सामने आ रही हैं। आरोप है कि कुछ विभागीय लोगों की मिलीभगत से दुकानों में नुकसानदायक सामग्री बेची जा रही है और कुछ लोगों का सेंपल भरकर खानापूरी की जा रही है।

लोग बताते हैं कि शहर के कुछ मुहल्ले ऐसे हैं, जहां चोरीछिपे मिठाई के नाम पर जहर तैयार किया जाता है और फिर इनकी आपूर्ति दुकानों में की जाती है। कई जगहों पर बाहर से भी इस तरह की मिलावटी मिठाइयां शहर में आती हैं। पिछले साल त्योहार के समय एक रोडवेज बस से भारी मात्रा में मिलावटी मिल्क केक पकड़ा गया था। लोग नाम छिपाते हुए बताते हैं कि शहर में बस स्टैंड के पास एक कालोनी में लंबे समय से मिलावटी मिठाई का काम जारी है। इसमें कई लोगों का संरक्षण भी है। यह मिठाई दुकानों में जाकर कई तरह के नाम से बेची जाती है। तीर्थक्षेत्र में भी परिक्रमा मार्ग पर कई दुकानों पर सस्ती मिठाई बेची जाती है। सवाल उठता है कि जब मिठाई में पड़ने वाला सामान खोया, रिफाइंड आदि महंगा तो कैसे मिठाई सस्ती बेची जा रही है। इसी प्रकार जिला मुख्यालय में कई जगहों पर मिलावटी सोहन हलवा बिकने की बातें हैं। सूत्र बताते है कि विभिन्न नामों और पैकिंग में यह जहर बिक रहा है। बेसन से बनने वाली सोन पापड़ी में भी मिलावट का खेल चल रहा है। इसमें गुणवत्ताहीन रिफाइंड और तेलों का इस्तेमाल किया जा रहा है।



### हो सकती हैं ये बीमारियां

जानकार बताते हैं कि सोन पापड़ी में बेसन के स्थान पर मैदा मिलाई जा रही है। मैदा को बेसन का रंग देने के लिए केमिकल युक्त हानिकारक रंग मिलाए जाते हैं। इन घटिया तेल व खाद्य पदार्थों से तैयार होने वाली सोनपापड़ी खाने से गले में संक्रमण हो सकता है। पेट में दर्द, डायरिया, उल्टी दस्त आदि की शिकायत हो सकती है।

### मिलावट पर होगी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह ने बताया कि मिलावटी सामान या मिठाई की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सोहनपापड़ी और सोहनहलवा को लेकर आई शिकायतों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए हैं।



छात्राओं को जानकारी देतीं शिक्षिका। अमृत विचार

# स्काउट गाइड के 3 दिवसीय शिविर का हुआ समापन

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भारत स्काउट गाइड जिला संस्था के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में तीन दिवसीय शिविर के अंतिम दिन बुधवार को छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गईं। प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने सर्वधर्म प्रार्थना कराई। इस दौरान शिविर प्रभारी ज्योति वर्मा, सहायिका नेहा वर्मा आदि उपस्थित रहीं। ललित कुमार एडवांस रोवर लीडर ने भारत स्काउट गाइड का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, स्ट्रेचर बनाना गांठ फांस बंधन, अनुमान लगाना आदि के संबंध में बताया। बिंतू देवी ने स्काउट गाइड प्रार्थना, झंडा गीत, झंडा, बायां हाथ मिलाना, सिद्धांत, प्राथमिक चिकित्सा, दिशा ज्ञान, स्काउट गाइड चिह्न, सर्वधर्म प्रार्थना और दीक्षा संस्कार कराए।

## सार-संक्षेप

### प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल की तिथियां तय

**चित्रकूट।** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में मेरठ में 17 से 20 अक्टूबर तक सीनियर पुरुष बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने दी। बताया कि इसके अलावा 21 से 22 अक्टूबर तक गोरखपुर में सीनियर पुरुष-महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। बताया कि इनके लिए जिलास्तरीय ट्रायल 15 अक्टूबर को, मंडलस्तरीय ट्रायल 16 अक्टूबर को होगा। उन्होंने बताया कि जौनपुर में प्रदेशस्तरीय सीनियर महिला खोखो और वालीबाल प्रतियोगिता 21 से 23 अक्टूबर को होगी। इनके लिए मंडलस्तरीय ट्रायल 16 अक्टूबर को होगा।

### अधिकारियों ने दिया सुरक्षा का भरोसा

**मऊ (चित्रकूट)।** बुधवार देर शाम एसडीएम सौरभ यादव एवं क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने देवी पांडालों, पटाखा विक्रय स्थलों एवं रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यापारियों एवं आम आदमी को सुरक्षा का भरोसा दिया। अपील की कि सभी लोग शांतिपूर्वक, सौहार्द से त्योहार मनाएं। अराजकता फैलाने वाले लोगों की सूचना तत्काल थाना मऊ को दें। सीओ ने सभी से सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करने, पांडालों में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। बस अड्डे से रामलीला मैदान एवं आसपास के देवी स्थलों का निरीक्षण किया गया। गश्त के दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार राय, क्राइम इंस्पेक्टर अभय राज सिंह आदि के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।



देवी पांडाल का मुआयना करते एसडीएम सौरभ यादव और सीओ जयकरण सिंह।


कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

# आल्हा से कलाकारों ने भरा जोश, गूंजी तालियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बुंदेलखंड के उभरते कलाकारों ने प्रस्तुतियों से किया सराबोर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और जिला प्रशासन महोबा के संयुक्त तत्वावधान में छोटी चंद्रिका मंदिर प्रांगण में नवधा भक्ति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया । इस आयोजन में बुंदेलखंड के उभरते कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से लोगों को भक्तिरस में डूबने का विवश किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार, तहसीलदार दिवाकर मिश्रा, नायब तहसीलदार अभय प्रताप सिंह, पर्यटन अधिकारी डा. चित्रगुप्त, संस्कृति विभाग के सदस्य जग प्रसाद तिवारी और वरिष्ठ साहित्यकार रामदत्त तिवारी द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में कथक नृत्यांगना सोनी चौरसिया ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया, जबकि प्रतीक्षा यादव और दीक्षा यादव ने आल्हा गायन से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संगीतज्ञ अबोध सोनी ने मां की वंदना से माहौल को भक्तिमय बना दिया, वहीं नवरस म्यूजिकल ग्रुप के शरद ने भक्ति गीतों से सभी को आकर्षित किया। वीणा पाणी संगीत विद्यालय और नवरस म्यूजिकल ग्रुप के छात्रों ने भी भक्ति गीतों से प्रांगण को गुंजायमान कर दिया।

# जीवों को बचाने के लिए सरोवरों में नहीं करें मूर्ति विसर्जन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** दुर्गा पूजा के समापन पर प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। लोग सरोवरों में प्रतिमाओं का विसर्जन न करें, इसके लिए जागरूक करने की कवायद तेज कर दी गई है।

नवरात्र के समापन पर कीरत सागर में देवी प्रतिमाओं का विर्सजन होता है। 'अमृत विचार' ने मुहिम शुरू कर लोगों को गड्ढा खोदकर प्रतिमाओं के विर्सजन का आग्रह किया है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्रधानमंत्री सहित साधु संतों और जल वैज्ञानिकों ने प्रतिमाओं को भूमि विसर्जन का आहवान किया है, जो तर्क संगत है। इस प्रस्ताव पर हमको ध्यान देने और मनन करने की जरूरत है ताकि बढ़ते जल प्रदूषण को रोका जा सकें। सब जानते हैं कि जलीय जीव जन्तु जल प्रदूषण खत्म करने के लिए जरूरी है, लेकिन प्रतिमाओं में हानिकारक पदार्थों के अलावा विषाक्त कैमिकलों की मात्रा अधिक रहती है ये कैमिकल न केवल जलीय जीव जन्जुओं बल्कि हमारे जीवन के लिए बहुत हानि कारक है। जिला प्रशासन को भी जलीय प्रदूषण को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना पड़ेगा।

### दुर्गा समिति के पदाधिकारी बैठक कर करें विचार



- श्री उमंगेश्वर ज्योर्तिलिंग शिवालय के मुख्य पुजारी शिवकिशारे पांडेय का कहना है कि पर्यावरण प्रदूषण के साथ साथ जलीय प्रदूषण भी काफी हानिकारक है। जलीय प्रदूषण को रोकने के लिए प्रशासन को दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर उन्हें सरोवरों में प्रतिमाओं को विसर्जित करने के बजाय बड़े- बड़े गड्ढे करके प्रतिमाओं का विसर्जन करना चाहिए इससे कैमिकल के जरिए पानी में फैलने वाले प्रदूषण से जलीय जीव जन्तुओं को बचाया जा सकता है।

### केमिकलयुक्त प्रतिमाओं का सरोवर में नं करें विसर्जन



- राजकीय वीरभूमि स्नाकोतत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्रवक्ता डा. एलसी अनुरागी ने कहा कि संविधान के मौलिक कर्तव्य सात में बताया गया है कि वन प्राणियों, वनों, झीलों और नदी की रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। सभी जल की रक्षा करें इससे प्रकृति की रक्षा होगी और कैमिकल से होने वाले नुकसान से जीव जन्तुओं और जलीय जीवों को बचाया जा सकता है। उनका कहना है कि कैमिकल से बनाई जाने वाली प्रतिमाओं को सरोबरों में विसर्जित न करके गड्ढों के माध्यम से विसर्जन किया जा सके।

### विसर्जन के लिए अलग बनाएं तालाब



- साहित्यकार संतोष पटैरिया का कहना है कि पूर्व में ही मेरे द्वारा हवन सामग्री को गड्ढे करके उसमें डाले जाने की सलाह दी गई थी। उनका कहना है कि जिन तालाबों का पानी पेयजल के लिए इस्तेमाल होता है ऐसे तालाबों में मूर्तियों को विसर्जन न करके जिला प्रशासन एक अलग से तालाब खुदवाकर उसमे पानी भरने का इंतजाम कराए जिससे प्रतिमाओं को उस तालाब में विजर्सित किया जा सके।

# मां कालरात्रि का पूजन कर मांगी समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शासदीय नवरात्रि पर्व के सातवां दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति माता कालरात्रि का भक्तों ने पूजन किया। दुर्गा मंदिरों और देवी पंडालों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। माता कालरात्रि महायोगीश्वरी भी कहा जाता है। मंदिरों और पूजा पंडालों में क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः व अन्य मंत्रों का जाप होता रहा।

बड़ी चंद्रिका माता मंदिर के पुजारी चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि जब असुर शुंभ निशुंभ और रक्तबीज ने सभी देवताओं को परेशान कर रखा था, तो सभी देवता भोलेनाथ के पास पहुंचे और उनसे रक्षा की प्रार्थना की, जिस पर भोलेनाथ ने माता पार्वती को अपने भक्तों की रक्षा करने को कहा और माता पार्वती ने मां दुर्गा का स्वरूप धारण कर शुभ व निशुंभ असुरों का वध कर दिया। यह देखकर मां दुर्गा का अत्यंत क्रोध में आ गई और क्रोध की वजह से मां का वर्ण श्यामल हो गया। इसी श्यामल रूप से देवी कालरात्रि प्रकट हुईं इसके बाद मां कालरात्रि ने रक्तबीज समेत सभी दैत्यों का वध कर दिया। श्री उमंगेश्वर ज्योर्तिलिंग शिवालय के मुख्य पुजारी शिवकिशारे पांडेय बताते हैं कि मनुष्य लगातार शारीरिक, मानसिक और आत्मिक क्रियाओं में संग्लन होकर शक्ति और सार्मथ्यहीन होने लगता है, तब वह पुनः शक्ति संपन्न होने के लिए वर्ष में दो बार शारदीय व चैत्र माह अत्यंत दुष्कर साधना का नौ दिनों तक अनुष्ठान करता है।


माता के दर्शन के लिए लगी भक्तों की भीड़ । अमृत विचार


पंडाल में दुर्गा मां की विराजमान प्रतिमा। अमृत विचार

# डाक पार्सल कंटेनर से पकड़ा गांजा

## एसटीएफ और एनबीसी टीम ने पुलिस के सहयोग से किया घटना का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पकड़े गए गांजा की कीमत 1.13 करोड़ रुपये बताई गई

**अमृत विचार।** आंध्र प्रदेश से उत्तर प्रदेश होते हुए चंडीगढ़ जा रहे एक डाक पार्सल कंटेनर से थाना कबरई क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। बरामद गांजा की कीमत कीमत करीब 1.13 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने गांजे के साथ दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। लखनऊ की एसटीएफ और नार्कोटिक्स टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से इस मादक पदार्थ के तस्करों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश होते हुए पंजाब के चंडीगढ़ जा रहे एक डाक पर्सल कंटेनर में गांजे की तस्करी किए जाने की सूचना एसटीएफ लखनऊ की टीम और एनसीबी के प्रभारी पंकज दुबे को मिली, जिस पर टीमों पिछले सात दिनों से तस्करों को रंगे हाथों पकड़ने का प्लान बना रही थी। बुधवार को मौका मिलते ही थाना कबरई क्षेत्र से स्थानीय पुलिस के सहयोग लेते हुए कंटेनर को रोककर ड्राइवर और क्लीनर को नीचे उतारा और कंटेनर की तलाशी लेते हुए चालक सीट के पीछे बने गुप्त केबिन से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया।


इसी कंटेनर से पकड़ा गया गांजा। अमृत विचार

पुलिस ने गांजे के साथ राहुल पाल और प्रिंस पटेल निवासी प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया हैं। बताया कि वह आंध्र प्रदेश से गांजा लेकर चंडीगढ़ जा रहे थे और इस कार्य को कराने वाला चंडीगढ़ में बैठकर गांजे की तस्करी के कार्य को अंजाम देता है, जिस पर मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए टीम को लगा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। पकड़े गए अभियुक्तों पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है साथ ही नशीले पदार्थ के अवैध करोबारियों की तलाश करने का कार्य जारी है।

# कर्ज से परेशान किसान ने दी जान

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम भगवाहा में एक किसान ने साहूकारों के कर्ज से परेशान होकर खेत के पास लगे एक पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

बगवाहा गांव निवासी कालीचरण पुत्र पारीक्षत एक अक्टूबर से लापता था परिजनों ने उसकी खोज की पर कोई पता नही लग पाया। थाने में भी सूचना दी थी, कोई पता नही चल पा रहा था। भाई ने बताया की साहूकारों का करीब ढाई लाख रुपए कर्ज था। इससे वह परेशान रहता था। उसने गांव के ही बाहर एक पेड़ में फांसी लगा ली। शव लटका मिला। ग्रामीणों ने उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनमा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने पूरे मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है।

# होंठ और तालू कटे बच्चे का किया गया ऑपरेशन, परिवार में खुशी

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- आंगनबाड़ी केंद्र अजनर में 40 बच्चों के स्वास्थ्य का किया गया परीक्षण
- आरबीएस योजना के तहत लगाया गया था शिविर, लखनऊ में किया गया ऑपरेशन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन की आरबीएस योजना अंतर्गत होंठ- तालू कटे बच्चे का आंगनबाड़ी केंद्र अजनर में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जहां पर इस तरह के तमाम बच्चे आए जिसमें से एक बच्चे का अधिक होंठ कटा होने के कारण उसका परीक्षण करने के बाद उसे स्पेशलिटी हास्पिटल बर्न एंड ट्रामा सेन्टर लखनऊ में भेजा। जहां पर डाक्टरों ने उसका सफल आपरेशन किया गया।

आरबीएस के योजनान्तर्गत ओाजित शिविर में होंठ- तालू कटे 40 चिन्हित किए गए, जिसका पंजीकरण कराने के बाद स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देशन में जिला कार्यकृम प्रबंधक डॉ. अम्बुज गुप्ता के नेत्रृत्व मे प्रभारी चिकित्साधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर डॉ. आशीष तिवारी की देखरेख में राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन की आरबीएस के योजनान्तर्गत डॉ. पीएन शर्मा, फार्मासिस्ट अमित गंगेले, एफएचडब्ल्यू संगीता की स्वास्थ टीम बी ने अजनर मे आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण किया।

स्वास्थ्य परीक्षण दौरान तीन माह का चिराग पुत्र अटल बिहारी का कुछ ज्यादा कटे होंठ- तालू का पाया गया जिसे जिला स्वाथ इकाई महोबा दिखाया वहां से डाक्टरों ने शल्य उपचार हेतुशासन द्वारा अनुबंधित शिप्स सुपर, स्पेशलिटी हास्पिटल बर्न एन्ड ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे भेजा। जहां पर बच्चे का निःशुल्क सफल आपरेशन हुआ।


आपरेशन के बाद सोता बच्चा।


शपथ ग्रहण करते छात्र संसद के पदाधिकारी व मंचासीन अतिथिगण। अमृत विचार

# समय और संयम के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ें छात्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र संसद के पदाधिकारियों व सांसदों को पद कर्तव्य निष्ठा व अनुशासन की शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को समय और संयम से अपने जीवन को व्यवस्थित कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्ण और ईमानदारी से करने पर जोर दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने छात्र संसद की प्रधानमंत्री नव्या सिंह व उप प्रधानमंत्री अक्षत सिंह को शपथ दिलाई। सेनापति के लिए चुनी गई नेहा, उप सेनापति पद के लिए प्रतीक्षा, अनुशासन मंत्री पद के लिए सारांश राजपूत, उप अनुशासन मंत्री पद के लिए अभय गौतम, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख के लिए कृष्णा सोनी, उप सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख के लिए गौरव श्रीवास्तव, सूचना एवं प्रचार मंत्री के रुप में यश बाजपेई वंदना मंत्री के लिए मानव न्यायाधीश के लिए विश्व विजय सिंह, उप न्यायाधीश के लिए हर्ष, जल मंत्री के लिए श्यामजी, उप जलमंत्री के लिए आदित्य राठौर, विद्युत मंत्री के लिए यश कुशवाहा उप विद्युत मंत्री के लिए जतिन, क्रीड़ा मंत्री के लिए कार्तिक शर्मा, पुस्तकालय मंत्री के लिए नितिन, उद्यान मंत्री के लिए रुद्र प्रताप, उप उद्यान मंत्री के लिए अनुज, चिकित्सा मंत्री के लिए अनुज शर्मा, साज-सज्जा मंत्री के लिए यशस्वी श्रीवास्तव, स्वच्छता मंत्री के लिए आयुष अतिथि मंत्री के लिए अंकित एवं अन्य विजयी सांसदों को भी शपथ दिलायी गयी।

मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गुप्ता ने छात्रों को समय और संयम से अपने जीवन को व्यवस्थित कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने छात्र संसद के पदाधकारियों को दायित्वों का बोध कराया। संचालन पंडित जगप्रसाद तिवारी ने किया। यहां गौशाला प्रमुख भारत, चेयरमैन संतोष चौरसिया, साहित्यकार संतोष पटेरिया, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राहुल, शिशु शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य अरुण, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष शिवरतन, कृषि फार्म प्रमुख मनोज वर्मा आदि रहे।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता महोबा

- पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बेहद जरूरी: जेपी अनुरागी

**अमृत विचार।** दो दिन से चल रही जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। कीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन भी प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा का लोहा मनवाया। कीड़ा प्रतियोगिता का समापन अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने किया।

खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा, गंगा सिंह इंटर कॉलेज चरखारी, राजकीय मुकुंद लाल इंटर कॉलेज महोबा, नेहरू इंटर कॉलेज महोबा, साईं इंटर कॉलेज महोबा, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा, राजकीय इंटर कॉलेज कुलपहाड़, राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, खो- खो सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। छात्राओं ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वंदना सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अच्छा खिलाड़ी बनने पर अच्छा छात्राओं का जीवन सुधर जाता है।

उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोग खेल की बदौलत अच्छी नौकरी कर रहे हैं और देश-विदेश में खेल के कारण ही अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल का नियमित अभ्यास करने से शरीर चुस्त और दोस्त रहता है विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में जितना बच्चे खेल-खेल लेते हैं उतना काम करने वाले बच्चे नहीं खेल पाते हैं। उन्हें कम से फुर्सत नहीं मिलती है। यही वजह है कि छात्राओं का शरीर चुस्त और दुरुस्त रहता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है।


प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर दौड़ लगाते प्रतिभागी। अमृत विचार

# क्रॉप कटिंग के जरिए उपज का आकलन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सदर तहसील के टीकामऊ में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने निरीक्षण में मूंगफली की क्रॉप कटिंग कराई। क्रॉप कटिंग में 16 किलो 250 ग्राम प्रति डिसमिल उपज प्राप्त हुई, जिसके आधार पर खेतों को चुनकर उत्पादकता का आकलन किया जाएगा।

किसानों की मूंगफली की की पैदावार प्रतिशत का आकलन करने के लिए शासन के निर्देश पर प्रशासन द्वारा क्रॉप कटिंग कराई जा रही है। इसी के तहत बुधवार को सदर तहसील के ग्राम टीकामऊ में जिलाधिकारी के सामने मूंगफली के उत्पादन का आकलन किया गया। जिलाधिकारी ने पर बताया कि क्रॉप कटिंग करने के बाद 16 किलो 250 ग्राम प्रति डिसीमिल उपज प्राप्त हुई। इस मौके पर अधिकारियों द्वारा क्रॉप कटिंग के महत्व के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। इस मौके पर उपकृषि निदेशक महोबा अभय कुमार सिंह, तहसीलदार दिवाकर मिश्रा, अपर सांख्यिकी अधिकारी रोहित गुप्ता, राजस्व निरीक्षक उत्तम सिंह, लेखपाल अर्पित कुमार, प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र पटेल आदि रहे।

# किसान ने फंदा लगा दे दी जान

**महोबा।** थाना खन्ना के ग्राम खमरिया मे एक किसान ने अपनी भाभी से झगड़ा होने के बाद उसकी डंडों से पिटाई कर दी थी तब से किसान खासा परेशान रहता था और घर भी कम आता था मंगलवार को उसने एक पेड़ में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी।

खमरिया निवासी इंद्रपाल निषाद पुत्र भीकम ने मंगलवार को रस्सी के फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतक के पुत्र लवलेश ने बताया कि उसका पिता मेहनत मजदूरी करता था और शराब का आदी था। 10 दिन पहले घर पर भाभी शारदा पत्नी घसीटा से उसका विवाद हो गया था और पिता ने भाभी को डंडा भी मार दिया था। इसके बाद पिता घर पर कम ही आता था। मंगलवार की दोपहर को उसने खेत पर लगे बबूल के पेड़ में रस्सी का फंदा डालकर जान दे दी। पहले पिता की तलाश करते रहे बाद में ग्रामीणों ने बताया कि उसने खुदकुशी कर ली।

गोष्ठी | 15 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विधान से समाधान अभियान के तहत कबरई में कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश महोबा की निगरानी में एक से 15 अक्टूबर तक विधान से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत महिलाओं को उनके अधिकार के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिसके तहत बुधवार को विकासखण्ड कबरई ब्लाक सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं से सम्बन्धित एक्ट से संबन्धित जानकारी प्रदान की गई। महिला अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विधिक रूप जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष तेन्द्र पाल द्वारा की गई।

अपर जिला जज ने पारिवारिक विधिक विवाह, विवाह वच्छेद, भरण पोषण, सम्पत्ति के संबंध में महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज मृत्यु, ऐसिड अटैक, अपहरण, रेप, लैगिंक हिंसा, पाक्सों एक्ट के अलावा कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीडन, मातृत्व अवकाश, महिलाओं के स्वास्थ्य हाईजीन, मजदूरी अधिनियम, फैक्ट्री अधि0 1948, पीसीपीएनडीटी एक्ट, गर्भ धारण के समय लिंग परीक्षण संबंधी विधिक जानकारी दी। उन्होंने बताया गया कि समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार, अगर बात वेतन या मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता है। काम पर हुए यौन उत्पीड़न अधिनियम के अनुसार आपको यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का पूरा अधिकार है। कहा कि घरेलू हिंसा के खिलाफ के अधिनियम मुख्य रूप से पति, पुरुष लिव इन पार्टनर या रिश्तेदारों द्वारा एक पत्नी, किसी भी महिला जैसे मां, बहन पर की गई घरेलू हिंसा से सुरक्षा करने के लिए बनाया गया है, आप या आपकी ओर से कोई भी शिकायत दर्ज करा सकता है। कार्यक्रम में बीडीओ सौम्या आलोक, हर्षवर्धन नायक समाज कल्याण अधिकारी, रनबहादुर वर्मा जिला प्रोवेशन अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता विपिन चैहान, रिसोर्स पर्सन विश्वनाथ त्रिपाठी एवं अधिवक्ता कल्पना सोनी द्वारा मातृत्व संबंधी लाभ के लिए अधिकार, मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार, गरिमा एवं शालीनता से जीने का अधिकार, संपत्ति का अधिकार- हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम से रूबरू कराया। संचालन रिसोर्स पर्सन विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया।



जानकारी देते अधिकारी व उपस्थित महिलाएं। अमृत विचार

# बिना फार्मासिस्ट चल रहे मेडिकल स्टोर!

- दूसरे की डिग्री, डिप्लोमा लगाकर बेंच रहे दवाएं
- मरीजों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह मेडिकल स्टोर बिना फार्मासिस्ट के ही संचालित हो रहे हैं। ये लोग दूसरों की डिग्री व डिप्लोमा के दम पर लाइसेंस लेकर इनका संचालन करते हैं। वहीं कई लोग तो ऐसे ही दुकानें खोलकर बैठे हैं। दवाओं का ज्ञान नहीं होने से मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ न तो ड्रग इंस्पेक्टर कोई कार्रवाई करते हैं और न ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

जानकारी के अनुसार शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों ऐसे मेडिकल स्टोर हैं, जिनके पास फार्मासिस्ट नहीं है। गैर डिप्लोमा, डिग्रीधारी द्वारा मेडिकलों का संचालन करने से मरीजों की जान को खतरा रहता है। मासिक या सालाना के आधार पर लाइसेंस के लिए लेन-देन होता है।

बताया जाता है कि पांच से दस हजार रुपये महीने में लाइसेंस उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो नियमों को ताक पर रखकर नगर के मेडिकल स्टोर चल रहे हैं।

### जांच करेंगे

ड्रग्स इंस्पेक्टर दिव्यानी दुबे का कहना है कि, मेडिकल स्टरों की चेकिंग के लिए नियमित तौर पर अभियान चलाया जाता है। अगर ऐसी कोई शिकायत है तो मेडिकल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, इसकी जांच करेंगे।

### मेडिकल की आड़ में चल रहे फर्जी क्लीनिक

- गांवों व छोटे कस्बों में जगह-जगह मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध क्लीनिक चलाए जा रहे है। चिकित्सा विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इन मेडिकल संचालकों द्वारा मरीजों से मन माफिक फीस वसूली जाती है। ऐसे में अगर गलत दवा देने से तबीयत खराब हो जाती है, तब उन्हें बड़े अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। ये लोग न तो कोई पर्ची पर दवाई लिखते हैं और न ही इलाज के लिए कोई प्रमाण छोड़ते हैं। ऐसे में अगर मरीज की सेहत पर कोई असर पड़ता है तो बिना सबूत के इन पर कोई कार्रवाई भी नहीं होती है।

### देते है कच्चे बिल

- अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक ग्राहकों को दवाओं का बिल नहीं देते हैं। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को कंपनी की दवाओं को छोड़कर उसी फॉर्मूले की लोकल दवाइयां थमा देते हैं। सूत्रों की माने तो बिल देने के एवज में मेडिकल संचालकों को दवाओं की कंपनी भी उल्लेखित करना पड़ती है। इसी वजह से बिल देने से बचते नजर आते हैं। अगर देते भी है तो कच्चा बिल (सादे कागज पर) पकड़ा देते हैं।

## वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहल्ला धोबीपुरा निवासी ईदगाह के पास महिला मुन्नी पत्नी स्व. अनवार ने थाने में पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने मोटरसाइकिल को तेज व लापरवाही से चला कर वादिया के पुत्र रईस की मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे उसके पुत्र रईस व उसके साथी वीर सिंह को गंभीर छोटे आईं और इलाज के दौरान रईस की मौत हो गई। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर लिए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर पालिकाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाइया बांटकर एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है।

नगर के यमुना तट में स्थित बिहारीजी मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जीत से उत्साहित होकर ढ़ोल नगाड़े बजाते हुए मिठाई का वितरण किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता ने एक बार फिर से मोदी सरकार की नीतियों पर भरोसा जताया है। पीएम मोदी की ओर से गरीबों के कल्याण के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं, उससे भी लोग काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा ने जीत हासिल की। उसी तरह 2027 में उत्तर प्रदेश में भी भाजपा की हैट्रिक होगी। उन्होंने कहा- केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से किसान, नौजवान, महिलाएं और समाज के सभी वर्ग खुशहाल हैं। पूर्व नगर अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की जीत यह साबित करती है कि जनता का विश्वास भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अडिग है। लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है। इस मौके पर यतेंद्र रजावत, अर्पित पुरवार, सत्येंद्र चौहान, राजेन्द्र यादव, रब्बू यादव, भूरा, आशीष, असीम गुप्ता, महर्षि सैनी आदि लोग मौजूद रहें।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मानते कार्यकर्ता। अमृत विचार

## एक नजर

### जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

**उरई।** कुठौंद थाना के उप निरीक्षक संदीप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर अनिल कुमार, राम बिहारी पुत्र निवासी ग्राम बिचौली थाना कुठोन्द समेत चार लोगों को जुआ खेलने पर गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी में उनके पास से 13 हजार 600 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए सभी जुआ खेलने वालों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### 1 वारंटी गिरफ्तार

**कालपी।** जालौन एसपी डा. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण रोकथाम जैसे वांछित अपराधी, वाहन चेकिंग, लूट पाट, लूटेरे, वाहन चोर, संदिग्ध व्यक्ति एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर कालपी कोतवाली पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त आलमगीर पुत्र हाजी बाबू को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गयी।

### आबादी में शराब का ठेका खोलने का विरोध, ज्ञापन

**कालपी।** इंदिरा नगर कालपी में रिहायशी इलाके में देशी शराब खोले जाने का विरोध किया जा रहा है। लोगों ने उप जिलाधिकारी सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपा है। इंदिरा नगर स्थित एक शराब कारोबारी ने अपनी शराब की दुकान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक निजी घर पर खोलना की योजना बनाई थी। जिसकी खबर पास पड़ोस में रहने वाले लोगों को लग गई। उन्होंने इस बात का विरोध किया और वार्ड वासियों ने उप जिलाधिकारी कालपी से ठेकेदार पर अवैध तरीके से शराब बेचने का भी आरोप लगाया। वार्ड के दर्जनों महिलाएं तथा पुरुषों ने उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि वार्ड का माहौल अभी पूर्णता सकारात्मक है वहां शराब का ठेका खोलने से वहां का वातावरण दूषित हो सकता है।

### बाल व बंधुआ श्रम पर कड़ी नजर रखें अधिकारी

**बांदा।** जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला टास्क फोर्स बाल एवं बंधुआ श्रम समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम परिवर्तन अधिकारी को बाल एवं बंधुआ श्रम के अंतर्गत पाये जाने वाले बच्चों को शैक्षिक सुविधा एवं उनका पुनर्वासन किये जाने को बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीओ डूडा के सहयोग से कराये जाने के निर्देश को दिये। उन्होंने बाल एवं बधुआ श्रम के अंतर्गत निरंतर नजर रखने एवं प्रवर्तन कार्य के द्वारा चेकिंग किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए।

# युवक की हत्या के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

## एडीजे कोर्ट ने 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** पांच वर्ष पूर्व खेत पर तार फेंसिंग कर रहे किसान पर गांव के ही तीन लोगों ने जान से मारने की नियत से सब्बल से प्रहार कर दिया था। जिससे किसान मरणासन्न होकर गिर पड़ा था। ग्रामीणों ने उसे देख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। वहीं किसान के भतीजे ने कोतवाली में तहरीर देकर मामला दर्ज कर दिया । उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस पर पुलिस ने मामले में धारा 302 और बढ़ाकर कार्रवाई की। बुधवार को सुनाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता की अच्छी पैरवी से दोष सिद्ध हो जाने पर जज ने उसे 10 वर्ष की सजा और 13 हजार रुपये के अर्धदण्ड से दंडित किया।

कोंच कोतवाली के ग्राम चंदुर्रा निवासी हरिमोहन 22 नवंबर 2019 की सुबह अपने खेत पर तार फेंसिंग कर रहे थे। तभी गांव का ही संतोष पुत्र दौलत व 2 व्यक्ति अज्ञात आय और उसे तार फेंसिंग करने से मना करने लगे। जब वह नहीं माना तो उक्त लोगों ने जान से मारने की नियत से सब्बल मार दी। इससे वह मरणासन्न होकर गिर पड़ा। तभी गांव के ही रामलाल व सुधीर आ गये उन्होंने हमलावरों को ललकारा तो उक्त तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। तभी ग्रामीण उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले गये थे। जहां डॉक्टरों ने उसकी बिगड़ती हालात को देखकर उसे रेफर कर दिया। 23 नवंबर 2019 को कोतवाली कोंच में घायल के भतीजे ने तहरीर देकर धारा 307, 323, 504, 506 में दर्ज कर दिया था। वहीं उपचार के दौरान हरिमोहन की मौत हो गई थी। पुलिस ने धारा 302 बढ़ाकर उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त तभी से जेल में निरुद्ध है। मामला अपर जिला जज प्रथम के यहां विचाराधीन था। सुनवाई के दौरान बुधवार को अपर जिला न्यायालय महेंद्र विक्रम ने अच्छी बहस कर उक्त अभियुक्त पर धारा 304 में दोषी सिद्ध कर दिया। दोष सिद्ध हो जाने पर जज शिवकुमार ने 10 वर्ष की सजा और 13 हजार का जुर्माना लगा दिया। जिसमें जुर्माना का आधा पैसा वादी को दिया जायेगा।



# 15 दिने में गड्ढा मुक्त कराएं सड़कें, बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विभिन्न सड़क निर्माण की विभिन्न कार्य योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2024- 25 में शहरों में बाईपास, रिंग रोड, फ्लाईओवर, धर्मात मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुद्धर्णीकरण विकास क्षेत्र निर्माण को लेकर बैठक आयोजित हुई। इसमे जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण कर कार्य योजना तैयार कर शासन को भेजने के निर्देशित किया।

बैठक में कहा कि बारिश में खराब हुई सड़कों की मरम्मत, नवीनीकरण और नई सड़कों, छोटे पुलों के प्रस्ताव समय से तैयार कर करें। धर्मार्थ मार्गों पर 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आवागमन वाली सड़कों को भी लिया गया। ऐसे मजरे जो ढाई सौ की आबादी से कम हैं और उनकी कनेक्टिविटी नहीं है ऐसे मजरों को भी चिह्नित कर कार्य योजना में शामिल करने करने को कहा। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि ऐसी सड़कों को चिह्नित करते हुए प्राथमिकता पर 15 दिवस में गड्ढा मुक्त कराया जाए। कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शहरों में बढ़ती आबादी को दृष्टिगत रखते हुए बाईपास, रिंग रोड, फ्लाईओवर, धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण विकास क्षेत्र निर्माण का विवरण जनप्रतिनिधियों से प्राप्त कर शासन को भेजा जाए। नाबार्ड के अंतर्गत तीन किलोमीटर से कम की सड़कों का चयन किया गया। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अमित सक्सेना ने कहा कि तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालय को दो लाइन मार्ग से जोड़ने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना अंतर्गत चयन किया जाएगा। राज्य मार्गों व आदि योजना अंतर्गत जनपद की समस्त सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, विशेष मरम्मत, नई सड़कें बनाई जाएगी।

## सार-संक्षेप



विद्यार्थियों को स्वास्थ्य की जानकारी देते विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### किशोरों को दी स्वास्थ्य की जानकारी, स्पर्धा हुई

**कुसमिलिया।** डकोर राजकीय इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डकोर की टीम ने मंगलवार को किशोर एवं किशोरियों को किशोरावस्था में होने वाली विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं उनके बचाव से अवगत कराया। कार्यक्रम में चिकित्सकों द्वारा छात्रों के हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। एनीमिया जैसी विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचने के उपाय बताए। किशोरों को उनकी विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निबंध, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार सरोज (पीईएस) अध्यापक अखिलेश त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डकोर की टीम उपस्थित रही।

### भक्तों के कष्टों का हरण करती हैं मां आनंदी

**कालपी।** कालपी नगर के मध्य मुहल्ला राम चबूतरा में लक्ष्मी स्वरूपा मां आनन्दी का मन्दिर है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता की पूजा, अराधना करता है उसके कष्टों का माता हरण कर लेती हैं। मां आनन्दी के दाहिने ओर मां सरस्वती और बाईं ओर मां काली बिराजमान हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां का चरणामृत ले जाते हैं और उसका औषधि के रूप में प्रयोग करते हैं।



आनंदी माता का दरबार।

### महिला के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**उरई।** रेढर थाना क्षेत्र की महिला प्रति पत्नी आकाश निवासी कुठौन्दा थाना रेढर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि विकास पुत्र रामजीलाल ग्राम कुठोन्दा समेत चार लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। और घर से निकाल दिया। जिसके चलते पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, 1 घायल

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने भभुआ मजार के पास बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया। कालपी नगर के मोहल्ला अदल सराय निवासी आशिक 25 वर्ष अपने साथी पूर्व सभासद अजीज अहमद 45 वर्ष के साथ बाइक से उरई जा रहा था। तभी आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने भभुआ मजार के पास उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। घटना से राहगीरों में हड़कंप मच गया और उन्होंने सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने आशिक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि आशिक मुंबई में काम करता था और अपने परिवार का खर्चा चलाता था। उसकी मौत के बाद उसकी पत्नी और दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 29 छात्रों को मिला रोजगार

**बांदा।** बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपने हुनर और ज्ञान से एक बार फिर सफलता की उड़ान भरी है। विश्वविद्यालय के 29 छात्रों ने देश की दो नामी कंपनियो में रोजगार हासिल में सफलता पाई है। बताते चले प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों- छात्राओं के रोजगार के लिए कैम्पस भर्ती अभियान आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में देश की नामी कंपनी आईटीसी लिमिटेड पीएसपीडी विम्को सीडलिंग्स में विपणन एवं विस्तार प्रबंधक पद के लिए छात्रों की लिखित परीक्षा, समूह चर्चा व साक्षात्कार लिया गया था। जिसमें विश्वविद्यालय के स्नातक व परास्नातक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। तीन चरणों की परीक्षा के बाद कुल ग्यारह छात्रों का चयन हुआ। चयनित छात्रों को कंपनी छह माह का प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण के दौरान स्नातक छात्रों को तीन लाख रुपए व परास्नातक छात्रों को चार लाख रुपए का स्टाइपेन्ड देगी तत्पश्चात इन्हें वेतनमान में वृद्धि कर पैकेज दिए जाएंगे। इसी क्रम में देश की नामी कंपनी रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में प्रबंधक पद के लिए छात्रों का साक्षात्कार कराया गया था। जिसमें विश्वविद्यालय के स्नातक व परास्नातक के छात्र शामिल हुए।

# खेतों में पानी भरने से नष्ट हो रही खरीफ की फसल

- किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** अकोढ़ी दुबे में खेतों में जलभराव के चलते खरीफ की फसल नष्ट हो गई है। रबी की फसल की बुआई में संशय नजर आ रहा है। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

अकोढ़ी दुबे निवासी किसान मैथली शरण, धीरज मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, अरुण कुमार आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि तहसील क्षेत्र में अतिवृष्टि से हजारों एकड़ फसल नष्ट हो चुकी है। खेतों में अभी भी पानी भरा हुआ है। अकोढ़ी दुबे व आसपास के इलाके में सैंकड़ों एकड़ जमीन दो माह से जलमग्न है। खेतों में पानी भर जाने के कारण उसमें खरीफ की बोई गई फसल सड़ गई है और पूरी तरह नष्ट हो गयी। लगभग दो माह से पानी भरे रहने के कारण उसमें जहरीले कीड़े पैदा हो गये हैं। फसल नष्ट होने व जहरीले कीड़े होने के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है और बीमारियों की आशंका बढ़ रही है। किसानों ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि पानी की निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए। इसके लिए मंदिर के पास चकरोड को काटकर माइनर में पानी निकाला जा सकता है। बताया कि यदि ऐसा नहीं होता है तो पानी भरे रहने से रवी की फसल की बुआई नहीं हो सकेगी। जिससे किसानों को और नुकसान होगा। इस मौके पर अरुण कुमार, रामानंद, दीपेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जर्जर भवन में चल रहीं कक्षाएं

- जालौन के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भादवा का मामला
- ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताई समस्या

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भादवा का भवन जर्जर होने के चलते बच्चों के लिए खतरा बना रहता है। कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से अभिभावक चिंतित हैं। गांव के प्रधान व प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जर्जर भवन को तुड़वाने और नया भवन बनाए जाने की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र के भदवा गांव के प्रधान जगत नारायण व कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र पाल, अमित शर्मा, राजकुमारी, नेहा पोरवाल, प्रीति सिंह आदि ने खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव का विद्यालय जर्जर हो चुका है। इसी विद्यालय में बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। लेकिन विद्यालय का भवन जर्जर हो चुका है। बारिश के मौसम में पानी टपकता है और जलभराव हो जाता है।

जर्जर भवन जगह जगह से चटका हुआ है। ऐसे में यह भवन कभी भी गिरने का डर बना रहता है। कई बार इस भवन को बनवाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस भवन का निरीक्षण कर इसको ध्वस्त कराया जाए और नए भवन का निर्माण कराया जाए। ताकि बच्चे सुरक्षित रह सकें।




जर्जर विद्यालय। अमृत विचार

# कांशीराम का मनाया परिनिर्वाण दिवस

- जन अधिकार पार्टी ने गोष्ठी कर व्यक्त किए विचार

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** जन अधिकार पार्टी द्वारा बहुजन समाज के प्रेणता कांशीराम का परिनिर्वाण मनाया गया। इस मौके पर मंडल सचिव बृजमोहन कुशवाहा एड. के आवास पर आयोजित गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया तथा अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की शुरुआत पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पांजलि देकर याद कर किया गया। मंडल सचिव ब्रजमोहन कुशवाहा ने कहा कि बहुजन समाज के चेतना के प्रतीक कांशीराम जी के जीवन संघर्ष को हमेशा याद रखना चाहिए तथा उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। आज के दिन उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कांशीराम जी के सिद्धांतो को जन अधिकार पार्टी के संस्थापक पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा सांसद जौनपुर एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा शिवकन्या जन अधिकार पार्टी के माध्यम से पूरा करने को संकल्पित है। इसलिए हम सबको जन अधिकार पार्टी में सभी वर्गो को जोड़कर मजबूत करने की जरूरत है।जिला सलाहकार अनुरोध सिंह ने कांशीराम जी जीवन परिचय में अपने अनुभव साझा किए। गोष्ठी में जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह खितौली, विधानसभा अध्यक्ष सत्यनारायण कुशवाहा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर चंद्रभान कुशवाहा नगर अध्यक्ष,लल्लूराम जाटव,रामलखन रजक,राम सनेही कुशवाहा,मुहर सिंह कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

निर्देश — जिलाधिकारी ने की जिला दिव्यांगता समिति की बैठक

# दिव्यांग पेंशन के लिए बैंकों में कराएं ई-केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला दिव्यांगता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने दिव्यांग पेंशन एवं कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों की समीक्षा करते हुए दिव्यांगजनों की पेंशन को आधार कार्ड के अनुसार दिए जाने के लिए आधार कार्डों के केवाईसी बैंकों से कराये जाने को लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिये।

साथ ही कृत्रिम अंग सहायक उपकरण के अंतर्गत चिह्नित दिव्यांगों को सहायक उपकरण देने की बात कही। दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत दिव्यांगों को दुकान संचालन को 10 हजार के वित्तीय ऋण की सुविधा में 25 सौ रुपये अनुदान तथा शेष धनराशि पर चार प्रतिशत ब्याज की दर से दिये जाने तथा दुकान निर्माण को 20 हजार रुपये की धनराशि में पांच हजार रुपये का अनुदान दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पांच वर्ष तक के मूक बधिर छोटे बच्चों का इलाज कराये जाने को उन्हें चिह्नित कर योजना से लाभान्वित कराये जाने के भी निर्देश दिये। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना की समीक्षा में बताया गया कि इस योजना में 40 प्रतिशत दिव्यांगता पर युवक को 15 हजार रुपये तथा युवती को 20 हजार रुपये अनुदान दिया जाता है। इसके साथ ही स्त्री एवं पुरुष दोनों के दिव्यांग होने पर शादी करने को 35 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। इस योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर उसे कार्यालय में जमा करना होगा। कहा कि सभी दिव्यांगों के लिए सरकारी सुविधाओं को सरलीकरण के उद्देश्य से फैमिली आईडी सभी अवशेष दिव्यांगों की शीघ्र बनवाई जाए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, रेड क्रास सोसाइटी के पदाधिकारी एवं संबंधित समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।



बैठक करते जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप व अन्य अधिकारी।

### 12,718 दिव्यांगों के बन चुके हैं यूडीआईडी कार्ड

नि:शुल्क यात्रा की सुविधा को यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत 12,718 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाये जा चुके हैं। उन्होंने निर्माणाधीन नवीन मूक बधिर विद्यालय के लिए स्टाफ, फर्नीचर एवं उपकरण की मांग का प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अंध विद्यालय महोखर के बच्चों की शिक्षा को डीजी सेट तथा स्मार्ट फोन की स्वीकृति को प्रस्ताव भेजे जाने तथा खेल के मैदान को मिट्टी डलाकर समतल कराये जाने के संबंध में वीडीओ को निर्देश दिये।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1405/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 09.10.2024

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती देवकी पत्नी रविकुमार | श्री अशोक कुमार पुत्र हरदयाल | लुधियातपुरा-1 | 06 | 1437 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

# खेलमंत्री ने लिखा पत्र, दीपा के संन्यास से हैरान हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं, आपकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं



खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई। ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनी दीपा रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने सोमवार को खेल को अलविदा कह दिया।

मांडविया ने दीपा को लिखे पत्र में कहा मुझे पता चला कि आपने जिम्नास्टिक से संन्यास ले लिया है। आपके फैसले पर मैं आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मैं आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं। आपकी जिम्नास्टिक की यात्रा जो मात्र छह वर्ष की आयु से प्रारंभ हुई, अत्यंत ही प्रेरणादायक रही। आपने इस खेल में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता के उच्च शिखरों को छुआ और गौरवान्वित किया।

### देश को सम्मान और गौरव के दिए हैं क्षण

आपका ओलंपिक में हिस्सा लेकर भारतीय जिम्नास्टिक्स में एक नया अध्याय जोड़ना और इस खेल में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला बनना न केवल आपके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम बल्कि पूरे देश के लिये गर्व का विषय है। विशेष रूप से प्रोडुनोवा वॉल्ट में आपका प्रदर्शन अद्वितीय रहा है। आपकी उपलब्धियों ने न केवल खेलप्रेमियों को प्रेरित किया है बल्कि विशेष रूप से हमारी बेटियों को भी खेलों में अपने सपनों को साकार करने का साहस प्रदान किया है। उन्होंने कहा ओलंपिक के वह ऐतिहासिक क्षण जब आप मात्र 0 .15 अंकों से पदक से चूक गई, फिर भी आपने अपने धैर्य और समर्पण से पूरे राष्ट्र का दिल जीत लिया। आपकी यह यात्रा देश के लिये अनमोल धरोहर है और मैं आशा करता हूं कि आप अपनी इस अद्वितीय प्रतिभा और अनुभव को आने वाली पीढ़ी के साथ साझा करेंगी।

## सचिन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में होंगे भारत के कप्तान

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक चलने वाली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस क्रिकेट लीग में भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। टी-20 प्रारुप में होने वाली इस लीग के मुकाबले नवी मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे।

इस लीग में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ब्रायन लारा, कुमार संगाकारा, शेन वॉटसन, इयोन मोर्गन और अपने समय के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक जोंटी रोड्स अपनी-अपनी टीमों के कप्तानी करते नजर आएंगे। सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के प्रयासों के बाद इंटरनेशनल मास्टर्स लीग को शुरू करने का विचार किया गया। इस टूर्नामेंट में 18 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 90 से अधिक क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी शामिल होंगे।

# पीसीबी में सीनियर पद पर काबिज हो सकते हैं अजहर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में युवा विकास कार्यक्रम पर काम के लिए सीनियर पद पर नियुक्ति की दौड़ में सबसे आगे हैं। पीसीबी ने बुधवार को युवा क्रिकेट निदेशक के पद के लिए विज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी है।

इच्छुक उम्मीदवारों का अपने देश के लिए कम से कम 50 टेस्ट मैच खेला होना अनिवार्य है। एक सूत्र के अनुसार अजहर इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं क्योंकि उन्होंने जूनियर स्तर के खिलाड़ियों के साथ काम करने और व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी रुचि भी व्यक्त की है।

सूत्र ने कहा एक अन्य पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ भी इस पद पर काम करने के इच्छुक हैं और यह एक कारण था कि उन्होंने राष्ट्रीय चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया। पीसीबी ने यह सुनिश्चित करने के लिए नया पद बनाया है कि नियुक्त उम्मीदवार क्षेत्रीय कोच, अकादमियों और खिलाड़ियों के साथ अंडर-13 से अंडर-19 स्तर तक काम करेगा।

## खेल डायरी

### आलमैन दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी चक्काफेंक खिलाड़ी वालेरी आलमैन को 20 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली वेदांता हाफ मैराथन का अंतर्राष्ट्रीय इवेंट दूत चुना गया है। आलमैन ने पेरिस ओलंपिक में 69 .50 मीटर का थ्रो फेंककर नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक में उन्होंने 68 .98 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया था। हाफ मैराथन में पेरिस ओलंपिक 10000 मीटर चैम्पियन युगांडा के जोशुआ चेप्टेगइ और कीनिया की पूर्व विश्व रिकॉर्डधारी पेरेस जे पुरूष और महिला वर्ग में आकर्षण का केंद्र होंगे। दिल्ली हाफ मैराथन में ईनामी राशि 260000 डॉलर है।

### राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से उत्तराखंड में

**नई दिल्ली।** 38वें राष्ट्रीय खेल अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित किये जाएंगे। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि इस महीने के आखिर में होने वाली आमसभा में इसके कार्यक्रम को मंजूरी मिलना बाकी है। आईओए की आमसभा की बैठक 25 अक्टूबर को यहां होगी। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा राष्ट्रीय खेलों का उत्तराखंड में आयोजन करने को लेकर हम काफी रोमांचित है। ये खेल देश भर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये मंच प्रदान करते हैं ताकि भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाब हो सकें। इसमें 38 खेलों में 10000 से अधिक खिलाड़ी, अधिकारी और कोचों के भाग लेने की उम्मीद है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा हम विश्व स्तरीय खेल अनुभव देने का वादा करते हैं ।

### एशियाई टेटे चैंपियनशिप में महिलाओं ने जीता पहला पदक

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने यहां एशियाई टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता जो इस स्पर्धा में उनका पहला पदक है। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जापान ने 3-1 से हराया था। एशियाई चैंपियनशिप में महिला टीम स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। भारत की अयहिका मुखर्जी ने जापान की मिवा हरीमोतो को कड़ी टक्कर दी लेकिन 8-11, 11-9, 8-11, 13-11, 7-11 से हार गई। वहीं मनिका बत्रा ने सत्सुकी ओडो को दूसरे मैच में 11-6, 11-5, 11-8 से हराया। अगले मैच में सुतीर्था मुखर्जी को जापान की मिमा इतो ने 9-11, 11-4, 15-13 से शिकस्त दी। मनिका निर्णायक मुकाबले में हरिमोतो से 3-11, 11-6, 2-11, 3-11 से हार गई।

### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट नहीं खेलेंगे विलियमसन

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के चोटिल बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ बेंगलुरु में होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में होगी। श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी हटने के बाद टीम की कमान टॉम लेथम हाथों है और न्यूजीलैंड ने चोटिल विलियमसन की जगह टीम में मार्क चैपमैन को शामिल किया गया है। श्रीलंका दौरे पर विलियमसन की जांघ में चोट लगी थी जो अब तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स कहा हमें जो सलाह दी गई है उसके हिसाब से केन को आराम करने की जरुरत है। चोट के साथ उन्हें टीम रखना जोखिम भरा हो सकता है। हमें पूरा भरोसा है कि केन चोट से जल्दी ही ठीक हो जाएंगे और श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### इंग्लैंड के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले बने रूट

**मुल्तान।** पाकिस्तान के साथ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में 77 रन बनाकर जो रुट इंग्लैंड के लिए सबसे जयादा टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है। रूट ने हमवतन पूर्व कप्तान सर एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड के लिए अब तक के सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट ने मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन 71 रन बनाकर कुक के 12,472 टेस्ट रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। 33 वर्षीय रूट अपना 147वां टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने कुक से 14 टेस्ट कम खेलकर यह कारनामा किया है और अब वह सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 2012 में नागपुर में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से अब तक 34 टेस्ट शतक लगा चुके हैं जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर 254 रन रहा है।

# भारत ने की गेंदबाजों की पिटाई, बरसाए रन

## रेड्डी और रिंकू की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने बनाए 221 रन

नई दिल्ली, एजेंसी

नीतिश कुमार रेड्डी की 34 गेंद में 74 रन की ताबड़तोड़ पारी और रिंकू सिंह (29 गेंद में 53 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उनकी 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैचों की शृंखला के दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया।

अपना दूसरा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेल रहे रेड्डी ने अपनी पारी में चार चौके और सात शानदार छक्के जड़े तो वहीं रिंकू ने पांच चौके और तीन छक्के लगाए। हार्दिक पंड्या ने 19 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 32 जबकि रियान पराग ने दो छक्के की मदद से छह गेंद में 15 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर दो विकेट लिये। तंजिम हसन और मुस्तफिजुर रहमान को भी दो-दो सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे रहे। रिशाद हुसैन ने 55 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर संजू सैमसन 10 रन बनाए, वहीं अभिषेक शर्मा 15 रन बनाए।

कप्तान सूर्यकुमार यादव (आठ) के छठे ओवर में मुस्तफिजूर रहमान की गेंद पर आउट होने के बाद भारत की मुश्किलें बढ़ गई थी लेकिन क्रीज पर आये रिंकू सिंह ने इस ओवर में चौका जड़ा जिससे पावर प्ले में भारत का स्कोर दो विकेट पर 45 रन हो गया। भारतीय टीम ने 10वें ओवर से 24 रन बटोर कर शतक पूरा किया। रेड्डी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। वह मुस्तफिजूर की गेंद पर मिराज को कैच देकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने से हालांकि भारतीय रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि हार्दिक पंड्या) ने क्रीज पर आते ही रिशाद के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ दिया। रिंकू ने तंजिम के खिलाफ 16वें ओवर में दो चौके और एक छक्का के साथ 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह तस्कीन की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर खड़े जाकेर अली के हाथों लपके गये। रियान पराग (छह गेंद में 15 रन) ने भी 19वें ओवर में तंजिम के खिलाफ दो छक्के जड़ने के बाद पवेलियन लौटे तो वहीं रिशान ने अंतिम ओवर में पंड्या को चलता किया। इस ओवर में अर्शदीप के छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 220 तक पहुंचा दिया।



108 रन की साझेदारी के दौरान विकेटों के बीच दौड़ लगाते रिंकू सिंह और नीतिश कुमार रेड्डी।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पारी: 221/9** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन का शंटो बो तस्कीन | 10 | 7 | 2/0 |
| अभिषेक शर्मा बो तंजिम | 15 | 11 | 3/0 |
| सूर्यकुमार का शंटो बो मुस्तफिजूर | 8 | 10 | 1/0 |
| नीतिश रेड्डी का मिराज बो मुस्ताफिजुर | 74 | 34 | 4/7 |
| रिंकू सिंह का जाकेर बो तस्कीन | 53 | 29 | 5/3 |
| हार्दिक का मिराज बो रिशाद | 32 | 19 | 2/2 |
| रियान पराग का महमुदुल्लाह बो तंजिम | 15 | 6 | 0/2 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |
| वरुण चक्रवर्ती का इमोन बो रिशाद | 0 | 2 | 0/0 |
| अर्शदीप सिंह का लिटन बो रिशाद | 6 | 2 | 0/1 |
| मयंक यादव नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 7, **गेंदबाजी :** मेहदी 3-0-46-0, तस्कीन 4-0-16-2, तंजिम हसन 4-0-50-2, मुस्तफिजूर रहमान 4-0-36-2, रिशाद हुसैन 4-0-55-3, महमुदल्लाह 1-0-15-0

## भारतीय महिलाएं पहुंचीं 170 के पार

दुबई, एजेंसी

- **महिला टी-20 विश्वकप : कप्तान हरमनप्रीत और मंधाना ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां**

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद (52) एवं स्मृति मंधाना के (50) अर्धशतकों की बदौलत भारत ने बुधवार को महिला टी-20 विश्वकप में श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट पर 172 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।

भारत ने आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा एवं स्मृति मंधाना ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी की। इस दौरान स्मृति ने अपने अर्द्धशतक (50) रन बना। जबकि शेफाली को अट्टापट्टू ने गुणारत्ने के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत ने मोर्चा संभाल लिया और आठ चौकों एवं एक छक्के की मदद से शानदार 52 रन बनाए। जेमिमा रॉड्रिग्स ने 16 रनों का योगदान दिया जबकि रिचा घोष छह रन पर कप्तान के साथ नाबाद रही।



<< अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलतीं स्मृति।

### स्कोर बोर्ड

**भारत महिला: 172/3** (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली का गुणारत्ने बो चामरी | 43 | 40 | 4/0 |
| स्मृति मंधाना रन आउट | 50 | 38 | 4/1 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 52 | 27 | 8/1 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का प्रबोधिनी को कंचना | 16 | 10 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 6 | 6 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 5, **गेंदबाजी :** प्रियदर्शिनी 2-0-11-0, सुगंदिका 3-0-29-0, प्रबोधिनी 3-0-32-0, कविशा 2-0-11-0, रणवीरा 3-0-26-0, चामरी 4-0-34-1, कंचना 3-0-29-1

# लक्ष्य आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में, मालविका भी आगे बढ़ीं

वांता (फिनलैंड), एजेंसी

- **सिंधू जल्दी हारकर हुईं बाहर, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची बंसोड**

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट पुरूष एकल के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जब उनके प्रतिद्वंद्वी रास्मस गेमके ने पहले दौर से नाम वापिस ले लिया।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में पराजय का सामना करने वाले सेन का सामना चीनी ताइपै के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन और फ्रांस के क्वालीफायर अर्नाड मेर्केल के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। क्वालीफायर किरण जॉर्ज की टक्कर चीनी ताइपै के जू वेइ वांग से होगी। इससे पहले कल दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू जल्दी हारकर बाहर हो गई लेकिन उदीयमान खिलाड़ी मालविका बंसोड ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपै की सुंग शुओ युन को हराकर महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू को कनाडा की मिशेले ली ने अंतिम 32 के मैच में 21-16, 21-10 से हराया। वहीं फरवरी में अजरबैजान इंटरनेशनल जीतने वाली बंसोड ने 21-19, 24-22 से जीत दर्ज की थी।

## ग्लोबल शतरंज लीग

### फाइनल से एक जीत दूर पीबीजी अलास्कन नाइट्स

**लंदन।** पीबीजी अलास्कन नाइट्स 18 मैच अंक की एकल बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है और ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के फाइनल में जगह पक्की करने से केवल एक जीत दूर है।

पीबीजी ने अब तक खेले अपने सात में से छह मुकाबलों में जीत दर्ज की हैं और वह त्रिवेणी और अल्पाइन एसजी पाइपर्स से छह अंक आगे है। नॉकआउट चरण से पहले तीन मैच शेष रहते हुए पीबीजी फाइनल दौर में स्थान सुनिश्चित करने की मजबूत स्थिति में हैं।

# भारत अंडर-19 टीम ने जीती शृंखला

चेन्नई, एजेंसी

- **दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 120 रन से हराया**



<< विकेट लेने के बाद अनमोलजीत सिंह के साथ जश्न मनाते साथी।

अनमोलजीत सिंह (नौ विकेट) और मोहम्मद एनान (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 277 पर समेटने के बाद उसे दूसरी पारी में 95 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 120 से जीता और शृंखला पर कब्जा जमाया।

ऑस्ट्रेलिया ने कल के तीन विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का चौथा विकेट पर 208 के स्कोर पर ली यंग (66) के रूप में गिरा। यंग को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिश्चियन होवे (4) पर रनआउट हो गये। ऐडन ओ''कॉनर (18) को समर्थ नागराज ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान कप्तान ऑलिवर पिक ने अपना शतक पूरा किया। ऑलिवर को अनमोलजीत ने बोल्ड आउट किया। ऑलिवर ने 199 गेंदो में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (117) रन बनाये। ओली पैटरसन (12), एल रानाल्डो (2), विश्व रामकुमार (4) रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी 80.2 ओवर में 277 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अनमोलजीत सिंह और मोहम्मद एनान ने चार-चार विकेट लिये। समर्थ नागराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बॉलीवुड हलचल



### 250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभाई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। उन्होंने पिता-पुत्र की दोहरी भूमिका निभाई है। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने 12 दिनों में भारतीय बाजार में 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने 12 दिनों में 252 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

### फिल्म ऊंचाई ने मुझे नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया : सूरज बड़जात्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार सूरज बड़जात्या का कहना है कि फिल्म उंचाई ने उन्हें नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सूरज बड़जात्या को फिल्म उंचाई के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर सूरज बड़जात्या ने खुशी जताई है। सूरज बड़जात्या ने कहा ऊंचाई उस तरह की फिल्म नहीं थी जिसकी लोग मुझसे उम्मीद करते थे। इसमें मेरे पिछले कामों जैसी भव्यता नहीं थी, लेकिन यह विषय मेरे दिल से आया था। मैंने उंचाई को नहीं चुना, बल्कि ऊंचाई ने मुझे चुना ।यह पुरस्कार उस यात्रा की सही पराकाष्ठा है। इस फिल्म ने मुझे शाब्दिक और रचनात्मक दोनों तरह से नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया ।ऊंचाई के निर्माण के दौरान मेरी पूरी कास्ट मेरी रीढ़ थी। मुझ पर और फिल्म पर उनका विश्वास और ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को सहने की, उनकी इच्छा ने, इस यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया ।मैंने अभी तक काम पूरा नहीं किया है . कहने के लिए और भी कई कहानियां हैं और पहुंचने के लिए और भी कई ऊंचाईयां हैं। मैं यह पुरस्कार राजश्री प्रोडक्शंस को समर्पित करता हूं, जो अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।



### बादशाह ने इंडियन आइडल 15 से वापस लिया नाम

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने रैपर-गायक बादशाह के इंडियन आइडल 15 से अपना नाम वापस लिए जाने की चर्चा है। इंडियन आइडल अपने सीजन 15 के साथ वापसी करने के लिए तैयार है। इस सीजन की शुरुआत एक बड़े ट्विस्ट के साथ हुई, क्योंकि रैपर बादशाह ने जजिंग पैनल पर कुमार सानू की जगह ली। बादशाह के अलावा, श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी भी जज के रूप में शामिल किए गए। जैसे ही बादशाह के शो में जज बनने की खबर सामने आई, उन्हें जमकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और उन्हें शो को जज करने के लिए अयोग्य भी करार दिया गया। चर्चा है कि बादशाह ने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। कहा जा रहा है कि ट्रोल्स से उन्हें काफी बुरा महसूस हुआ जो उन्हें जज के रूप में अयोग्य बता रहे थे।



# सिनर ने शेल्टन को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

शंघाई, एजेंसी

## शंघाई मास्टर्स



यानिक सिनर ने बुधवार को यहां शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में बेन शेल्टन को 6-4, 7-6 (1) से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब सिनर का सामना पांचवीं रैंकिंग पर काबिज दानिल मेदवेदेव से होगा जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया।

दूसरे वरीय कार्लोस अल्काराज ने फ्रांस के अनुभवी गेल मोंफिल्स को 6-4, 7-5 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अब वह टॉमस माचाक से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में दो बार की गत चैम्पियन आर्यना सबालेंका ने 37वीं रैंकिंग की कैटरीना सिनियाकोवा को दूसरे दौर में एक घंटे 34 मिनट में 6-4, 6-4 से पराजित किया। अब बेलारूस की खिलाड़ी कजाखस्तान की युलिया पुतिंतसेवा से भिड़ेंगी। पुतिंतसेवा ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता डोना वेकिच को 6-4, 3-6, 6-4 से शिकस्त दी। चाइना ओपन की चैम्पियन कोको गॉफ ने बुल्गारिया की विक्टोरिया टोमोवा को 75 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया जबकि हेली बापटिस्टे ने 10वीं रैंकिंग बारबोरा क्रेजसिकोवा को 6-3, 7-5 से हराया। मागडालेना फ्रेच ने आठवीं रैंकिंग की एम्मा नावारो को दो घंटे में 6-4, 3-6, 6-3 से मात दी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

